सुप्रभात
रांची, रविवार
07.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 291 12




वेलकम 3 में काम करेंगी नंदिनी गुप्ता


BIOME®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान
"है जहाँ विद्यार्थियों का विश्वास और आस,
वह बनाता है बायोम को खास"

Legacy of BIOME Continues....

एक शहर, एक संस्थान और 15 नये बैच की एक साथ शुरूआत

We thank parents and students for their Continuous Support and Trust in BIOME



BIOME CLASSROOM HIGHLIGHTS




Get upto 100% Scholarship by Appearing in BIOME Scholarship Exam.
Exam Date - 8th, 9th & 10th May, 2023
For Batches Starting from 11th May, 2023. ...Limited Seats Available...

**Pre-Foundation**
(IXth moving students) &
(Xth moving students)
Starting from 11th May, 2023

**Fresher**
(12th moving students)
For NEET 2024
Started from 4th May, 2023

**Foundation**
(11th moving students)
For NEET 2025
Starting from 11th May, 2023

**Target**
(12th passed students)
For NEET 2024
Starting from 11th May, 2023

Coaching + Schooling + Residential & Fooding Facility under One Roof

7360066185 / 86 / 87 / 88 / 89 / 90 / 91 / 92

CORPORATE OFFICE : Shivpuri (Kilburn Colony), Opp. Spring City Mall, Hinoo, Ranchi | BRANCH OFFICE : New Nagratoli, Near Women's College, Science Block, Ranchi

www.biomeinstitute.in youtube.com/biomeinstitute facebook.com/biomeinstitute/ LIBRARY SCHOOL HOSTEL TRANSPORT
Managed by third party

## निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के व्हाट्सप चैट से हुआ खुलासा

# करोड़ों कैश खपाने में सारथी बना था दिल्ली का चार्टेड एकाउंटेंट मुकेश

**सड़क मार्ग से पकड़े नहीं जाएं, इसके लिए ट्रेन से लेकर जाते थे करोड़ों रूपए**

**हवाला कारोबारी रवि वाधवानी के जरिए होता था लेनदेन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की काली कमाई को खपाने में दिल्ली का चार्टेड एकाउंटेंट मुकेश मित्तल सारथी बन गया था। इसके बाद हवाला कारोबारी रवि वाधवानी ब्लैक राशि को व्हाइट में बदलने का काम करता था। इडी जांच में इसका खुलासा तब हुआ, जब इडी ने वीरेंद्र राम के जब्त फोन से व्हाटसप्प चैट निकाला। इडी, अब मुकेश मित्तल को समन भेजकर पूछताछ करने की योजना बना रही है।

**कुलदीप संस, रांची से कैश में खरीदी थी डेढ़ लाख रुपये की घड़ी :** इडी जांच में यह पता चला कि निलंबित वीरेंद्र राम और उसके परिजनों ने टेंडर मैनेज करने के लिए रिश्वत में मिले पैसों से खूब ऐश किया है। वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी ने रांची में कुलदीप संस से 1 लाख 48 हजार रुपए की राडो घड़ी अपने लिए खरीदी थी, जिसका कैश में पेमेंट किया गया था। इतना ही नहीं दिल्ली में खरीदी गई प्रॉपर्टी के लिए वीरेंद्र राम और उसका रिश्तेदार आलोक रंजन कैश लेकर ट्रेन से सफर करते थे। जांच में यह भी बात सामने आई है कि बबलू सिंह नामक एक व्यक्ति के द्वारा 3 करोड़ रुपए फॉर्च्यूनर से ले जाया गया था।


निलंबित सीई वीरेंद्र राम

### ₹125 करोड़ से अधिक की चल-अचल संपत्ति अर्जित की

गौरतलब हो कि इडी इसी वर्ष 14 अप्रैल को टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इडी ने वीरेंद्र राम की अस्थायी रूप से 39.28 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। ये संपत्ति वीरेंद्र राम और उनके परिवार के सदस्यों की है। जिन संपत्तियों को इडी ने जब्त किया है, उनमें फार्म हाउस, फ्लैट, डुप्लेक्स, बंगला, दिल्ली, जमशेदपुर और रांची में जमीन और करीब 36 लाख रुपये के सामूहिक बैलेंस वाले तीन बैंक खाते शामिल हैं। वीरेंद्र राम ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 125 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति अर्जित की है।

# परिवारवाद व भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है झारखंड की जनता : दीपक प्रकाश

## पाकुड़िया प्रखंड प्रमुख कालीदास मरांडी समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को संथाल परगना क्षेत्र के पाकुड़ जिलांतर्गत पाकुड़िया प्रखंड प्रमुख कालीदास मरांडी के नेतृत्व में दर्जनों झामुमो नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने सदस्यता दिलाई। मौके पर डॉ प्रदीप वर्मा, अमृत पांडेय और तपन मंडल भी उपस्थित थे। कालीदास मरांडी के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में जतन मरांडी, ढेना मरांडी, कालीदास मुर्मू, सागर मुर्मू, श्रीलाल मुर्मू, मिकाइल हेंब्रम, एनाइल हेंब्रम, महेश्वर टुड्डू, राकेश मरांडी प्रमुख रूप में शामिल हैं।

मौके पर दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य की दुर्दशा देखकर अब झामुमो के समर्पित कार्यकर्ताओं में भी बेचैनी है और अब वे भी भ्रष्टाचार और परिवारवाद से झारखंड को मुक्ति दिलाना चाहते हैं। झामुमो परिवारवाद, भ्रष्टाचार का पोषक है। सहयोगी कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की जननी है। इसलिए झारखंड के हित की चिंता करने वाले, झारखंड को विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा करने वाले लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा इसके पहले संथाल परगना के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुफल मरांडी ने भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि झामुमो के नेतृत्व में आज संथाल परगना लूट और आतंक का गढ़ बन गया है।


इस दौरान सुफल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों ने प्रदेश कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की।

## कांग्रेस के जिला प्रभारियों, महासचिवों व कार्यकारी अध्यक्षों की हुई बैठक, मिला टास्क

# कांग्रेस के लिए 2024 की लड़ाई होगी निर्णायक बूथ को सशक्त बनाना जिम्मेदारी : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सभी जिलों के जिला प्रभारी, प्रदेश महासचिवों एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारी अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को हुई। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के मार्गदर्शन में लगातार संगठन सशक्तिकरण का अभियान चलाया जा रहा है। हमें 2024 की तैयारी को मद्देनजर रखते हुए बूथ स्तर तक अभी से ही सशक्त बनाना है। इसलिए अबतक गठित जिला एवं प्रखंड समितियों के साथ-साथ मंडल समितियों का पूर्ण गठन आठ मई तक पूरा कर लेना है और इनकी सूची प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जमा करवा देना है। उन्होंने कहा कि 2024 की लड़ाई निर्णायक लड़ाई है। इसलिए हमें पूरी मुस्तैदी के साथ पार्टी कार्यक्रमों के आयोजन के साथ साथ डिजिटल सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर पार्टी के साथ जोड़ना है। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि 12 मई से वो अपने प्रभार क्षेत्र के जिलों का दौरा करेंगे और पंचायत, वार्ड, मंडल एवं जिला के नव गठित समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समितियों का सत्यापन भी करेंगे।


वर्चुअली बैठक करते राजेश ठाकुर

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा दीपू, सुरेंद्र सिंह, चंद्रशेखर शुक्ला, जवाहरलाल महथा, मदन महतो, कुमार गौरव, अजयनाथ शाहदेव, रविंद्र वर्मा, विनोद कुशवाहा और गजेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

**प्रदेश अध्यक्ष का जिला दौरा कार्यक्रम की शुरूआत पूर्वी सिंहभूम से :** उन्होंने सभी अध्यक्षों को निर्देश दिया की वो खुद सभी जिलों में आगामी 11 मई से प्रवास करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि सभी जिला अध्यक्ष उनके जिला दौरा कार्यक्रम के पूर्व अपने जिला के सभी प्रखंड का दौरा कर लें। प्रदेश अध्यक्ष का जिला दौरा कार्यक्रम की शुरूआत पूर्वी सिंहभूम जिले से होगी।

## मामला पलामू जेल में बंद एक मनरेगा मजदूर का, जांच की मांग

# जेल में रहने के बाद भी खाते में आती रही मनरेगा मजदूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मनरेगा योजना सरकार की ओर से गरीब व मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें संबल प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन इसे भी भ्रष्टाचार का बड़ा जरिया बना लिया गया है। जिले के तरहसी प्रखंड के अति सुदूरवर्ती गोइंदी पंचायत में एक मनरेगा मजदूर जेल में बंद रहा, लेकिन पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं मुखिया की मिलीभगत से बकायदा उसकी उपस्थिति दर्ज कराई गई और उसके नाम से पेमेंट भी करा दिया गया।

**जेल में रहते हुए तीन बार में मिला 5688 रुपए :** बताते चलें कि 24 अक्टूबर 2022 को उदेश कुमार यादव पिता सिधारी यादव को अपहरण के मामले में पुलिस ने जेल भेज दिया था। उदेश एक मई 2023 तक जेल में रहा। इस दौरान वह बतौर मनरेगा मजदूर मजदूरी भी करता रहा। दो मई को उसकी जमानत हुई। इस बीच तीन फरवरी 2023 को उसके खाते में 1422 रुपए का पहला मनरेगा मजदूर का पेमेंट आया। इसके बाद 10 फरवरी को इतनी ही राशि का दुबारा भुगतान हुआ। अंत में 27 फरवरी 2023 को 2844 रुपए का भुगतान पुनः किया गया।

**मुखिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग :** गोइंदी उपमुखिया उर्मिला देवी ने सभी दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनकी पंचायत में मृत और अंडर एज को भी मनरेगा मजदूर बनाकर भुगतान कर दिया जाता है और फिर अवैध तरीके से पैसे की निकासी कर ली जाती है।

## खबर एक नजर में

### आज रांची आयेंगे प्रदेश जदयू प्रभारी अशोक चौधरी

**रांची।** झारखंड में जदयू अपनी सियासी जमीन तलाशने की कवायद में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी रविवार को दो दिवसीय दौरे पर सेवा विमान से पटना से रांची आएंगे। इस दौरान जदयू कोर कमिटी के सदस्यों एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान व संगठन की समीक्षा करेंगे। राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उक्त जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने दी।

### आतंकी हमले में सेना के जवानों की मौत चिंताजनक : सीपीआइएम

**रांची।** सीपीआईएम ने जम्मू कश्मीर के पूंछ सेक्टर में सेना के वाहन पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले की कड़ी भर्त्सना की है। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि कायराना हमले में सेना के पांच जवानों को अपने प्राण गंवाने पड़े है। अभी पिछले ही दिनों जम्मू-कश्मीर के रजौरी सेक्टर में भी आतंकी हमले में सेना के 5 जवानों को जान गंवानी पड़ी थी। देश में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में किसी प्रकार के समझौते की गुंजाइश नहीं है। आतंकी हमले की पूरी जांच होनी चाहिए और किन परिस्थितियों में इस प्रकार का जघन्य आतंकवादी हमला हुआ। इससे सबक लेते हुए आतंकवाद से और बेहतर तरीके से निपटने की तैयारी होनी चाहिए।

# विधायक की अनुशंसा से बनाये जायेंगे 30 करोड़ रुपये तक की लागत से ग्रामीण सड़क

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के बाद राज्य संपोषित योजना से इस साल 30 करोड़ लागत तक की ग्रामीण सड़क का निर्माण कराया जायेगा। ग्रामीण कार्य विभाग ने सभी ग्रामीण पथ प्रमंडलों को सूचित किया है। 30 करोड़ लागत तक की योजनाओं के लिए विधायकों से अनुशंसा भी प्राप्त करने को कहा गया है। विगत वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ तक की योजनाओं की अनुशंसा की गयी थी, लेकिन अब इसे 20 करोड़ तक बढ़ा दिया गया है।



बता दें कि पूर्व के वर्षों में विधायकों से 10 से 15 किमी तक ग्रामीण सड़क बनाने की अनुशंसा ली जाती थी। विधायक रोड निर्माण के लिए स्थल चयन करके भेजते थे लेकिन किमी के बजाए राशि का प्रावधान किया गया है। इस राशि के अंदर लंबाई व लागत के अनुरूप सड़कों का निर्माण हो सकेगा। यानि एक किमी रोड निर्माण में अगर एक करोड़ खर्च होता है तो 20 करोड़ लागत में 20 रोड और बीस किमी तक रोड बन सकेगा। यह नियम विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भी उन विधानसभा क्षेत्रों के लिए लागू है जहां अनुशंसा नहीं ली जा सकी। ग्रामीण कार्य विभाग ने इंजीनियरों को कहा है कि वे अविलंब से विधायकों से संपर्क कर सड़क निर्माण के लिए अनुशंसा प्राप्त करें ताकि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त अनुशंसाओं का बरसात के पहले डीपीआर इत्यादि तैयार किया जा सके। बारिश के दौरान टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर अगस्त-सितंबर से काम प्रारंभ कराया जा सके।

# झारखंड में कोल इंडिया के 20 हजार ठेका मजदूरों को मई से मिलेगा वेतन वृद्धि लाभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ठेका मजदूरों के वेतन वृद्धि से संबधित आदेश कोयला मंत्रालय ने केंद्रीय श्रमायुक्त के माध्यम से कोयला कंपनियों को जारी कर दिया है। कोयला मंत्रालय के इस आदेश के बाद कोल इंडिया के लगभग 90 हजार ठेका मजूदर लाभान्वित होंगे। मंत्रालय की ओर से जारी आदेश की मानें तो सभी कंपनियों के विभिन्न संवर्गों के श्रमिकों के लिए नयी मजदूरी दर एक अप्रैल से लागू करने का निर्देश दिया है। दर 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2023 तक के लिए जारी की गयी है।

बता दें हर छह महीने में कोयला मंत्रालय की ओर से ठेका मजदूरों के लिए डियरनेस अलाउंस जारी की जाती है। इस बार 35 से 59 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। बता दें सिर्फ धनबाद स्थित बीसीसीएल की मानें तो यहां लगभग 6 हजार ठेका मजदूर हैं जो वेतन वृद्धि का लाभ उठायेंगे। इस संबध में बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल समेत अन्य कोयला कंपनियों को आदेश जारी कर दिया गया है।

आदेश जारी होने के बाद मई से मजदूरों को वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। कोयला कंपनियों में अलग-अलग वर्गों में मजदूरों को बांटा गया है। जिसकी चार श्रेणियां है। इसमें अनस्किल्ड, सेमी स्किल्ड, स्किल्ड और हाई स्किल्ड है। मजदूरों को वेतन वृद्धि का लाभ इसी के आधार पर दिया जायेगा। ठेका कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन 1042 और अधिकतम 1161 रुपये मिल रही थी। झारखंड की बात करें तो बीसीसीएल के खदानों पर लगभग 6100 मजदूर, ईसीएल में लगभग 7000, सीसीएल में 6500 मजदूर है।

### कोल इंडिया के नवनियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिले गिरिडीह सांसद, दी बधाई



**रांची।** गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी शनिवार को कोल इंडिया के नवनियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिले और उन्हें बधाई दी। गिरिडीह सांसद ने कोल इंडिया के चेयरमैन से कोयला क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। गिरिडीह सांसद ने उनसे झारखंड के कोयला क्षेत्र को लेकर विशेष रुप से ध्यान देने और समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर रहने की अपेक्षा जताई। गिरिडीह सांसद ने यह आशा जतायी कि कोल इंडिया चेयरमैन के रूप में पीएम प्रसाद झारखंड के कोयला क्षेत्र के विस्थापन, विस्तार, रैयतों व संबंधित समस्याओं के निराकरण की दिशा में सकारात्मक रूप से सजग रहकर काम करेंगे। उन्होंने सांसद को आश्वस्त किया कि झारखंड की बेहतरी को लेकर उनका समुचित और गंभीर प्रयास बना रहेगा।

### टुंडी विधायक मथुरा महतो ने पीएम प्रसाद को कोल इंडिया चेयरमैन बनने पर बधाई दी



**रांची।** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कोल इंडिया के नव नियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद को बधाई दी। उन्होंने सीसीएल, बीसीसीएल और इसीएल के झारखंड के हिस्सा की वर्तमान स्थिति और भविष्य पर चर्चा की। कोयला खनन क्षेत्र के विस्तार और रैयत विस्थापितों की समस्या एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर उन्होंने कई सुझाव दिए और उनका ध्यान आकृष्ट कराया। सीएसआर मद की राशि को शिक्षा और ग्रामीण इलाकों के विकास पर खर्च करने को उन्होंने प्राथमिकता के साथ कार्य करने की बात कही। सीएमडी की पत्नी विमला प्रसाद के साथ भी विधायक ने कृषि क्षेत्र की संभावनाओं पर चर्चा की। पीएम प्रसाद से सीसीएल संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने भी मुलाकात की।


**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**फ्राई कैचिंग नेट आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में फ्राई कैचिंग नेट आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजना के अन्तर्गत निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट की आपूर्त्ति किया जाना है। इस प्रयोजनार्थ जाल आपूर्त्तिकर्त्ताओं से जिला के वेबसाइट में दी गई आवश्यक शर्त्तों के अधीन अति अल्पकालीन दर निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक जाल आपूर्त्तिकर्त्ताओं से जाल आपूर्त्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 17.05.2023 को अपराहन् 02:00 बजे दिन तक जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में स्वीकार किया जायेगा। निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्त्ते जिला कोडरमा के NIC Website- https://koderma.nic.in/ एवं जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

1. फ्राई कैचिंग नेट का अधिकतम स्वीकृत राशि। मो0– 2,000/– रूपये मात्र प्रति निबंधित मत्स्य बीज उत्पादक के अंतर्गत होगा।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य :– मो0 1,500.00 (एक हजार पाँच सौ रूपये) मात्र
3. परिमाण विपत्र क्रय करने की तिथि :– दिनांक 12.05.2023 एवं 13.05.2023 (कार्यालय कार्य अवधि में)
4. निविदा डालने की तिथि व समय :– दिनांक 17.05.2023 अपराहन् 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– 18.05.2023 अपराहन् 12:30 बजे।
6. निविदा खोलने का स्थान :– जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा का सभागार।

उप मत्स्य निदेशक, कोडरमा

PR 296630 (Fish)23-24*D

**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**मत्स्य अण्ड बीज (स्पॉन) की आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण-सूचना**

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखंड, राँची के पत्रांक– 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/ आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि विभिन्न योजनान्तर्गत भारतीय मेजर कॉर्प (रोहू, कतला, मृगल)/विदेशी कॉर्प (ग्रास कॉर्प, कॉमन कॉर्प) का मत्स्य अण्ड बीज (स्पॉन) की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2023–24 के अंतर्गत किया जाना है। इच्छुक मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/ आपूर्तिकर्त्ताओं/स्थानीय हैचरी संचालकों से स्पॉन आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 17.05.2023 के अपराहन् 02:00 बजे दिन तक जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा। निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्त्ते जिला कोडरमा के NIC Website- https://koderma.nic.in/ एवं जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के सूचना– पट्ट पर देखा जा सकता है।

1. मत्स्य अण्ड बीज का अधिकतम सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 550/– रूपये प्रति लाख परिवहन व्यय सहित।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य :– मो0 6,000.00 (छः हजार रूपये) मात्र।
3. परिमाण विपत्र क्रय करने की तिथि :– दिनांक 12.05.2023 एवं 13.05.2023 (कार्यालय कार्य अवधि में)
4. निविदा डालने की तिथि व समय :– दिनांक 17.05.2023 अपराहन् 02:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– 18.05.2023 अपराहन् 12:30 बजे।
6. निविदा खोलने का स्थान :– जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा का सभागार।

उप मत्स्य निदेशक, कोडरमा

PR 296628 Fish (23-24)_D

**कार्यालय - जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार**

**बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार ई मेल deolatehar1@gmail.com/rmsaltr@gmail.com**

**आम - सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612/2022 के मामले में पारित न्यायादेश दिनांक 15.12.2022 के क्रमांक –4 एवं क्रमांक –5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या –21/2016 अन्तर्गत संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा –2016 (मुख्य) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर विषयवार चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा कार्यालय को प्राप्त है के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों का (विषयवार) दिनांक 10.05.2023 एवं 11.05.2023 को जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, स्थानीय, जाति, आधार एवं अन्य प्रमाण पत्रों की भौतिक जाँच की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विषय | नाम एवं अनुक्रमांक | प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | इतिहास/नागरिकशास्त्र | मधु कुमारी – 21111200857, कमराज पाण्डेय – 28143250091, स्वेता कुमारी – 27114230356, बिमलेश कुमार पाठक – 28173263820, प्रदीप राम – 28159257907, नरेश पासवान – 28176265118, चन्दन दास – 28127240847, रजनी कुमारी – 28141249428 एवं निवास कुमार सिंह – 28117235626 | 10.05.2023 |
| 2 | अंग्रेजी | प्रिया कुमारी – 11117115265, मोमीता विश्वास – 11116115030, दोमिनिका अमृता टेटे – 21120204672 एवं कुमार गौरव – 11123119718 | 10.05.2023 |
| 3 | कुडूख | संगीता कुमारी – 22114206407, सती कुमारी – 31115280101, लक्ष्मी उराँव – 22117208360, रीता कुमारी – 16126169685, अखिलेश किण्डो – 18117181863, बिरसी कुमारी – 11121118785, निरंजन उराँव – 11132124734, राजेश तिर्की – 16132172686, सरिता कच्छप – 19138197291, सुमन कुमारी – 26111221977 एवं सरोज उराँव – 19112184451 | 10.05.2023 |
| 4 | वाणिज्य | आशीष कुमार चौरसिया – 15112156872, पवन कुमार सिंह – 26120225806, विवेक जयसवाल – 11128122855, सर्वेश्वर सिंह – 22114206173, प्रदीप प्रसाद – 24119216613, अभिनाश कुमार ओझा – 18116181102, शशि कुमार दास – 14146151509, सुनिल कुमार उराँव – 15124161806, स्वेता मिंज – 16123167873, मनोज कुमार दास – 22116207856, सुनिल एक्का – 15118159589, रोज मेरी मिंज – 16120166849 एवं अजय प्रदीप कुजूर – 15124161688 | 10.05.2023 |
| 5 | भूगोल | अतुल कुमार अस्थाना – 17113177770, उज्ज्वल कुमार सिंह – 11120117711, विमला कच्छप – 19113185480, सुशील मिंज – 14149152453, आशा एरेन टोप्पो – 19132193859 एवं रेणु कुमारी – 25112219115 | 10.05.2023 |
| 6 | अर्थशास्त्र | अवनिन्द्र कुमार मिश्रा – 13120134777, रेणु कुमारी – 11112112115, संध्या गुप्ता – 11135127131, राहुल कुमार – 11123119991, मनोज कुमार – 26122226309 एवं बीरू आनन्द उराँव – 32115282769 | 11.05.2023 |
| 7 | जीव विज्ञान एवं रसायन शास्त्र | आर्यन – 14129143139 | 11.05.2023 |
| 8 | गणित / भौतिकी | रूपेश कुमार – 22116208115, संजय मिस्त्री – 11131124004 एवं पिन्कु कुमार – 26113222810 | 11.05.2023 |
| 9 | हिन्दी | निपुन कुजूर – 19112184509, प्रियंका कुजूर – 14154154731, सुषमा कुमार टोप्पो – 32114282451, कुमारी उर्मिला – 29117272087, अरबिन्द दास – 11113113404, किरण कुमारी – 30116274918, सोनी कुमारी – 19119188343, चन्द्रकान्त राम – 12111128610, संदीप कुमार यादव – 18118182502 एवं ललित कुमार गुप्ता – 21119203785 | 11.05.2023 |

उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी प्रमाण पत्रों एव अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति तथा 02 सेट स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रांक :–
दिनांक :–

जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार

PR 296671 Human Resource Developement (23-24)_D

सुप्रभात
रांची, रविवार
07.05.2023
नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 291 12



वेलकम 3 में काम करेंगी नंदिनी गुप्ता

## न्यूज डायरी

### महिला होमगार्ड के कॉन्स्टेबल की हत्या

**सरायकेला।** कुचाई थाना क्षेत्र के कल्याण अस्पताल के सामने अज्ञात अपराधियों ने दुकान चलाने वाली एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी। कुचाई की नम्रता सामड़ (35) झारखंड होमगार्ड की कॉन्स्टेबल है।

### दुर्घटनाओं में तीन की मौत, पत्रकार घायल

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में शनिवार को कहीं सड़क दुर्घटना में मौत तो कहीं अगलगी की घटना में भारी नुकसान हुआ। रांची-पटना मुख्य मार्ग के कोठार फोरलेन पर दो दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी। समाहरणालय के निकट सड़क दुर्घटना में एक पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गये।

### झारखंड ने उत्तराखंड को 4-0 से हराया

**रांची।** हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड की महिला टीम ने शानदार जीत के साथ शुरुआत की। झारखंड ने अपने पहले मैच में शनिवार को उत्तराखंड की टीम को 4-0 से परास्त किया।

### पति की हत्या कर पत्नी ने थाने में किया सरेंडर

**पश्चिमी सिंहभूम।** चक्रधरपुर प्रखंड के टोकलो थाना स्थित हतनाबेड़ा में धारदार हथियार से पत्नी ने पति की हत्या कर दी। आपसी विवाद में सीमा होनहागा ने पति बुधराम सामड की हत्या कर दी।

### कर्नाटक में आयकर ने 15 करोड़ नकद पकड़ा

**बेंगलुरु/नयी दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग ने बड़े पैमाने पर नकदी और ज्वैलरी जब्त की है। विभाग ने राजधानी बेंगलुरु और मैसूर में कई ठिकानों पर छापेमारी कर 15 करोड़ नकद और पांच करोड़ मूल्य के आभूषण जब्त किये हैं।

### कर्ज के लिए झूठे दावे करने लगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** आइएमएफ से पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। एजेंसी ने नकदी संकट में फंसे पाक सरकार के दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ऋण सुविधा के तहत धन जारी करने को उसने आईएमएफ की सभी शर्तों को पूरा कर लिया है।

### नेपाल में भूस्खलन, चार बिहारी श्रमिकों की मौत

**किशनगंज।** नेपाल में भूस्खलन से बिहार के किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड क्षेत्र के 4 मजदूरों की मौत हो गयी। सभी मजदूर नेपाल के फिकल में पहाड़ी क्षेत्र में मजदूरी का काम करते थे।

### जजों को भी ट्रेनिंग की जरूरत : सीजेआइ

**नयी दिल्ली।** शनिवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालती कार्यवाही की नयी अपनायी गयी लाइव स्ट्रीमिंग पद्धति का एक दूसरा पहलू है और न्यायाधीशों को प्रशिक्षित करने की जरूरत है। इसमें उनके और वकीलों के बीच आदान-प्रदान सार्वजनिक डोमेन में जाता है।

### झारखंडी कला संस्कृति काफी समृद्ध : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को आर्यभट्ट सभागार में कहा कि हमारा झारखंड रगीत-संगीत, नृत्य, पारंपरिक कला आदि के क्षेत्र में अत्यंत ही समृद्ध है। इसकी न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी एक विशिष्ट पहचान है। वहीं हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति पूरे विश्व में सबसे अधिक समृद्ध है। उन्होंने कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में वहां की संस्कृति की अहम भूमिका होती है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## वीडियो कांफ्रेंसिंग से विशेष कोर्ट में हुई पेशी, इडी को छह दिनों की मिली रिमांड

# छविरंजन सस्पेंड, 12 तक होगी पूछताछ

■ झारखंड कैडर के 2011 बैच के आइएएस हैं छवि रंजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सेना की जमीन और अन्य भूमि घोटाले के आरोप में गिरफ्तार रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) छह दिनों तक पूछताछ करेगी। स्पेशल कोर्ट ने इसकी मंजूरी दे दी है। शनिवार को आइएएस छवि रंजन को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अदालत में प्रस्तुत किया गया था। इडी ने पूछताछ के लिए न्यायालय से दस दिन की रिमांड मांगी थी। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से एक आदेश जारी कर गिरफ्तार आईएएस अधिकारी छवि रंजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

**12 मई तक इडी करेगी पूछताछ :** शनिवार को छवि रंजन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इडी ने पूछताछ के लिए न्यायालय से छवि रंजन का दस दिन की रिमांड मांगी, पर न्यायालय ने छह दिन के रिमांड की इजाजत दे दी। अब अगले छह दिन यानी 12 मई तक तक छवि रंजन से इडी पूछताछ करेगी। पांच मई को ही इडी ने अदालत से छवि रंजन को रिमांड पर लेने के लिए आवेदन दिया था। कोर्ट में अवकाश रहने की वजह से रिमांड की मंजूरी शनिवार की सुबह मिली। इससे पहले शुक्रवार को छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद रांची सिविल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

### सरकार ने किया तत्काल प्रभाव से सस्पेंड, अधिसूचना जारी

**विवादित** जमीन की खरीद-बिक्री घोटाले में गिरफ्तार रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। छवि रंजन झारखंड कैडर के 2011 बैच के आईएएस हैं। वर्तमान में समाज कल्याण निदेशक हैं। वे निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) और राज्य नि:शक्तता आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार में भी थे। जारी आदेश में कहा गया है कि इडी द्वारा धन शोधन निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किये जाने के आलोक में अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1969 के नियम-3(3) के अंतर्गत तात्कालिक प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। शुक्रवार को इडी ने सीएस सुखदेव सिंह को छवि रंजन की गिरफ्तारी की अधिकारिक तौर पर दे दी थी।



#### कभी जेल का करते थे औचक निरीक्षण, अब...

छवि रंजन अब खुद उसी जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। जेल सूत्रों के अनुसार उन्हें रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अपर सेल डिवीजन में रखा गया। छवि रंजन की पूरी रात जेल के अंदर बेचैनी में बीती। जेल में शुक्रवार की रात खाने में छवि रंजन को दाल रोटी और आलू गोभी की सब्जी दी गयी थी लेकिन उन्होंने खाना बहुत कम खाया।

**पूजा, पीपी और पंकज मिश्रा भी हैं जेल में :** इडी के द्वारा गिरफ्तार किये गये निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, पावर ब्रेकर प्रेम प्रकाश (पीपी) और झामुमो नेता पंकज मिश्रा भी फिलहाल रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में ही बंद है।

### बड़गाईं के सीआइ पर भी एफआइआर की अनुशंसा

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड सरकार को पत्र लिखकर राजस्व पदाधिकारी (हल्का कर्मचारी) भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की अनुशंसा की है। भानु प्रताप वही हल्का कर्मचारी है, जिसके घर से जमीन घोटाले में हुई छापेमारी के दौरान हजारों सरकारी दस्तावेज और 17 रजिस्टर और नकदी बरामद हुए थे। चेशायर होम रोड की बेशकीमती भूमि की खरीद- बिक्री और म्यूटेशन में भी भानु प्रताप और बड़गाईं सीओ (अंचल अधिकारी) की भूमिका संदिग्ध है। इडी ने इस मामले में प्रदीप बागची, बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार भी किया है। फिलहाल सभी न्यायिक हिरासत में हैं।




फोटो : समीर

# रजौरी जाकर रक्षा मंत्री ने की घाटी की स्थिति की समीक्षा

■ जम्मू कश्मीर के बारामूला में लश्कर का एक आतंकी ढेर

**एजेंसी**

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थितियों की समीक्षा करने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे चुके हैं। उन्होंने वरिष्ठ सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों के साथ कश्मीर समेत जम्मू संभाग में इन दिनों सेना के कई ऑपरेशन चल रहे हैं। शनिवार को सुरक्षाबलों ने बारामूला इलाके में लश्कर से जुड़े एक आतंकवादी को मार गिराया। उसकी पहचान आबिद वानी के रूप में हुई। घाटी में जी-20 शिखर सम्मेलन प्रस्तावित है। इसे ले कर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यात्रा काफी अहम मानी जा रही है।

जम्मू कश्मीर पहुंचते ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सेना प्रमुख



जनरल मनोज पांडे के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। जम्मू हवाई अड्डे पर एलजी मनोज सिन्हा, उत्तरी कमान प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने रक्षा मंत्री की आगवानी की। इसके बाद वह सीधे राजोरी के पहुंचे। रक्षा मंत्री ने राजोरी स्थित सैना के डिवीजन मुख्यालय में जवानों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। रक्षा मंत्री ने आईबी और एलओसी के अलावा राजोरी-पुंछ में हुए हमलों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्हें कश्मीर समेत जम्मू संभाग में चल रहे सैन्य ऑपरेशनों के बारे में भी जानकारी दी गयी। एक पखवाड़े के भीतर राजोरी और पुंछ में दस जवान शहीद हो चुके हैं। वहीं बारामूला के करहामा कुंजर इलाके में सेना और आतंकवादियों के मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। उसकी पहचान आबिद वानी के रूप में हुई है। वह यारहोल बाबापोरा कुलगाम का रहनेवाला था। आबिद वानी आतंकवादी संगठन लश्कर से जुड़ा हुआ था। (शेष पेज 11 पर)

# सरकारी शिक्षकों को अब हर माह देनी होगी परीक्षा

## देने होंगे 20 सवालों के जवाब, गुमला से होगी शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की अब हर माह परीक्षा होगी। इस दौरान उन्हें 20 सवालों का जवाब देने होंगे। इसकी अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जिला के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रखंड संसाधन केंद्र समन्वयकों को दी है। इसके आलोक में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसकी शुरुआत गुमला जिले से की जा रही है।

### मूल्यांकन में शामिल नहीं होने वालों का कटेगा वेतन

आदेश में कहा गया है कि गुमला उपायुक्त की अध्यक्षता में 12 अप्रैल, 2023 को आयोजित मासिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही के आलोक में प्रत्येक माह गुरु गोष्ठी में शिक्षकों का मूल्यांकन कराया जाना है। इसके लिए 20 प्रश्न पत्र तैयार कर मूल्यांकन कराया जाना है। साथ ही, मूल्यांकन में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों का उस दिन का वेतन/मानदेय स्थगित करते हुए कार्रवाई की जानी है। इसके आलोक में अंकित करना है 6 से 13 मई, 2023 तक वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा तैयारी को देखते हुए मई, 2023 का मूल्यांकन कार्य आयोजित करना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए प्रश्न पत्र ससमय जिला कार्यालय द्वारा उपलब्ध करा दिया जायेगा। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है।

## मोचा का खतरा बढ़ा 5 दिनों का अलर्ट जारी

**नयी दिल्ली/हैदराबाद।** दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास के क्षेत्रों के ऊपर शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे चक्रवाती तूफान के प्रबल होने से तूफान आने आने का अनुमान जताया गया है। यह जानकारी देते हुए मौसम विभाग के महानिदेशक ने बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान आने का अनुमान जताया है। साइक्लोन मोचा के खतरे को देखते हुए ओड़िशा में पांच दिन के लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बंगाल की खाड़ी (बीओबी) के ऊपर चक्रवात बनने की संभावना जतायी है। साइक्लोन मोचा को लेकर ओडिशा में जिला कलेक्टरों को एडवाइजरी जारी की गयी है। उन्हें सतर्क रहने और तैयार रहने के लिए कहा गया है। आईएमडी के अनुसार, 8 मई, 2023 तक उसी क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने की संभावना है। पूवार्नुमान में कहा गया है कि निम्न दबाव का क्षेत्र 9 मई के आसपास बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में एक दबाव में केंद्रित होने की संभावना है।

## बिजली गुल, बोलती रहीं राष्ट्रपति, सुरक्षा पर उठे सवाल

# हमारे साथ लुका-छिपी खेल रही बिजली: मुर्मू

**एजेंसी**

**मयूरभंज।** ओड़िशा के मयूरभंज में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण के दौरान अचानक बिजली कट गयी। करीब 9 मिनट तक उन्होंने अपना भाषण जारी रखा। छात्र-छात्राएं उनका भाषण सुनते रहे। अंधेरे में अंधेरे के चलते राष्ट्रपति के सिक्योरिटी गार्ड्स भी नजर नहीं आ रहे थे। सपोर्ट स्टाफ भी मौके मौजूद नहीं था। ऐसे बड़े कार्यक्रम में बिजली कटने को लेकर राष्ट्रपति की सुरक्षा को ले कर भी सवाल उठने लगे। यह घटना न केवल राज्य सरकार के लिए शर्मिंदगी की वजह बनी, बल्कि इसने सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े कर दिये। अंधेरे में ही अपने भाषण के क्रम में श्रीमती मुर्मू ने मुस्कुराते हुए कहा, ऐसा लगता है कि बिजली हमारे साथ लुका-छिपी खेल रही है। (शेष पेज 11 पर)

**क्या बोलीं राष्ट्रपति :** भाषण के दौरान लाइट जाने पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बिजली हमारे साथ लुका-छिपी खेल रही है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ऐसा लग रहा है आज के इस कार्यक्रम को देख बिजली को भी



हमसे ईर्ष्या होने लगी है। हम अंधकार में बैठे हैं, लेकिन हम अंधकार और प्रकाश दोनों को समान रूप से लेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू ने छात्रों को संबोधित कहते हुए कहा कि सभी कॉम्पिटीशन में जीतने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए आपको बेहतर कौशल और अधिक दक्षता की तरफ बढ़ना होगा। आप अपनी शक्तियों से नामुमकिन को भी मुमकिन कर सकते हैं। मालूम हो कि राष्ट्रपति मुर्मू ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर की रहने वाली है। लोग उन्हें यहां की माटी की बेटी बुलाते हैं।

# किंग चार्ल्स-3 बने ब्रिटेन के महाराजा

## पहनाया गया राजमुकुट, भारत समेत दुनियाभर के 2,000 मेहमान बने साक्षी

**एजेंसी**

**लंदन।** वेस्टमिंस्टर एबे में महाराजा चार्ल्स-3 का ऐतिहासिक राज्याभिषेक हुआ। इसके साथ ही उन्हें और उनकी पत्नी कैमिला को आधिकारिक रूप से महाराज-महारानी का दर्जा मिल गया है। चार्ल्स (74) को एक धार्मिक समारोह में शनिवार को ब्रिटेन के महाराजा के रूप में कैंटरबरी के आर्चबिशप जस्टिन वेल्बी ने राजमुकुट पहनाया। यह राजमुकुट इंग्लैंड के महाराज की शक्ति का प्रतीक है। हालांकि, वह सितंबर



2022 से ही ब्रिटेन के महाराजा हैं। राज्याभिषेक में देश-विदेश के दो हजार मेहमानों को बुलाया गया है। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी अपनी पत्नी डॉ सुदेश धनखड़ के साथ लंदन पहुंचे। यहां उपराष्ट्रपति का बकिंघम पैलेस में आयोजित एक समारोह में स्वागत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने लंदन में होने वाले राज्याभिषेक समारोह से पहले किंग चार्ल्स-3 से मुलाकात भी की है। (शेष पेज 11 पर)

### सेवा लेने नहीं, सेवा करने आया हूं : किंग चार्ल्स

राज्याभिषेक समारोह में किंग चार्ल्स -3 ने वेस्टमिंस्टर एबे में कहा कि मैं यहां सेवा लेने नहीं सेवा करने आया हूं। इस दौरान आर्चबिशप ऑफ कैंटबरी ने इंग्लैंड में अलग-अलग धर्मों के लोगों की मौजूदगी पर बात करते हुए कहा कि चर्च ऑफ इंग्लैंड ' एक ऐसा माहौल बनाना जारी रखेगा जहां हर धर्म के लोग स्वतंत्रतापूर्वक रह सकें। इसके बाद किंग चार्ल्स को शपथ दिलायी गयी। किंग चार्ल्स ने अपने शासनकाल के दौरान कानून और चर्च ऑफ इंग्लैंड को बनाये रखने की होली गॉस्पेल पर हाथ थपथ ली। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक देश के पूर्व सात नेताओं के साथ यहां पहुंचे हैं। फ़्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडन भी मौजूद रहे।

# राज्याभिषेक में शामिल हो गोड्डा की बेटी ने बढ़ाया झारखंड का मान

■ यह बदलते समय और बदलती परंपरा का प्रतीक है : इरा दुबे

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** गोड्डा की बेटी इरा दुबे ने लंदन में शनिवार को ब्रिटेन के नये महाराज चार्ल्स-3 के राज्याभिषेक में शामिल हो कर झारखंड का मान बढ़ाया। परंपरा के अनुसार वेस्टमिंस्टर स्कूल लंदन के किंग्स स्कॉलर छात्र-छात्राएं जो अपनी प्रतिभा के आधार पर इस स्कॉलरशिप की परीक्षा में सफल होते हैं वो इस समारोह में भाग लेते हैं। झारखंड की बेटी इरा दुबे भी उनमें से एक थी। भारतीय मूल की इरा दुबे मूल रूप से झारखंड प्रांत के गोड्डा जिले के बंदनवार गांव से हैं। अभी वह लंदन के वेस्टमिंस्टर



स्कूल में पढ़ाई कर रही हैं। ब्रिटेन में रहने के बावजूद वह अपने भारतीय मूल और भारतीय मूल के निवासियों विशेषतया लड़कियों के विश्व स्तर पर बढ़ती भागीदारी से गौरवान्वित हैं। राज्याभिषेक समारोह में इरा ने किंग्स स्कॉलर के रूप में भाग लिया। (शेष पेज 11 पर)

## स्पीड न्यूज

### क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने सदर के पोलपोल समेत तीन विद्यालयों का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी के द्वारा सदर प्रखंड मेदिनीनगर के तीन विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिसमें पोलपोल संकुल के राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह तथा झाबर संकुल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुनेभी शामिल है। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी तिवारी ने बताया कि झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के निदेशानुसार राज्य भर के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों का योगात्मक मूल्यांकन शनिवार से जारी है। इसी कड़ी में विद्यालय स्तर पर विद्यालय में कक्षा 1 से 7 तक के सभी विद्यार्थीगण शतप्रतिशत उपस्थिति के साथ योगात्मक मूल्यांकन में सम्मिलित हों तथा विभाग के दिशा निर्देश के अनुसार मानक तरीके से विद्यालय स्तर पर मूल्यांकन का कार्य हो, यह सुनिश्चित करने हेतु उनके स्तर से विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में अन्य विद्यालयों समेत राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल का भी निरीक्षण किया गया। विद्यालय में शिक्षकों व बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति एवं विभागीय निर्देशानुसार योगात्मक मूल्यांकन में सम्मिलित शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए गए मध्याहन भोजन की गुणवत्ता को भी सराहा। उन्होंने कहा कि पोलपोल बुनियादी विद्यालय का छात्र हित में किया गया कार्य अन्य विद्यालयों के लिए आदर्श व अनुकरणीय है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार शुक्ल ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारी ने बाल संसद के सदस्यों से भी बात की। बाल संसद की सक्रिय सहभागिता से काफी प्रभावित हुए। विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रार्थना सभा में क्विज एवं समाचार वाचन को लेकर बाल संसद के उप प्रधानमंत्री हरिनंदन पाल ने क्वीज व समाचार संकलन का रजिस्टर पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर उनका हस्ताक्षर भी लिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक राम उपेंद्र पाण्डेय,प्रेमचंद कुमार तथा रवींद्र कुमार पाल उपस्थित थे।

### मेदिनीनगर : विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर कल

**मेदिनीनगर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस समारोह आठ मई को मनाया जायेगा। इसे लेकर भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी पलामू द्वारा सदर अस्पताल चौक स्थित आईएमए हॉल में इसी दिन रक्तदान शिविर का आयोजन दिन के 10 बजे से किया गया है। इसकी जानकारी रेडक्रॉस सोसाईटी के सचिव डा सत्यजीत गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान शिविर को सफल बनाकर इच्छा से रक्तदान करें।

### जेनिथ फ्यूचर स्कूल का मना 12वां स्थापना दिवस




**मेदिनीनगर।** कन्नीराम चौक स्थित जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल का 12वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य अजय श्रीवास्तव तथा एसोसिएशन के कार्यालय सचिव सह मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के बच्चों के द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत गान गाकर किया गया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुती दी गई। विद्यालय के प्राचार्य अजय श्रीवास्तव ने स्कूल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल का सफर बहुत संघर्षपूर्ण रहा है। बावजूद स्कूल के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों और बच्चों के सहयोग के कारण ही विद्यालय परिवार अपना सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूरा कर सका है। 12 वर्ष पूरे होने की खुशी में विद्यालय द्वारा स्मार्ट क्लास की शुरूआत की गई, जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा मिल सके। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अविनाश वर्मा ने कहा कि स्कूल की हर गतिविधियों में भाग लेना विद्यार्थियों का कर्तव्य होता है। इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है और सीखने की प्रक्रिया में कभी बिछड़ना नहीं चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के कई टिप्स दिए। कार्यक्रम में अच्छी प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन वंदना सिन्हा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सुदामा प्रसाद, चंदा सिन्हा, अशोक कुमार, मोहित वर्मा, हिमांशु राज, पीके पांडे, नित्या राज, रुखसाना, प्रमिला जी, मेनका सिंह, शांति सिंह, पूनम गुप्ता, कुश सिन्हा, रति सहाय, अंजली कुमारी, सविता देवी, उमा देवी, सोनी देवी, गोपाल कुमार तथा अन्य लोगों की अहम भूमिका रही।

### ह्रदयाघात से महिला की मौत , शोक

**हरिहरगंज।** शहरी के प्रसिद्ध श्री दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्यामसुंदर वैद्य की छोटी पुत्रवधु करीब 37 वर्षीय फुलकुमारी देवी की ह्रदय गति रुकने से शुक्रवार की देर शाम मृत्यु हो गई। वह रासबिहारी वैद्य उर्फ कारू की पत्नी थी। मृतका का अंतिम संस्कार शनिवार को बटाने नदी के तट पर किया गया। परिजनों के अनुसार शाम को घर में अचानक वह गिर पड़ी। आनन फानन में स्थानीय निजी चिकित्सक से इलाज कराने ले गए। जहां गंभीर हालत बताते हुए बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन इलाज के लिए औरंगाबाद ले जा रहे थे। तभी इलाज के लिए जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के दो पुत्रों सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस घटना पर शहर के कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक प्रकट करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम,दिनेश प्रसाद, अशोक सिंह, संतोष प्रसाद, राजू सिंह, अरूण प्रसाद स्वर्णकार, ओमप्रकाश शौंडिक, राबर्ट गुप्ता, चंदन जायसवाल, राजेश निराला, अनुप कुमार, धीरज कुमार, दिलीप स्वर्णकार, बिट्टू कुमार सहित कई लोग शामिल है।

### ग्रामीणों की शिकायत पर लगा ट्रांसफार्मर

**पाटन पलामू।** पूर्व जिला परिषद नंद कुमार राम ने कहा कि किशुनपुर मुख्य बाजार में ट्रांसफार्मर बदला गया। व्यवसायियों व ग्रामीणों के द्वारा मुझे सूचना दी गई थी। राम ने कहा कि मैंने इस मामले को लेकर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता किया। कहा कि एक फेस लाईन नहीं मिलता था। मेरे प्रयास के बाद बिजली विभाग ने किशुनपुर मुख्य बाजार में ट्रांसफार्मर बदला। ट्रांसफार्मर लग जाने से लोगों को अब तीन फेज बिजली भी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों व ग्रामीणों से ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर कुछ लोग पैसा वसूल कर फीता काटा है। उन्होंने कहा कि लोग किशुनपुर की जनता को मूर्ख बनाना बंद करें।

# जिले में अवैध रूप से संचालित क्रशरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## उपायुक्त के निर्देश पर हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत संचालित 6 क्रशरों का अनुज्ञप्ति रद्द

**उपायुक्त ए दोड्डे ने कहा कि जिले में कहीं भी अवैध रूप से क्रशर का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिले के तीनों एसडीओ व डीएमओ अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत लगातार छापेमारी कर रहें हैं। इसी क्रम में छत्तरपुर एसडीओ ने हरिहरगंज अंचल के बलरा,खांसीखाप एवं रामपुर ग्राम में विभिन्न क्रशरों का जांच कर उपायुक्त को कार्रवाई हेतु अनुरोध किया था।

जिसके पश्चात उपायुक्त ए दोड्डे ने छतरपुर एसडीओ के जांच के आलोक में डीएमओ को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। जिसके बाद डीएमओ आनंद ने हरिहरगंज अंचल में अवैध रूप से संचालित कुल छः क्रशरों का लाइसेंस रद्द कर दिया। जिले के उपायुक्त ए दोड्डे ने सभी क्रशर संचालकों को खनन एक्ट के तहत ही क्रशर का संचालन करने की अपील की है अथवा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी अवैध रूप से क्रशर का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

**इन क्रशरों का लाइसेंस किया रद्द**

राजा स्टोन चिप्स,प्रो चंदन सिंह, बलरा, वंदे पुरूषोतम स्टोन, चिप्स, संचालक संतोष सिंह, बलरा, जय माँ शक्ति स्टोन चिप्स, संचालक हरेन्द्र सिंह, बलरा, जय गुरू स्टोन चिप्स, संचालक दिल रंजन सिंह, बलरा,आनंद स्टोन चिप्स, संचालक आनंद कुमार सिंह, बलरा और बाबा मुक्तेश्वर स्टोन चिप्स, संचालक प्रभात सिंह, बलरा का नाम शामिल है।

# सतबरवा : जाम की स्थिति से मेला टांड को कब मिलेगी निजात!

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** सतबरवा मेला टांड़ में आखिरकार जाम की स्थिति से लोगों को कब निजात मिलेगी। यह सवाल लोगों के मन में चलते रहता है। यहां के लोगों को प्रतिदिन जाम की स्थिति को झेलना पड़ता है।

जबकि इस सड़क से कई बड़े-बड़े पदाधिकारी, माननीय मंत्री, विधायक गुजरते रहते हैं। वही मेदनीनगर तथा गढ़वा से कई एंबुलेंस रांची जाते आते रहती है। एम्बुलेंस को तो प्रतिदिन जाम की स्थिति को झेलना पड़ता है। जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है?। सूत्रों के मुताबिक जाम का कारण सड़क किनारे साग सब्जी का दुकान होना तथा वाहनों को खड़ा करना मुख्य कारण है। लेकिन इस जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है जिसका मार यहां के लोग झेलने को मजबुर है। सबसे अधिक सप्ताहिक हाट बाजार बुधवार को पुरे दिन मेला टांड़ में जाम की स्थिति बनी रहती है। बुधवार को भी प्रशासन की ओर से जाम से निपटने के लिए कोई व्यवस्था नहीं देखी जाती है।

# अवैध खनन व भंडारण के विरुद्ध किये गये करवाई का समर्थन : सतीश तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला माईंस एंड क्रसर एसोसिएशन ने छतपुर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अवैध खनन व भंडारण के विरूद्ध किए गए कार्रवाई का समर्थन किया है। लेकिन इस कार्रवाई में वैध लाईसेंस होने के बाद भी दो स्टोन क्रसर को ढाहने के तुगलकी फरमान का विरोध भी किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि वैसे भी पहले से पलामू जिला का खननद उद्योग बेहद खराब दौर से गुजर रहा है। वैध काम करने वालों को भी प्रशासन या पुलिस के अधिकारी संदेह की नजर से देखते है। स्थिति यह होग गई है कि खनन पट्टाधारी या अनुज्ञप्तिधारियों को नहीं करने के बाद भी यह लगने लगा है कि वे कोई गुनाह कर रहे है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि हालात यही रहें तो पलामू मे पत्थर उद्योग शीघ्र समाप्त हो जाएगा। बताया कि शनिवार को निरीक्षण के दौरान छतरपुर एसडीओ को दो क्रसर के संचालकों द्वारा सभी कागजात दिखाए गए थे, बावजूद इसके उनकी एक नहीं सुनी गई। एसडीओ ने वैध क्रसर को ध्वस्त करने का आदेश दे दिया। जबकि जेम्स पोर्टल पर उक्त दोनों के लाईसेंस को वैध दशार्या जा रहा है। यहीं नहीं इस पूरी कार्रवाई में जिला खनन विभाग को भी विश्वास में नहीं लिया गया। उन्होंने वैध कार्य को अवैध बताकर भयादोहन के प्रयासों का विरोध किया है। साथ ही रवैये मे सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतवानी भी दी है।

# बीडीओ ने बघमनवा पंचायत में लंबित आवास योजना का किया निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश

## सरकारी स्कूल में बीडीओ ने बच्चो को दिया कई टिप्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने शनिवार को प्रखंड के बघमनवा पंचायत का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने लंबित पड़े प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनाओं की जांच की।

वैसे लाभुक जो प्रथम व द्वितीय किस्त लेकर प्रधानमंत्री आवास को पूरा नही किये है उन्हें कड़ी फटकार लगते हुये जल्द से जल्द आवास का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर आवास निर्माण को पूरा करे नही तो राशि की रिकवरी हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। इसके आलावा लाभुक पर सर्टिफिकेट केश भी किया जायेगा। बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने बघमनवा राजकीय उत्कर्मिक मध्य विद्यालय में भी गये।



निरीक्षण करते बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम।

जहां बिना ड्रेस में मौजूद छात्र-छात्राओं को देख शिक्षकों पर भड़क गए और शिक्षकों को फटकार लगाई। उन्होंने बच्चों को भी विद्यालय ड्रेस में आने को कहा। बीडीओ हेंब्रम ने बच्चों को कई टिप्स भी दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक जितेंद्र राम, शिक्षक संतोष केशरी, अरविंद प्रजापति सहित कई प्रखंड और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता 10 को : प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** न्यू टाउनशीप शाहपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 10 मई को इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी विद्यालय के प्राचार्य डा एके सिंह ने दी। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रांची, पलामू, गढ़वा व लातेहार के वर्ग सात व आठ के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। कार्यक्रम का उदघाटन पांकी विधायक सह ऑक्सफोर्ड ग्रुप के निदेशक डा एसबीपी मेहता द्वारा किया जायेगा। प्रतियोगिता के तहत लाईटिंग ऑफ द लैंप 8:30 बजे, रिटेन प्रीलिमिनरी राउंड 9:30 बजे से 10 बजे तक, रिफ्रेसमेंट 10 बजे से 11:30 बजे तक, सेमीफाईनल 10:45 बजे से 12:30 बजे तक, ग्रांड फिनाले 12:45 बजे से 1:45 बजे तक व लंच दो बजे होगा। प्राचार्य ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन कर विद्यालय को कृतार्थ करने की अपील की है।

# हरिहरगंज : वाहन चेकिंग अभियान में आधा दर्जन वाहन जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पिपरा पुलिस ने दमवा मोड पर शनिवार को सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राईम के तहत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एएसआई अनिल कुमार नायक के नेतृत्व में पुलिस ने सड़क से गुजरने वाली दर्जनों दो पहिया, चार पहिया वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रीपल लोडिंग आदि की गहनता से जांच किया। जांच के दौरान बिना कागजात, लाइसेंस और हेलमेट के आधा दर्जन बाइक को जब्त किया गया। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि घर से वाहन लेकर निकलते वक्त हेलमेट व गाड़ी के अवश्य कागजात साथ लेकर चले। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जांच अभियान में पुलिस के कई जवान शामिल थे।

### अखिल क्षत्रिय महासभा की बैठक, महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय



बैठक में मौजूद ट्रस्ट के सदस्य।

**पड़वा/पाटन।** शनिवार को पड़वा प्रखण्ड के पाटन मोड़ स्थित विवाह मंडप में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के महामंत्री महाराणा प्रताप सिंह ने की। संचालन उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने किया। बैठक में ट्रस्ट के मजबूती पर विस्तार से किया गया। तय किया गया कि ट्रस्ट में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए। बैठक में महाराणा प्रताप जयंती मनाने को लेकर चर्चा किया गया। तय किया गया कि आगामी छह जून को वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल बेलवाटीकर मेदनीनगर में धुमधाम से मनाया जाएगा। जयंती समारोह को सफल एवं यादगार बनाने के लिए प्रचार प्रसार सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा करते हुए कार्यकताओं को जिम्मेवारियां दी गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप भारत के वीर योद्धा थे। उनके ओजस्वी विचार आज भी युवाओं के दिलों में देश प्रेम की मशाल जलाएं हुए हैं। उन्होंने कहा की वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को एक पर्व की तरह मनाने की जरूरत है। बैठक में सूर्यांश प्रताप सिंह, गणेश सिंह, सुशील सिंह ,सोमेश सिंह, शैलेश सिंह, अभिषेक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह, आलोक सिंह, सुजीत सिंह, उपेंद्र सिंह, अजय कुमार सिंह, राम रेस सिंह, सुनील कुमार सिंह, साकेत सिंह, अनिमेष सिंह सहित काफी संख्या में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### न्यू मॉडल स्कूल ने किया गतिविधि का आयोजन



**मेदिनीनगर।** शहर के 2 नंबर टाउन स्थित न्यू मॉडल पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग के छोटे –छोटे बच्चों के बिच उनके व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए एक गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसका शिर्षक फलो के नाम था। जिसमे बच्चे फलो के नाम के आधार पर अपना यूनिफार्म पहन कर आये थे। रंग बिरंगी कपड़ो में बच्चे बहुत मनमोहक लग रहे थे। जूनियर विंग की टीचर मिली कुमारी, पुष्पलता कुमारी, छाया कुमारी, नीलम कुमारी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक रवि कुमार निराला ने बताया कि छोटे बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान देकर जल्द सिखाया जा सकता है और इस तरह से बच्चों को सिखने मे मन लगता है।

# जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 15 मई को

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वधान में पलामू जिला स्तरीय बालक बालिका जूनियर अंडर 14वर्ष एवं अंडर 16वर्ष आयु वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 15 मई को किया गया है। यह प्रतियोगिता जीएल ए कॉलेज के मैदान में होग। इस प्रतियोगिता में पलामू जिला के सरकारी, प्राइवेट, स्कूल, कॉलेज, क्लब के खिलाड़ी भाग ले सकते है। यह प्रतियोगिता प्रातः आठ बजे से प्रारंभ किया जाएगा। मैट्रिक पास प्रतिभागी उम्र प्रमाण के रूप में मैट्रिक के प्रमाण पत्र जिसमें उम्र दर्शाई गई हो और मैट्रिक से नीचे वाले प्रतिभागी उम्र प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र या प्रधानाध्यापक द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र या आई कार्ड जरूर लेकर आएंगे। आधार कार्ड का छाया प्रति लाना अति आवश्यक है। प्रतिभागियों को प्रवेश शुल्क के रूप में 50 रूपये देना अनिवार्य है। अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी ए, बी, सी, ग्रुप इवेंट में से केवल एक ही ग्रुप इवेंट में ही भाग लेंगे। खिलाड़ी जिस ग्रुप को अपने इवेंट के रुप में चयन करते है तो उस ग्रुप के सभी इवेंट्स में भाग लेना पड़ेगा। उस ग्रुप के सभी इवेंट्स के प्रोफॉर्मास के औसत के आधार पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय घोषित किया जाएगा। 16 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागि अपने आयु वर्ग के इवेंट में से केवल एक ही इवेंट में भाग ले सकते हैं।

**अंडर 14 वर्ष - जन्मतिथि**
27 -05 - 2009 से
28 - 05 -2011 के बीच।
**अंडर 16 वर्ष जन्मतिथि**
27-05 - 2007 से 28- 05 - 2009 के बीच,
एंट्री के लिए संपर्क नंबर 94 315 54 509 से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।
अंडर 16वर्ष आयु वर्ग बालक/ बालिका
80 मीटर रन, 600 मीटर रन, 1600 मीटर रन,लंबी कूद (मात्र 5 मीटर रनवे ), शॉट पुट थ्रो बालक के लिए 4 ᵞ बालिका के लिए 3 ᵞ केवल स्टैंडिंग पोजिशन से थ्रो करना है, डिस्कस थ्रो बालक /बालिका के लिए 1ᵞ केवल स्टैंडिंग थ्रो, जैवलिन थ्रो बालक के लिए 600 ग्राम बालिका के लिए 500 ग्राम होगा।
**अंडर 14 बालक /बालिका वर्ग**
ग्रुप ए - 60 मीटर रन, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, शॉट पुट थ्रो स्टैंडिंग पोजिशन में।
ग्रुप बी - 60 मीटर रन, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, ऊंची कूद।
ग्रुप सी 60 मीटर रन, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, 600 मीटर रन। प्रतिभागी चारों ग्रुप में से केवल एक ही ग्रुप में भाग ले सकते हैं।

### आसी केयर में महिलाओं की नि:शुल्क जांच नौ को

**मेदिनीनगर।** आसी केयर मल्टी स्पेशलियटी हॉस्पीटल प्रबंधन द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत नौ मई को हर गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच किया जायेगा। प्रबंधन ने गर्भवती महिलाओं से शिविर में आकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाने की अपील की है।

# परशुराम मंदिर निर्माण को लेकर हर घर से एक ईंट अभियान की होगी शुरूआत

>> परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारी करेंगे गांवों का भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पलामू की धरती पर झारखण्ड की पहली भगवान परशुराम मंदिर की आधारशिला बीते दिन 3 मई दिन बुधवार रखी गई। परशुराम मंदिर उड़ीसा के कारीगरों से बनवाई जाएगी जिसकी लागत 80 लाख से एक करोड़ की बताई जा रही है। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारीयों ने कहा कि पलामू प्रमंडल के परशुराम भक्तों का परशुराम मंदिर को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पूरे झारखण्ड में 'हर घर से एक ईंट' लेने की बात कही गयी है। पदाधिकारी गांवों का भ्रमण कर हर घर से एक-एक ईट जमा कर मंदिर निर्माण में लगायेंगे। मौके पर प्रदेश संरक्षक कमलेश शुक्ला ने कहा कि भगवान परशुराम का यह मंदिर किसी विशेष जाति धर्म की नहीं ब्लकि यह सनातन पूजक लोगों की मंदिर होगी। मौके पर प्रदेश संरक्षक अजय तिवारी अकेला, प्रदेश संरक्षक पप्लू दुबे, जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने सनातन धर्म के सभी लोगों से इस मंदिर में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए आग्रह किया है। मौके पर प्रदेश संरक्षक सतेन्द्र तिवारी, प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी प्रदेश संगठन मंत्री आलोक तिवारी अनुशासन प्रभारी अमित तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता रामनिवास तिवारी, प्रमंडल संरक्षक बसंत तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, पांडे मनोज सिंह, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, अरविंद पांडे, प्रमंडल संगठन मंत्री नवीन पांडे,एवं कैम्पेनिंग टीम में राहुल पाठक, अंकित पांडे, संजीत पांडे, राजन पंडित, रितिक चौबे, नवनीत शुक्ला, अभिषेक पांडे, सचिन पांडे, अमित पांडे, शशिकांत तिवारी, विश्वजीत दिक्षित, मनीष मिश्रा, मनीष शर्मा, विपिन पांडे, सुभाष दुबे, कुनाल दुबे, सत्यम पांडे, शिवम दुबे, राहुल उपाध्याय, अमित तिवारी, आशीष उपाध्याय शामिल थे।

# सनातन विद्या निकेतन में 4 दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण संपन्न

**प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन ने किया पुरस्कृत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदारमा गांव स्थित सनातन विद्या निकेतन स्कूल में आयोजित चार दिवसीय स्काउट गाइड का प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सम्पन्न हो गया।

शिविर में बच्चों को आत्मरक्षा सहित कई गुर सिखाए गए। मौके पर प्रशिक्षक अली नवाज ने बच्चों को कई व्यावहारिक ज्ञान के अलावा जीवन में प्रयोग होने वाली उपयोगी बातों की भी जानकारी दी। समापन समारोह में स्कूल के निदेशक धनंजय पांडेय ने प्रशिक्षित बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देना जरूरी है तभी जाकर बच्चों में बहुआयामी प्रतिभा विकसित होगी।



प्रशिक्षित बच्चों को निदेशक धनंजय पांडेय ने पुरस्कृत किया।

हमारा प्रयास है कि बच्चों को अनुशासन व संस्कार पूर्ण शिक्षा मिले तभी जाकर बच्चों का बेहतर चरित्र निर्माण भी संभव है। मौके पर शिक्षिका बिभा चौधरी,उप प्राचार्य प्रोजन सिंह, दिवाकर दीक्षित, सविता चौधरी,प्रिया उपाध्याय, अजीत उपाध्याय, ज्योति पाण्डेय, स्वेता शर्मा, स्वेता चौबे, संगीता चौबे, अनीश कुमार, रिंकी कुमारी, अर्चना उपाध्याय, पुजा प्रसाद साहित कई शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रा मौजूद थे।

## समय संवाद

भारत दुनिया का ऐसा पहला देश है, जिसने आबादी पर नियंत्रण के लिए 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम आरंभ किया था। बावजूद जनसंख्या वृद्धि होती रही है। जनसांख्यिकीय विश्लेषण का निष्कर्ष बताता है कि 1950 के बाद वर्तमान में जन्मदर सबसे कम है। यहां सवाल उठता है कि फिर आबादी का घनत्व क्यों बढ़ रहा है ? दरअसल चिकित्सा सुविधाओं और एक वर्ग विशेष की माली हैसियत बढ़ने से औसत उम्र बड़ी है। इस दायरे में आने वाले लोग उत्पादकता से जुड़े नहीं रहने के बावजूद उच्च श्रेणी का जीवन जी रहे हैं। नतीजतन यह आबादी जापान, चीन और दक्षिण कोरिया की तरह भारत के युवाओं को रोजगार में बाधा बन रही है। भारत में सबसे अधिक बेरोजगारी 15 से 36 आयु वर्ग के युवाओं में है।

# जनसंख्या में वृद्धि, खुशी के साथ-साथ चिंता भी !

**प्रमोद भार्गव**



**'संयुक्त** राष्ट्र जनसंख्या कोष' की रिपोर्ट ने जब ये आंकड़े जारी किए कि भारत की आबादी चीन से अधिक बढ़ गई है, तो चिंता बढ़नी स्वाभाविक है। हालांकि यह संभावना बहुत पहले से जताई जा रही थी कि भारत आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ देगा।

बावजूद इसके कुछ जनसंख्या विशेषज्ञ इस बात को लेकर आशंका जता रहे हैं कि यह समय अभी नहीं जून में आना था। परंतु आम आदमी को आंकड़ों की बाजीगरी न तो आसानी से समझ आती है और न ही वह किसी निष्कर्ष पर पहुंच पाता है। अतैव चीन के इस बयान पर गौर करने की जरूरत है कि वह आंकड़े आने के बाद आखिर यह क्यों कह रहा है कि अभी भी उसके पास 90 करोड़ से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जो कुशल उत्पादन की क्षमता रखते हैं।याद रहे चीन ने प्रगति की उड़ान और वैश्विक बाजार में वर्चस्व इसी आबादी के बूते पाई है। इसलिए चीन को अब यह चिंता सताने लगी है कि कहीं भारत इस आबादी के बूते अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने में सफल न हो जाए? क्योंकि इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास 68 प्रतिशत आबादी ऐसे क्रियाशील लोगों की या युवाओं की है, जो उत्पादकता से निरंतर जुड़े रहकर अपने उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचाकर अर्थव्यवस्था को शिखर पर पहुंचा सकते हैं।

वर्तमान में दुनिया की आबादी आठ अरब की संख्या पार कर चुकी है। भारतीय आबादी के ताजा आंकड़ों के अनुसार इसमें प्रत्येक पांचवें व्यक्ति में से एक भारतीय है, क्योंकि भारत 142.86 करोड़ जनसंख्या के साथ विश्व का सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है। चीन की आबादी इस समय 142.57 करोड़ है। हमारी आबादी उससे 29 लाख अधिक है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश को जहां यह बड़ी चुनौती है, वहीं उसे वरदान बनाने की जरूरत है। हालांकि जागरुकता और परिवार नियोजन के उपायों के चलते दुनिया में जन्मदर घटी है।

यदि हम पीपुल्स कमीशन की रिपोर्ट का उल्लेख करें तो 15 से 29 आयु समूह में बेरोजगारों की संख्या 27.8 करोड़ है। हालांकि इसमें अनेक बेरोजगार ऐसे हैं, जिनके पास काम तो है, लेकिन आमदनी का अनुपात सन्तोषजनक नहीं है। भारत के सीमांत राज्यों में विदेशियों की घुसपैठ और कमजोर जाति समूहों का धर्मांतरण भी आबादी का घनत्व बढ़ाने और बिगाड़ते हुए रोजगार के संकट के साथ स्थानीय मूल निवासियों से टकराव के हालात उत्पन्न कर रहा है। इसीलिए जनसंख्या नीति में समानता की बात की जा रही है।

अब जबकि हम आबादी में चीन से आगे हैं, तब हमें चीन से यह सबक लेने की जरूरत है कि उसने अपने मानव संसाधन को किस तरह से श्रम और उत्पादकता से जोड़ा और दुनिया के बाजारों को अपने उत्पादों से पाट दिया। सस्ते कुशल एवं अर्द्धकुशल लोगों से उत्पादन कराकर चीन ने अपना माल दुनिया के बाजारों में भर दिया है। जबकि भारत बड़ी कंपनियों को सब्सिडी देने के बावजूद स्वदेशी उत्पादन में आबादी के अनुपात में उल्लेखनीय प्रगति नहीं कर पाया।

यदि हम चीन में ज्ञान-परंपरा से दीक्षित लोगों को रोजगार देने की बात करें तो वहां सरकार या कंपनी द्वारा गांव-गांव कच्चा माल पहुंचाया जाता है। जब वस्तु का निर्माण हो जाता है, तो उस माल को लाने और मौके पर ही भुगतान करने की जबावदेही संस्थागत है। इसका फायदा यह होता है कि ग्रामीण अपने घर में ही वस्तु का उत्पादन कर लेता है। नतीजतन वस्तु की लागत न्यूनतम होती है। यदि यही व्यक्ति शहर में जाकर उत्पादकता से जुड़े तो उसे कमाई की बड़ी राशि रहने, खाने-पीने और यातायात में खर्च करनी पड़ जाती है। भारत में उत्पादन के छोटे-बड़े कारखाने शहरों में हैं।

# मन का समर्पण सबसे कठिन है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा धिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली। इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये।

दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान उपजाउ भूमि धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है।

# अंजलि, वंशज में काम करेगी



**एके सिंह**

सोनी सब ने अपने आगामी फैमिली ड्रामा वंशज के लिए अंजलि तत्रारी को मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना है

सोनी सब का आगामी शो वंशज अपने दर्शकों को एक विरासती बिजनेस समूह की दुनिया के रोमांचक सफर पर ले जाने के लिए तैयार है। यह शो पारिवारिक ड्रामा, राजनीतिक साज़िश और बिजनेस परिवार की व्यक्तिगत डायनेमिक्स का सही ब्लेंड होने का वादा करता है। बिजनेस साम्राज्य के संपन्न और शक्तिशाली सदस्यों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमने वाली कहानी के साथ, वंशज एक ऐसे परिवार की समस्याओं और क्लेशों को दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो सफल होने के साथ ही त्रुटिपूर्ण भी है। पहले भी कई टेलीविजन शो में अपने प्रदर्शन से लोगों का दिल जीत चुकी, अंजलि तत्रारी वंशज में युविका की मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। युविका भारत के एक छोटे से शहर से आने वाली एक युवा और मासूम लड़की है। उसकी सरल आकांक्षाएं हैं और उसे अपनी वास्तविक क्षमताओं का ज्ञान नहीं है। हालांकि, कुछ परिस्थितियों के कारणवश वह पितृसत्ता को चुनौती देने के लिए मजबूर हो जाती है। युविका की यात्रा प्रेरणादायक और सशक्त दोनों होने का वादा करती है। अंजलि तत्रारी इस भूमिका में अपना अनूठा आकर्षण और विनीत भाव लेकर आई हैं और एक ऐसे किरदार में जान फूंकती हैं जो प्रासंगिक और प्रेरणादायक दोनों है।

शो में युविका की मुख्य भूमिका निभा रही, अंजलि तत्रारी ने कहा, युविका एक आम युवा लड़की है, जो खुद को एक चुनौतीपूर्ण स्थिति में पाती है और फिर वह इस मुश्किल दौर से निकलने की कोशिश करती है। मैं उसका यह सफर दशार्ने के लिए उत्सुक हूं। उसके किरदार से मुझे तुरंत जुड़ाव महसूस हुआ, और मैं उसे पर्दे पर जीवंत करने के लिए उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को वंशज देखने में आनंद आएगा और वे युविका के किरदार से जुड़ पाएंगे। इस जून में आपके टेलीविजन स्क्रीन पर आने वाले, सोनी सब के वंशज के बारे में अधिक जानकारी के लिए बने रहें!

# पेट्रोलियम मंत्रालय ने भारत में रूसी कच्चे तेल के आयात-निर्यात पर सीआरईए की रिपोर्ट को किया खारिज

**अभय कुमार सिंह**



**पेट्रोलियम** और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सीआरईए (सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर) की भारत की रूस से सस्ती कीमत पर कच्चे तेल की खरीदी संबंधित रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। इस रिपोर्ट के माध्यम से आरोप लगाया गया है कि भारत उन पाँच देशों में शामिल है, जिन्होंने रूस से कच्चे तेल का आयात किया और उसे रिफाइन करके यूरोपियन यूनियन और कुछ जी-7 देशों को निर्यात कर दिया।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ट्विटर के माध्यम से कहा, सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की रिपोर्ट, विश्व में चौथे सबसे बड़े तेल शोधक देश भारत की छवि को धूमिल करने का एक भ्रामक प्रयास है। यह वैश्विक स्तर पर आपूर्ति माँग की गतिशीलता और एक प्रमुख रिफाइंड प्रोडक्ट के निर्यातक के तौर पर भारत के लंबे इतिहास की समझ की कमी को दशार्ता है।

दरअसल, हेलसिंकी स्थित सीआरईए ने 1 मई को एक रिपोर्ट में कहा कि भारत, चीन सहित शीर्ष उन पाँच देशों में शामिल है, जो सस्ते रूसी कच्चे तेल की खरीदी कर रहा है और इसे रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों में परिवर्तित कर यूरोप और जी 7 देशों में निर्यात कर रहा है। इसका जवाब देते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि एक संप्रभु देश के रूप में, भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून की शर्तों के तहत वस्तुओं का आयात या निर्यात करने के लिए स्वतंत्र है, और उसके वैध कारोबार को लॉन्ड्रोमैट (धुलाई की मशीन) कहने का तात्पर्य एक अवैध गतिविधि से है, जिस पर भारत कड़ी आपत्ति जताता है।

मंत्रालय ने कहा, ₹रूस या अन्य स्थानों से 60 डॉलर प्रति बैरल से कम कच्चे तेल का आयात किसी भी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध के तहत नहीं आता है। दुनिया भर में रिफाइनर से डीजल खरीदने पर 'गठबंधन देश' द्वारा कोई आत्म-प्रतिबंध भी नहीं लगाया है। 'व्हाइटवाश्ड आयल' जैसे शब्द का उपयोग करना कपट पूर्ण शरारत को दशार्ता है।

मंत्रालय ने आगे कहा, भारत आयात के माध्यम से रूस सहित कई देशों से अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता है, जो जगजाहिर है और न ही इसे लेकर भारत को कोई खेद है, जैसा कि विगत वर्ष के कई मंत्रिस्तरीय बयान स्पष्ट करते हैं।

# युवाओं के लिए जॉब

**पुलिस लेडी कॉन्स्टेबल भर्ती**

**पश्चिम** बंगाल पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती बोर्ड (डब्ल्यूबीपीआरबी) ने राज्य में लेडी कॉन्स्टेबल की भर्ती के लिए अधिसूचना निकाली है जिसके तहत विभिन्न सब-कैटेगरी को मिलाकर कुल 1420 लेडी कॉन्स्टेबल की भर्ती की जानी है। उपलब्ध कराए जाने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया 23 अप्रैल से शुरू हुई है और 22 मई तक जारी रहेगी। उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से माध्यमिक (कक्षा 10) की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। साथ ही, आयु 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। हालांकि, नियमानुसार आयुवर्ग में छूट मिलेगी।

**भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र**

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में स्टाइपेंड्री ट्रेनी, टेक्निकल ऑफिसर, साइंटिफिक असिस्टेंट और टेक्नीशियन के कुल 4374 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना (सं.03/2023/भापअ केंद्र) जारी की गई है जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया गत 24 अप्रैल 2023 से शुरू हो चुकी है। ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म के माध्यम से आवेदन जमा कर सकेंगे। शैक्षिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 60 फीसदी अंकों के साथ 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण होना है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 मई 2023 है। विस्तृत जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट देखी जा सकती है।

**यूपीएससी सीएमएस**

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सम्मिलित चिकित्सा सेवा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक व योग्य उम्मीदवार 9 मई तक आवेदन कर सकेंगे। जानकारी यूपीएससी सीएमएस नोटिफिकेशन 2023 के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। भर्तियां कुल 1261 रिक्तियों पर होंगी।

**जेलर बनने का अवसर**

तमिलनाडु में जेलर के 59 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसमें से 54 पदों पर पुरुषों की नियुक्ति होगी, जबकि 5 पर महिलाओं को भर्ती किया जाएगा। एप्लाई करने के लिए युवाओं की उम्र 18 से 32 साल के बीच होनी चाहिए। एससी, एसटी, एमबीसी, बीसी और बीसीएम कैटेगरी के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। उनकी उम्र 60 साल से ज्यादा भी नहीं होनी चाहिए। आवेदन करने की आखिरी तारीख 11 मई है। ग्रेजुएट होना अनिवार्य है।

**सीमा सुरक्षा बल में रिक्तियां**

अपने संचार विंग में हेड कॉन्स्टेबल (रेडियो ऑपरेटर) और हेड कॉन्स्टेबल (रेडियो मैकेनिक) पदों के लिए आवेदन करना है। बीएसएफ हेड कॉन्स्टेबल के लिए आवेदन लिंक 22 अप्रैल, 2023 को रात 11 बजे सक्रिय हो चुका है। योग्य पुरुष और महिला उम्मीदवार इन पदों के लिए 12 मई 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती में कुल 247 पदों को भरना है, जिनमें से 217 रिक्तियां हेड कॉन्स्टेबल (रेडियो ऑपरेटर) की हैं और 30 हेड कॉन्स्टेबल (रेडियो मैकेनिक) की हैं। आयु सीमा 12 मई, 2023 के दिन तक 18 से 25 वर्ष के बीच म होनी चाहिए।

पीसीएम या मैट्रिक में 60% कुल अंकों के साथ कक्षा 12वीं पास के अलावा दो साल का आईटीआई प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

# नमक से परहेज

**अंकिता मुखर्जी**

**नमक** एक ऐसा खाद्य पदार्थ है, जिसके बिना किसी का भी काम नहीं चल सकता है। खाने में इसका इस्तेमाल सिर्फ स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं किया जाता है बल्कि इसके कई फायदे भी हैं।

अगर आपके गले में खराश है, दर्द है या फिर सूजन, नमक के पानी से कुल्ला करने या गरारा करने से काफी राहत मिलती है। दरअसल, यह एक एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। इस कोरोना काल में भी लोगों को नमक पानी से गरारा करने की सलाह दी जा रही है और नमक के बिना खाना तो एकदम बेस्वाद ही लगता है। लेकिन क्या कभी आपने ये सोचा है कि ज्यादा नमक नुकसानदायक भी हो सकता है?

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सलाह दी है कि लोगों को रोजाना मात्र पांच ग्राम ही नमक का सेवन करना चाहिए, जबकि अधिकतर लोग इसका दोगुना नमक रोज खाते हैं। संगठन का कहना है कि अधिक नमक खाने से हर साल तीन मिलियन यानी 30 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि अधिक नमक खाने से हृदय रोगों और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। संगठन की पिछले साल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वयस्कों के लिए प्रति दिन पांच ग्राम से कम नमक का सेवन रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट अटैक के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

कई विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि अधिक नमक के सेवन से किडनी में पथरी होने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि यह मूत्र में कैल्शियम का स्तर बढ़ाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर अगर नमक की खपत को अनुशंसित स्तर तक कम कर दिया जाए तो अनुमानित 2.5 मिलियन यानी 25 लाख मौतों को हर साल रोका जा सकता है।

अगर आप पैकेट बंद खाद्य पदार्थों (चिप्स वगैरह) का सेवन अधिक करते हैं, तो संभल जाइए।

# न्याय हेतु तय जवाबी दावे की अवधि

**श्रीगोपाल नारसन**

**देश** में उपभोक्ताओं को न्याय प्रदान करने के लिए गठित उपभोक्ता आयोग के पास उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत ऐसी कई विधिक शक्तियां हैं जिनके बल पर आयोग पीड़ित व शोषित उपभोक्ता को समयबद्ध न्याय दे सकता है। उपभोक्ता द्वारा न्याय प्राप्ति के लिए दर्ज कराई गई शिकायत पर विरोधी पक्ष यानि जिनके विरुद्ध शिकायत की गई है,वह परिवाद की जानकारी मिलने के 30 दिन के अंदर अपना जवाब या फिर आपत्ति दे सकता है और उपभोक्ता आयोग को उपभोक्ता अधिनियम में उल्लिखित 15 दिनों की निर्धारित अवधि से अधिक के विरोधी पक्ष के लिखित बयान को दाखिल करने में देरी को माफ करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

अब नये अधिनियम के प्रावधान लागू

एक मामले में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के समक्ष विरोधी पक्ष ने 45 दिनों की अवधि के बाद लिखित बयान दाखिल किया। आयोग ने यह कहते हुए देरी को माफ करने से इनकार कर दिया,कि 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 13 (1) (ए) के तहत प्रदान किए गए लिखित बयान को दाखिल करने का समय अब उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 38 (2) (ए) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है जो 20 जुलाई 2020 से लागू है, के तहत जवाब दावा दाखिल करने का समय समाप्त हो गया है। इस आयोग के पास कानून में प्रदान किए गए अनुसार 30 + 15 दिनों से अधिक की देरी को माफ करने की शक्ति नहीं है।'

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से समर्थन

आयोग के इस आदेश के खिलाफ विरोधी पक्ष ने विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर कर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एमएम सुंदरेश ने उक्त एसएलपी को खारिज करते हुए कहा, 'यह विवाद में नहीं है कि लिखित बयान 45 दिनों की अवधि से परे दायर किया गया था। फाइल करने की सीमा की अवधि 30 दिन है, जिसे केवल 15 दिनों तक ही माफ किया जा सकता है। जैसा कि इस न्यायालय द्वारा इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम हिली मल्टीपर्पज कोल्ड स्टोरेज (पी) लिमिटेड मामले में देखा गया है। ट्रिब्यूनल के पास कानून में उल्लिखित निर्धारित अवधि से अधिक देरी को माफ करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।'

समयबद्ध न्याय है मकसद

हिली मल्टीपर्पज कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड मामले में, संविधान पीठ ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 उपभोक्ता फोरम को 45 दिनों की अवधि से आगे का समय बढ़ाने का अधिकार नहीं देता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 13 के तहत निर्धारित समय अवधि अनिवार्य है। यह भी देखा गया कि शिकायत के साथ नोटिस प्राप्त होने के समय से समय सीमा शुरू होगी, न कि केवल नोटिस भेजने की तिथि से। जवाबदावे के लिए समय सीमा का निर्धारण करने के पीछे समयबद्ध न्याय प्राप्त कराना है। उपभोक्ता अधिनियम 2019 उपभोक्ता शिकायतों की सुनवाई को बार-बार स्थगित करने के पक्ष में नहीं है। लेकिन फिर भी कहीं उपभोक्ता आयोगों में कोरम का अभाव, कहीं वकीलों की हड़ताल तो कहीं किसी एक पक्ष द्वारा या फिर दोनों पक्षों द्वारा बार-बार तारीख लेने की प्रवृत्ति के चलते उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण में देरी हो जाती है जिसमें सुधार की आवश्यकता है।

सेवानिवृत्ति लाभ केस दायरे से बाहर

डॉ.ए सुरेश कुमार बनाम अमित अग्रवाल मामले में, अदालत ने माना कि संविधान पीठ द्वारा घोषित उपभोक्ता कानून उपभोक्ताओं को न्याय के लिए संचालित होता है। इस कानून के अंतर्गत सेवानिवृत्ति लाभ या नौकरी समाप्ति के बाद मिलने वाले लाभों के लिए उपभोक्ता अदालतों का दरवाजा नहीं खटखटाया जा सकता।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# वर्क टू होम में चिड़चिड़ापन रोकने के लिए क्या करें?



**मनोज शर्मा**



**इन** दिनों अधिकतर लोग घर से ही काम कर रहे हैं। आवश्यकता न होने पर घर से बाहर जाकर काम करना फिलहाल सुरक्षित भी नहीं है। ऐसे में जब पिछले साल लोग घर से काम कर रहे थे तब तो सबकुछ बहुत अच्छा था क्योंकि इस वर्ष लोगों के लिए यह सामान्य हो चुका है, साथ ही बाहरी माहोल से भी लोग परेशान होते रहते हैं लेकिन ऐसे में इस बात का प्रभाव आपकी पत्नी पर पड़े, यह भी तो बिल्कुल जायज नहीं है इसलिए बहुत जरूरी है कि आप इस बात पर गौर फरमाएं कि आप भी तो कहीं घर पर रहते हुए यह चीजें नहीं करते हैं? चिढ़चिढ़ करना

यदि आप घर पर काम करते वक्त चिढ़चिढ़ करने लगे हैं तो थोड़े दिन तो कोई भी सह लेगा, आपसे प्यार से रहेगा लेकिन कुछ दिनों बाद यह बर्दाश्त के बाहर होगा क्योंकि जिस तरह आप परेशान हो रहे हैं घर में रहकर वैसे ही आपकी पत्नी भी परेशान होती हैं लेकिन यदि वे जाहिर नहीं कर रही हैं तो तय बात है कि वे आप के और अन्य लोगों के बारे में सोच रही हैं तो आपको भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए। मनमानी करना

ध्यान रखें कि जितना घर आपका है, उतना ही आपकी पत्नी का भी है। ऐसे में सिर्फ इसलिए आप अपनी मनमानी करें कि आप घर पर रह रहे हैं तो यह व्यवहार बिल्कुल भी उचित नहीं है। उनकी इच्छाओं और दिनचर्या का भी सम्मान करें। पूरे घर को अपने हिसाब से चलाने का आपका प्रयास व्यर्थ है। सबके अनुसार घर में रहें। आदेश देना

यदि आप काम करते वक्त एक जगह पर बैठ जाते हैं और उसके बाद हर बात के लिए अपनी पत्नी को आदेश देते रहते हैं तो तय बात है कि एक दिन पत्नी आप पर गुस्सा हो जाएगी कि क्योंकि उनके भी अपने खुद के बहुत सारे काम हैं और छोटे- मोटे खुद के काम व्यक्ति को स्वयं ही करना चाहिए। यदि आप आदेश रहे हैं तो यह बिल्कुल भी अच्छी बात नहीं है। यदि वे खुद से आपके काम करती हैं तब बात अलग है। हर बात में हस्तक्षेप करना

यदि सिर्फ इसलिए कि आप दिनभर ऑफिस में रहते हैं और आपको पता नहीं होता है कि आपकी पत्नी किस तरह घर के काम करती हैं आप उन्हें बात-बात पर ज्ञान देने या उस काम को करने का तरीका बताने लगते हैं तो यह कोई अच्छी बात नहीं है। सोचकर देखिए यदि वे आपके काम में बार-बार हस्तक्षेप करें जबकि उनको उस विषय में इतनी जानकारी भी न हो तो आपको कैसा महसूस होगा इसलिए इस बात का विशेष ख्याल रखें।



## स्पीड न्यूज

### मुखिया ने स्कूल का किया निरीक्षण



**मांडू ।** मांडू चट्टी मुखिया अनिता देवी ने 6 मई को राजकीय मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राजकीय मध्य विद्यालय के प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शिक्षिका शकुंतला देवी ने मुखिया को बताया कि स्कूल का प्रभार मौखिक तौर पर मिला है । लिखित में नहीं यह बात सुनते ही मांडू चट्टी मुखिया भड़क उठी और इसकी सूचना तुरंत जिला शिक्षा अधीक्षक को दी । जिला शिक्षा अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मांडू प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि राजकीय मध्य विद्यालय पहुंचकर वस्तु स्थिति की जानकारी लेते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय को विस्तृत जानकारी लिखित तौर पर समर्पित करें।

### बेहतर मंच है जागरणः तिवारी महतो



**कुजू।** श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की समाप्ति के बाद शुक्रवार की रात्रि लोहसिंघना में जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरण का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए यज्ञ समिति के प्रति उन्होंने आभार जताया। साथ ही कहा कि यज्ञ का आयोजन होना गांव - समाज के लिए कल्याणकारी होता है। उन्होंने कहा कि जागरण के माध्यम से सनातनी अपने इष्ट देवताओं को याद करते हैं। जागरण एक ऐसा मंच है, जहां लोग अपने सारे गिले-शिकवे तथा थकान को भुला पाते हैं। इसके बाद जागरण का एसएस म्यूजिकल ग्रुप धनबाद के कलाकारों ने गणेश वंदना के साथ भजन प्रारंभ किया। तत्पश्चात विभिन्न देवी दवताओं की जीवंत झांकी प्रस्तुत की। इस बीच कलाकारों ने अपने बेहतरीन प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर मुखिया रामसेवक महतो, मिश्री लाल महतो, सुखदेव महतो, टेकलाल करमाली, मेघनाथ महतो, सोहन लाल महतो, दुलार प्रसाद, टेकलाल महतो, सविता कुमारी, सुशीला देवी, उमा कुमारी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### श्रमिक नेता के निधन पर शोक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय महासचिव डीके राय के निधन पर कोयलांचल भुरकुंडा व उरीमारी-सयाल प्रक्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौके पर अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा ने बताया कि 5 मई को डीके राय का निधन हो गया था। 6 कई को उनका दाह संस्कार किया गया। उन्होंने कहा कि स्व.डीके राय का निधन यूनियन के लिए अपूरणीय क्षति है। वे हमेशा मजदूरों का आवाज बुलंद करते रहें। उनकी कमी हमसबों को हमेशा खलेगी। डीके राय के निधन पर शनिवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ द्वारा सयाल क्षेत्र में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में सतीश सिन्हा, संजय मिश्रा, मुन्ना श्रीवास्तव, इंद्रदेव राम, गुरूदयाल ठाकुर, धर्मेंद्र मिश्रा, विकास सिन्हा, रामश्रृष्ठ, विनोद कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, अजीत कुमार, शिवनंदन दास, कमल सिंह, कमलेश कुमार, विनोद कुमार, शंकर सिंह, अनिल कुमार, राधिका सिंह, एसएस डे, रंधीर साव, शंकर कुमार, असल, सन्नी कुमार आदि शामिल हैं।

### मुखिया ने सीएम को भेजा पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत मुखिया सत्यवंती देवी ने ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाएं एवं अन्य समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर समाधान कराने का आग्रह किया है। सत्यवंती देवी ने दुंदुवा बालू घाट से ग्राम पंचायत के माध्यम से बालू उठाव करवाने का आदेश देने, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में आवश्यकता अनुसार 5 शिक्षकों को पदस्थापित करने, राजकीय बालिका उच्च विद्यालय भुरकुंडा में छात्र-छात्राओं (बालक-बालिकाओं) का संयुक्त शिक्षा चालू करवाने, कब्रिस्तान का चाहरदीवारी एवं मूलभूत सुविधाएं व उपलबध कराने, रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन न्यास में स्वीत तथा अनुमोदित आठ प्रमुख लंबी सड़कें राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा से नायक टोला, रोल टोला, आजाद नगर, हरिजन टोला, भुंईया टोला, सरना टोला, मांझी टोला, शिवनगर नगर मोहल्ला, चालीस नंबर मोहल्ला, बीटीटीआई मुहल्ला तक सड़क निर्माण, ग्राम दुंदुवा के हनुमान मंदिर मुख्य पथ से जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा पुराना भवन होते बिरसानगर तक सड़क एवं पुलिया का निर्माण, नायक टोला हनुमान मंदिर से पुराना थाना मोहल्ला तक सड़क एवं पुलिया का निर्माण, बुध बाजार हाट मुख्य पथ से मयूर स्टेडियम होते बीटीटीआई मोहल्ला तक सड़क एवं पुलिया का निर्माण, दुंदुवा मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय होते मांझी टोला के संजय मांझी के घर तक सड़क का निर्माण, ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला के बीटीटीआई मुहल्ला से ग्राम पंचायत इमली गाछ के इमली गाछ मोहल्ला तक मिलान पथ का निर्माण, ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला के ग्राम दुंदुवा से बिरसानगर होते ग्राम पंचायत चोरघरा के जुबली मोड़ तक मिलान पथ का निर्माण, बिरसानगर से जुबिली महाविद्यालय तक सड़क का निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीति प्रदान करने का आग्रह किया गया है।

# छह वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुंडू में डॉक्टर नहीं

- मरीजों को इलाज के लिए जाना पड़ता है 22 किमी दूर
- विधायक, सांसद व स्वास्थ्य प्रभारी पर उठ रहे कई सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केरेडारी।** हजारीबाग जिला अन्तर्गत केरेडारी प्रखण्ड क्षेत्र के बुंडू पंचायत जो प्रखंड मुख्यालय से महज 22 किलोमीटर दूर में करोड़ो की लागत से दो एकड़ जमीन में बनी एक बड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 2017 में बनकर तैयार हो चुकी थी। लेकिन डॉक्टर के अभाव में आज तक एक भी डॉक्टर नहीं है।

पुसनी बिरोहरणी बताती है कि जब हमलोगों को कोई बीमारी होती है । बुखार सर्दी खासी जैसी अन्य बीमारियां होती है तब हमलोगों को बहुत बड़ी समस्या का सामना कर 22 किलोमिटर केरेडारी वा 50 किलोमीटर हजारीबाग बड़कागांव जा कर इलाज कराते है।इस प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र का कोई उपयोग नही होता है।क्योंकि इस केंद्र में न कोई डॉक्टर न कोई नर्स बैठते है । सिर्फ एक गार्ड रखा नाम का, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है कोई काम का नही है।

फुलवा देवी बताती है कि स्थानीय विधायक सांसद, सरकार क्या जाने कि हम लोग की परेशानियों का । स्थानीय विधायक सांसद सरकार बड़े-बड़े हॉस्पिटलों में इलाज करवाते हैं और हम लोग को एक डॉक्टर और एक नर्स का भी व्यवस्था नहीं करवाते हैं

**क्या कहते हैं सिविल सर्जन** :हजारीबाग सिविल सर्जन से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि बुंडू अस्पताल का सारी प्रक्रिया पूरी हो गई है डॉक्टर का भी अपार्टमेंट लेटर आ गया है बहुत जल्द वहां पर डॉक्टर और नर्स के देखरेख में कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

**क्या कहते हैं मुखियाः** बुंडू मुखिया तुलसी तुरी बताते हैं कि हॉस्पिटल बनकर तैयार है लेकिन डॉक्टर ना होने के कारण यहां हम लोग को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है यहां से केरेडारी या कल्याणपुर ले जाने में कई बार महिलाओं को ड्राइवरी रोड में ही हो जाती है कितनी बार इलाज के अभाव में अपने जान गवा बैठे हैं हम लोगों ने हजारीबाग डीसी को लिखित आवेदन दिया लेकिन आज तक हम लोग का कोई सुनने वाला नहीं है।




**क्या कहते है प्रमुखः** केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि बुंडू का हॉस्पिटल बनके तैयार है लेकिन डॉक्टर और नर्स के अभाव में वहां के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करनी पड़ रही है सरकार तो आवेदकों के माध्यम से अस्पताल बनाती है लेकिन व्यवस्था ना होने के कारण आज सभी बेकार पड़े हैं ।

# रामगढ़ : अलग-अलग हादसे में तीन की मौत

**काला शनिवार : रामगढ़ फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत और एक पत्रकार घायल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ ।** शनिवार का दिन रामगढ़ जिले के लिए एक बार फिर एक काला दिन साबित हुआ। सड़क दुर्घटना में मौत हुई तो कहीं अगलगी की घटना में भारी नुकसान हुआ। रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत कोठार फोरलेन पर दो अलग अलग अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई।




जबकि रामगढ़-बोकारो मार्ग में स्थित जिला समाहरणालय के निकट सड़क दुर्घटना में एक पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पहली घटना कोठार ओवर ब्रिज के निकट एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत युवक की पहचान सिमराबेड़ा महुआटांड़ बोकारो निवासी महेंद्र किस्कू (23) के रूप में की गई है। दूसरी घटना शनिवार की शाम ग्राम कोठार के समीप एनएच 33 पर हुई। रांची से हजारीबाग की ओर जा रहे बुलेट पर सवार दो युवकों को पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक चकनाचूर हो गई और दोनों युवकों की मौत मौके पर ही हो गई। इधर, घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर अभय कृष्ण गिरी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर दोनों युवकों का शव अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक दोनों की पहचान नहीं हो पाई है। रामगढ़-बोकारो मार्ग पर स्थित जिला समाहरणालय के निकट सड़क हादसे में वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पत्रकार को स्थानीय लोगों के सहयोग से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

### मृत सीसीएल कर्मी के पुत्र को प्रबंधन ने दिया नियुक्ति पत्र

**रामगढ़।** अरगड्डा क्षेत्र के एसओपी गिरिशचंद्र ने शनिवार को मृत सीसीएलकर्मी अजय सिंह के पुत्र रितेश कुमार सिंह को नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया। साथ ही बेनिवॉलेंट फंड के 75000 रुपए का चेक भी प्रदान किया। गिद्दी सी परियोजना में कार्यरत शॉवेल ऑपरेटर अजय सिंह की शुक्रवार को रात में भुरकुंडा जवाहर नगर स्थित क्वार्टर से गिद्दी सी ड्यूटी जाने के क्रम में हाईवा के धक्का से मौत हो गई थी। इसके बाद क्षेत्र के यूनियन नेताओं और कर्मियों ने कर्मी के आश्रित पुत्र को अविलंब नौकरी देने की मांग करने लगे। इसके बाद रात्रि में ही क्षेत्र के जीएम ने आश्रित पुत्र को नौकरी देने का आश्वासन दिया था। जिसके बाद शनिवार को एसओपी ने पुत्र रितेश कुमार सिंह को नौकरी की प्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया। इस अवसर पर एनसीओओआई के क्षेत्रीय सचिव अरुण सिंह, कोफीमयू के क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पांडेय, बीसीकेयू के क्षेत्रीय सचिव गौतम बनर्जी, इनमोसा के क्षेत्रीय सचिव मधुसूदन सिंह, जन्मेजय सिंह, मनोकामना सिंह, कृष्णा सिंह, गोपाल भगत, मंगरु महतो, सर्वजीत सिंह व अन्य उपस्थित थे।


### मंदिर उद्घाटन के लिए लाये गये मूर्ति का साथ स्वागत

**बड़कागांव।** नापोखुर्द पंचायत के डोकाटांड में 8 से 16 मईतक श्री श्री 1008 श्री गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया जाना है।इस मंदिर में मूर्ति स्थापित के लिए बहुप्रतीक्षित, विधिवत शास्त्र के अनुसार शिवलिंग, गणेश,कार्तिक ,राधे कृष्ण,पंचमुखी हनुमान, नंदी बाबा (प्रतिमा) गांव लाया गया।इसका स्वागत गाजे-बाजे के साथ ग्राम नयाटांड चौक से खराटी ,गोसाई बलिया, होते हुए पैदल चलकर डोकाटांड शिव मंदिर तथा यज्ञ मंडप होते हुए नापोखुर्द पंचायत भ्रमण कराते हुए यज्ञ मंडप एवं शिव मंदिर डोकाटांड लाया गया । 8 मई को सुबह 5 बजे कलश यात्रा का आयोजन किया गया है,जिसमें लगभग 1500 श्रद्धालु ,महिला पुरुष भाग लेंगे। स्वागत में महायज्ञ समिति के संयोजक शिव शंकर कुमार साव, अध्यक्ष हरी साव, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, सचिव राजकुमार साव, उपसचिव शंभू नाथ साहू, दशरथ साव, कारू साव , उपाध्यक्ष बोधन साव, बिंदु साव, संरक्षक कन्हाई साव, उपकोषाध्यक्ष दीपक साव, जीबलाल साव, ढलन साव,बसंत कुमार ठाकुर इत्यादि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामगढ़ :जेईई मेंस में अग्रसेन डीएवी भरेचनगर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कुजू।** अग्रसेन डीएवी भरेचनगर के छात्र छात्राओं ने जेईई मेन-2023 की परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। विद्यालय के छात्र आदित्य कर्ण ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है, वहीं छात्रा मनीषा कुमारी और राहुल कुमार महतो ने जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन किया है।

विद्यालय की छात्रा आदिति गुप्ता एवं अनिता कुमारी ने भी इस परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। आदित्य करण ने 97.6 प्रतिशतता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है, मनीषा को कुमारी ने




93. 6 तथा राहुल कुमार महतो ने 93 प्रतिशतता हासिल की है ओबीसी संवर्ग में आदिति गुप्ता 85. 6 तथा मनीषा कुमारी ने 82. 7 प्रतिशतता हासिल कर शानदार सफलता हासिल की है विद्यालय के प्राचार्य श्री निशिकांत कर ने छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा आशा व्यक्त की है कि आने वाले वर्षों में विद्यालय के छात्र सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित करेंगे ' विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों ने भी छात्र-छात्राओं के इस सफलता पर उन्हें और उनके अभिभावकों को बधाई दी है एवं उनके लिए शुभकामनाएं व्यक्त की है। छात्र छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# मुख्यमंत्री के दौर को ले डीसी ने पतरातू ले का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पतरातु लेक रिजॉर्ट आ सकते हैं। अगले 72 घंटे में कभी भी मुख्यमंत्री का आगमन होने की संभावना है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे, डीटीओ सौरभ प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों ने पतरातु लेक रिसॉर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रिसोर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

इस क्रम में जिला प्रशासन एवं पतरातु लेक रिसोर्ट के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। दौरे के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन बड़ी संख्या में पतरातु लेक रिसोर्ट में आ रहे पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिसोर्ट में भीड़ भाड़ नियंत्रित करने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई निर्देश दिए। पतरातु लेक रिसोर्ट



में बड़ी संख्या में पर्यटक नौका विहार करते हैं। उपायुक्त ने रिसॉर्ट के अधिकारियों को नौका विहार के लिए सभी दिशानिर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने के उपरांत ही पर्यटकों को नौका विहार की अनुमति देने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने रिसोर्ट में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए पर्यटकों को और भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

## एक नजर में

### सीओ ने विधवा को किया जमीन आवंटित



**बरही।** प्रखंड के मलकोको पंचायत अंतर्गत एक विधवा महिला को जमीन आवंटित कर पीएम आवास देने का निर्देश दिया।विगत कई वर्षों से महिला विद्यालय भवन में रह रही थी। जिसे लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो को मामले की जानकारी दी थी। अंचलाधिकारी श्री टोप्पो ने उक्त महिला को दो डिसमिल जमीन आवंटित किया। साथ ही पीएम आवास निर्माण के लिए आवेदन स्वीकार कर जल्द निर्माण के लिए आदेश दिए।बतातें चले कि सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने जमीन को चिन्हित कर नक्शा भी महिला को सौप दिया है। उन्होंने लाभुक सुदामा देवी को जल्द से जल्द आवास निर्माण का कार्य करवाने की बात कही। वही महिला सुदामा देवी ने खुशी जाहिर करते हुए सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ का आभार जताया है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सूरज दास भी मौजूद रहे।

### चरही में मंडा पूजा धूमधाम के साथ संपन्न

**चरही।** सात दिवसीय आस्था का महापर्व शिव-पार्वती मंडा पूजा धूमधाम के साथ शनिवार को संपन्न हो गया।श्रद्धालुओं ने लगातार 7 दिनों तक लोटन सेवा करते रहे।इस पूजा का शुरूआत पटभंगी पूजा से किया गया था।शुक्रवार रात को शिव मंदिर में शिव भक्तों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान शिव पर भभूत अर्पन किया।उसके बाद भगवान शिव पर अर्पित किये गए भभूत को पूरे गांव में वितरण किया गया।इस अवसर पर पूजा कमिटी के द्वारा मेला का आयोजन किया गया था।साथ ही दर्शकों के लिये छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया था।दूर-दराज के गावं से आये लोगों ने रात-भर मेले और नृत्य का आनंद लेते रहे।शनिवार को अहले सुबह शिव भक्तों ने दहकते आग के अंगारों पर नंगे पांव चले।इस कार्यक्रम को संपन्न होने के बाद पुनः शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद शिव भक्तों ने अपने-अपने पीठ पर लोहे के बने मोटे-मोटे और नुकिले कील को गुथवाकर रस्सी के सहारे 50 फीट के बने बनस झूला को झुलकर इस पूजा को संपन्नकर पारण किया। मंडा पूजा को सफल बनाने में पुजा कमिटी के बासुदेव करमाली,उमेश सिंह,अजीत सिंह,भुनेश्वर ठाकुर,रमेश करमाली,सत्येन्द्र नारायण सिंह, कुलेश्वर करमाली ,किशुन महतो,बडेलाल ठाकुर,छोटेलाल ठाकुर,बंगाली करमाली,गुडू महतो,शिव कुमार यादव,दीपनारायण महतो सहित कई लोग थे।

### रूद्र महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**दारू।** मेढकुरी पंचायत अंतर्गत मेढकुरी कला में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई ।कलश यात्रा में 551 महिला व कन्याओं ने कलश लिया।कलश यात्रा में मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद सदस्य गीता देवी, मुखिया भोला तुरी, बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर मेहता, ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पांडे ने श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर से कलश देकर विदा किया। कलश यात्री 2.5 किमी पदयात्रा कर शिवाने नदी पहुंचे इस बीच गाजे बाजे के साथ झूमते हुए हर हर महादेव, जय भोलेनाथ, जय माता दी की खूब जयकारा लगा।पूरा क्षेत्र जयकारों से गूंज उठा। यज्ञाचार्य ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना किया जिसके साथ श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप पहुंचकर कलश स्थापित किया। सभी को शरबत व फल देकर उपवास तुड़वाया गया। यज्ञ आचार्य राजकुमार पांडे ने कहा कि यह पांच दिवसीय महायज्ञ 6 मई से 10 मई तक चलेगा जिसमें से 6 मई को जलयात्रा, मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन, अरणी मंथन, एवं जलाधिवाश। 7 मई को वेदी पूजन, अनाधिवास, फलाधिवास, हवन एवं संध्या आरती। 8 मई को वेदी पूजन, पुष्पाधिवास, हवन एवं संध्या आरती। 9 मई को वेदी पूजन, नगर भ्रमण, सययाधिवास एवं संध्या आरती। वही 10 मई को वेदी पूजन, महास्नान, अखंड कीर्तन, प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूणाहुति एवं संध्या में प्रसाद वितरण और भक्ति जागरण के कार्यक्रम के साथ समापन होगा। मौके पर यज्ञ समिति अध्यक्ष तुलेश्वर पांडे सैकड़ों महिलाएं ,पुरुष तथा बच्चियां शामिल रहें।

### बरही में अपहृत नाबालिग बरामद, युवक गिरफ्तार

**बरही।** पुलिस ने बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोत निवासी 20 वर्षीय राहुल कुमार पिता उमेश कुशवाहा को घर में घुसकर नाबालिग लड़की का अपहरण करने, जाति सूचक गाली देने, गोदरेज से रूपया ले लेने व धमकी देने आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ललित कुमार ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि बरही थाना काण्ड संख्या 188/ 23, दिनांक 27/04/2023, धारा 448, 363, 365, 366 (ए), 504, 506, 379, 34 भादवि, 3(1)(आर)/3(1)(एस) एक्ट एवं 8/12 पोक्सो एक्ट वादिनी के लिखित आवेदन के आधार पर उक्त काण्ड अंकित किया गया था। जिसमें वादिनी द्वारा प्राथमिकी के 04 नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध इनके घर में घुसकर इनकी नाबालिग पुत्री का अपहरण करने, जाति सूचक गाली देने, गोदरेज से रूपया ले लेने व धमकी देने का आरोप लगाया गया है। काण्ड अनुसंधान के दौरान वरीय पदाधिकारी के निर्देशण एवं पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टीम के द्वारा छापामारी करते हुए उक्त काण्ड के अपहता पीड़िता को बरामद किया गया तथा उक्त काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में अग्रसारित किया गया। छापामारी दल में पुअनि बिपिन कुमार यादव, पुअनि आकाश कुमार चौपारण थाना, महिला आरक्षी 582 हेमन्ती कुमारी, बरही थाना रिजर्व गार्ड शामिल रहे।

### रोहित हत्याकांड मामले में तीन गिरफ्तार

बरही। बीतें दिनों 3 मई को बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत मलकोको पंचायत के चतरो गांव में मारपीट मामले में रोहित कुमार पंडित की मौत इलाज के दौरान रिम्स रांची में हो गयी। जिसके तहत पुलिस ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न जगहों पर छापेमारी की। जहां सीताराम पंडित उम्र 24 वर्ष पिता सेवा पंडित, सेवा पंडित उम्र करीब 50 वर्ष पिता स्व. सोभन पंडित, सीताराम पंडित की पत्नी तीनो ग्राम चतरो थाना बरही जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। बताते चलें कि बरही थाना कांड संख्या 201/23 दिनांक 03/05/23 धारा 147, 148, 149, 341, 323, 337, 338, 307, 504, 506, 452 भादवि के तहत वादी रोहित कुमार पंडित के कम्प्युटर टंकित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी के 10 नामजद अभियुक्तो के विरुद्ध लाठी, डंडा तथा ईंट लेकर घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने के आरोप में उक्त काण्ड अंकित किया गया। उक्त काण्ड के जख्मी रोहित कुमार पंडित की 04.05.2023 को ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। काण्ड अनुसंधान के दौरान वरीय पदाधिकारी के निर्देशण एवं पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टिम के द्वारा छापामारी करते हुए उक्त काण्ड के 03 (तीन) प्राथमिकी अभियुक्तों को ग्राम बरमोरिया, थाना चौपारण जिला हजारीबाग से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में अग्रसारित किया गया। अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतू छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी ललित कुमार, पु.अ.नि. चन्दन कुमार साव, पु०प्र०नि० महेन्द्र बैठा, पु०अ०नि० लक्ष्मण बोबोंगा, स०अ०नि० राजा राम हाँसदा, स०अ०नि० दिनेश कुमार महतो समेत अन्य शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### बालू लदा ट्रैक्टर का चालक गिरफ्तार

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के मुरगु करंज टोली के समीप अवैध बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़कर अपने कब्जे में कर चालक पुगु करमडीपा के रंथू उरांव को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। सिसई पुलिस के पदाधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बालू का अवैध कारोबार मुरगु क्षेत्र में हो रहा है। जिसे लेकर छापामारी की गयी। जिसमें अवैध बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर को कब्जे में कर रंथु उरांव को गिरफ्तार किया गया था।

### टाटी मुखिया का निधन, प्रखंड में मातम



**कुडू, लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के टाटी पंचायत के मुखिया बंदे उरांव का शनिवार को देहांत हो गया। इससे पूरे प्रखंड में मातम छा गया। बताया जाता है कि बंदे उरांव हार्ट और किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। कुछ दिन पहले रांची में उनका इलाज भी चल रहा था। शनिवार को अचानक वे घर में बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लाये। जहां डॉक्टरों में उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गयी है।

### बीडीओ ने ली टीकाकरण की जानकारी



**घाघरा।** प्रखंड के सरजामा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में हो रहे टीकाकरण व स्वास्थ्य जांच का शनिवार को बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने निरीक्षण किया। इस क्रम में सीएचओ, सहिया एवं एएनएम से कई जानकारी ली, साथ ही जरूरी दिशा निर्देश दिये। वहीं पोषण से संबंधित आहार की भी जानकारी ली। बीडीओ ने कहा कि आंगनबाड़ी में चल रहे स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। मौके पर कल्याण पदाधिकारी विनोदानंद पाठक, एएनएम सहिया सीएचओ, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका उपस्थित थे।

### टेंपो की टक्कर में वृद्ध महिला घायल



**घाघरा।** घाघरा ब्लॉक चौक के समीप शनिवार को अज्ञात टेंपो की टक्कर में वृद्ध महिला टांगर शिकवार निवासी कलशनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। वहीं वाहन चालक टेंपो लेकर फरार हो गया। इस क्रम में ब्लॉक परिसए से बाहर निकल रहे घाघरा भाजयुमो अध्यक्ष आशीष सोनी, समाजसेवी अमित ठाकुर घायल वृद्ध महिला को देख ग्रामीणों के सहयोग से घायल को टेंपो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया।

### 13 के राष्ट्रीय लोक अदालत पर हुई चर्चा



**लोहरदगा।** झालसा रांची के कार्यकारी अध्यक्ष ने विगत 4 मई को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राज्य के सभी जिलों के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, सभी जिले के उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष व डालसा सचिवों की बैठक बुलाई थी। जिसमें झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष ने कई दिशा निर्देश दिए थे। उन्हीं दिशा निदेर्शों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक अपने कार्यालय चैंबर में की। बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी बैठक डालसा सचिव राजेश कुमार के देखरेख में हुई।

### शहरी क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय में शौचालय की स्थिति बेहद दयनीय



**गुमला।** मिशन बदलाव महिला जिला सचिव सैयदा खातुन और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में राजकीय मध्य विद्यालय गुमला के प्रांगण में अभिभावकों के आग्रह पर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में अभिभावकों ने मिशन बदलाव के टीम को बताया कि स्कूल का भवन जर्जर अवस्था में है और सभी कंडम स्थिति में है। विद्यालय में शौचालय की स्थिति दयनीय है। मिशन बदलाव के ज्योति वर्मा ने कहा कि शहरी क्षेत्र में स्थित स्कूल की स्थिति बहुत खराब है एवं स्कूल में आने वाले बच्चों को शौचलय की सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करायी गयी है। बहुत सारे बच्चे रोड के किनारे पेशाब करते है और वो स्कूल आना भी नहीं चाहते। शौचलय के समस्या को लेकर स्कूलों एवं अभिभावकों के द्वारा पत्रचार भी पदाधिकारी एवं उपायुक्त से किया गया। लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं हुआ। स्कूलों में एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बच्चे पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा सिर्फ नारों तक ही सीमित है न शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त है और ना ही पीने के पानी की व्यवस्था की जुगाड़ है। शौचालय है पर दरवाजा टूटा हुआ है. शौचालय में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं छात्राएं गंदा टंकी का पानी पीकर बीमार भी हो सकती है। एक चापाकल है। जिसके चारों ओर भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्कूल में लगभग 390 बच्चे पढ़ रहे है।

### धूमधाम से मनेगा जिला स्थापना दिवस

- उपायुक्त ने जिले के पदाधिकारियों के साथ की तैयारी बैठक
- विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के अलावा होंगे कई उदघाटन, सम्मान समारोह भी है प्रस्तावित

**गुमला।** आगामी 18 मई को गुमला जिले के स्थापना की 40 वीं सालगिरह है। इस मौके को ऐतिहासिक बनाने के लिए उपायुक्त श्री सुशांत गौरव ने सभी अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। कहा कि उक्त कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाना चाहिए। आयोजन की सफलता को लेकर शनिवार को अपराह्न में उपायुक्त ने अपने सभाकक्ष में जिले के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ तैयारी बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के प्रमुख चौक चौराहों की साफ-सफाई व साज सज्जा करवाएं। स्कूली बच्चों के बीच 40 वें स्थापना दिवस को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाएं। साथ ही इन 40 वर्षों के दौरान गुमला जिले के लिये जो व्यक्ति, समूह, परियोजनाएं या घटनाएं प्रमुख रूप से मील के पत्थर साबित हुए हों उनसे संबंधित तथ्य संकलन करते हुए एक स्मारिका तैयार करवाएं। स्थापना दिवस के मौके पर मिलेट कैफे, महिला लाइब्रेरी आदि जैसी कई नवाचारी योजनाओं के उदघाटन की भी तैयारी चल रही है। गुमला जिले के ऐसे लोगों जिनके द्वारा समाज में निस्वार्थ भाव से सेवा की जा रही है को चिन्हित कर सम्मानित करने की भी योजना है।

# प्रोजेक्ट स्माइल : एक संवेदनशील प्रयास, ताकि चेहरों पर लौट सके मुस्कान

- कटे-फटे होंठ और संबंधित समस्याओं के निदान एवं निवारण हेतु जिला प्रशासन का प्रयास
- दूसरे चरण में आज ऐसे सैकड़ों बच्चों की हुई स्क्रीनिंग, होगा निशुल्क इलाज
- उपायुक्त और एसडीओ ने जांच शिविर का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता





शिविर में लोगों से बातचीत करते उपायुक्त सुशांत गौरव और जांच के दौरान शिविर में उमड़ी जरूरतमंदों की भीड़।

**गुमला।** कटे फटे होठों वाले लोगों के जीवन में नयी खुशियां लाने के लिए जिले में प्रोजेक्ट स्माईल चलाया जा रहा है। उपायुक्त सुशांत गौरव ने एक अभिनव प्रयास आरंभ किया गया है। प्रोजेक्ट स्माइल नाम से शुरू हुए इस अभियान के तहत ऐसे बच्चों को न केवल चिन्हित किया जा रहा है। बल्कि उनका आयुष्मान कार्ड बनवाना, उनके लिए शिविर लगाना तथा देवकमल अस्पताल से समन्वय स्थापित करते हुए उनकी सर्जरी की व्यवस्था करवाना आदि इस मुहिम में शामिल है। इस क्रम में एक बार सदर अस्पताल गुमला में व्यापक कैंप का आयोजन किया गया था। उसी तर्ज पर शनिवार को भी गुमला सदर अस्पताल में देवकमल अस्पताल के तत्वाधान में एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। शनिवार को रांची के देवकमल अस्पताल द्वारा गुमला में लगभग दो सौ पचास कटे-फटे होंठ, तालु, क्लब फूट, जलने से हुई विकृति सहित अन्य असाध्य बीमारियों की निःशुल्क जांच की गयी। जांच के बाद सर्जरी के लिए ग्यारह कटे-फटे होंठ तालु, 75 जलने से हुई विकृति और 6 क्लब फुट के रोगियों की पहचान की गई। देवकमल अस्पताल द्वारा सदर अस्पताल, गुमला में आयोजित जांच शिविर में उपायुक्त गुमला श्री सुशांत गौरव, अनुमंडल पदाधिकारी श्री रवि जैन, प्रशिक्षु आईएएस श्री आशीष गंगवार, एसीएमओ डॉ प्रमोद कुमार सिन्हा ने उपस्थिति होकर जांच शिविर का निरीक्षण किया। उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि बीते दिनों जिले में एक अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत क्लेफ्ट नोज के मरीजों को चिन्हित किया गया। उक्त अभियान को प्रोजेक्ट स्माइल अथवा मुस्कान परियोजना का नाम दिया गया।

### 450 से अधिक मरीज किये गये हैं चिह्नित

मुस्कान परियोजना (प्रोजेक्ट स्माइल) के तहत लगभग 450 से अधिक मरीजों को चिह्नित किया गया तथा कैंप के मध्यम से सभी मरीजों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। जिसके बाद उन मरीजों के इलाज हेतु रांची के प्रसिद्ध अस्पताल देवकमल अस्पताल के डॉक्टर्स की सहायता से जिले में कैंप का आयोजन करते हुए मरीजों का निः शुल्क जांच करवाया गया। उपायुक्त ने कहा कि इस क्रम में यदि कोई मरीज छूट जाये तो पुनः उनके लिए ऐसे कैंप का आयोजन किया जायेगा एवं सभी छूटे हुए मरीजों का निःशुल्क जांच एवं इलाज करवाया जायेगा। इस पूरे अभियान में अस्पताल प्रबंधन समिति के नोडल सह एसडीओ सदर एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी की मुख्य भूमिका रहीं। इस दौरान देवकमल अस्पताल के डॉ अनंत सिंहा, डॉ लक्ष्मी, डॉ तनवे प्रसाद, सहयोगी श्री सुरेन्द्र महतो, मनोज कुमार, स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशम खाखा, जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री अभिनित आनंद, जिला डाटा प्रबंधक राजीव कुमार, एसटीटी रामाकांत, बीटीटी अंजना साहु, नुरे अफसा, रोजालिया कुजूर, बबीता देवी, अंजू खलखो, सहायक प्रवीण सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने योगदान दिया।

# पेड़ से टकरायी मारुति कार, सात लोग घायल

## सभी घायलों की स्थिति नाजुक, रांची धुर्वा के रहने वाले हैं

खबर मन्त्र संवाददाता





**घायलों के नाम :** शिवानी खेस (35), सुरुचि कुमारी (60), बिहारी लकड़ा (58), अक्षुण लकड़ा (35), शांता कुमारी (55) व छोटी कुमारी (7)

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के नवडीहा गांव के समीप मारुति कार के पेड़ से टकरा जाने से उसमें सवार 7 लोग घायल हो गया। सभी घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई। ग्रामीणों व पुलिस की मदद से सभी को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद सभी को गुमला रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सभी रांची धुर्वा पतरा टोली के रहने वाले है। शादी समारोह में शामिल होने के लिए डुमरी आए थे। जहां से मारुति गाड़ी में सवार होकर सभी वापस ध्रुवा लौट रहे थे। इसी दौरान नवडीहा के समीप चालक बिहारी लकड़ा का आंख लग गया। जिससे सीधे जाकर पेड़ से गाड़ी टकरा गयी। जिससे सभी सवार फंस गये।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी एंबुलेंस खराब :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के सभी एंबुलेंस खराब पड़े हैं। घटना के बाद जब गुमला रेफर किया गया तो अफरा तफरी मच गयी। इस दौरान अस्पताल के कर्मियों से भी ग्रामीणों की तीखी नोकझोंक हुई। **ऑक्सीजन प्लांट लगे हैं, पर ऑक्सीजन नहीं :** स्वास्थ्य केंद्र में ऑक्सीजन का प्लांट लगा है पर अस्पताल में ऑक्सीजन नहीं है। कई घायलों को ऑक्सीजन की जरूरत थी, पर बगैर ऑक्सीजन के ही गुमला रेफर किया गया। इससे अबतक कई लोगों की जान भी जा चुकी है।

# घाघरा: 10 लाख की कीमत का सखुआ बोटा किया गया जब्त

- घाघरा पुलिस और वन विभाग की टीम ने चलाया संयुक्त छापामारी अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना पुलिस व वन विभाग की टीम ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर कर बेशकीमती सखुआ का बोटा बरामद किया है। फॉरेस्टर शेखर सिंह ने बताया कि बीते रात गुप्त सूचना के आधार पर पता चला था कि गम्हरिया पुरानी पानी टंकी के समीप भारी मात्रा में सखुआ का बोटा रखा हुआ है। जिसके बाद घाघरा थाना के सहयोग से उक्त जगह पर छापेमारी की गई। जहां से 28 सखुआ का बोटा बरामद किया गया। जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये होगी।

### छत्तीसगढ़ से लाकर इस जगह पर रखा गया



जांच के उपरांत पता चला कि प्रमोद जायसवाल नामक व्यक्ति के जमीन पर सभी बोटा रखा हुआ है जो घाघरा निवासी सचिन जायसवाल के द्वारा लाया गया था। साथ ही फॉरेस्टर ने यह भी बताया कि इतना मोटा सखुआ इस इलाके में नहीं है। इसे छत्तीसगढ़ से लाकर इस जगह पर रखा गया। यहां से लोहरदगा भेजने की योजना थी। उसे पहले ही गुप्त सूचना मिली जिसके बाद कार्रवाई करते हुए लकड़ी का वोटा बरामद किया गया। इस पूरे प्रकरण में घाघरा निवासी सचिन जयसवाल व जमीन मालिक प्रमोद जयसवाल का नाम सामने आया है। इन दोनों के ऊपर कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वही अन्य लोगों की संलिप्तता पर भी जांच पड़ताल किया जा रहा है जो भी शामिल होंगे सभी पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

## तंबाकू के इस्तेमाल से जीवन हो जाता है तबाह : डॉ राजेश

- विद्यालय में तंबाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सक डॉ राजेश कुमार दंत चिकित्सक एवं गौरव डीन एन सी डी के नेतृत्व में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान का आयोजन राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा में किया गया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए दंत चिकित्सक डॉक्टर राजेश कुमार ने बतलाया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हमें भोजन चाहिए तंबाकू नहीं विषय पर लोगों को जागरूक होना होगा। तंबाकू के सेवन से दांत गंदा होता है साथ हीं कई गंभीर बीमारी का जन्म भी होता है। इसलिए तंबाकू का सेवन किसी भी परिस्थिति में नहीं करना चाहिए। टेलीविजन एवं सिनेमा में तंबाकू का खूबसूरत विज्ञापन आता है जिसके प्रभाव में आकर लोग तंबाकू सेवन करने लगते हैं। हमें जागरूक होने की आवश्यकता है।

## देश-परिवार प्रेम जागृत करने रिक्शा लेकर घनई निकला देश भ्रमण पर

- दशरथ मांझी को आदर्श मानकर युवाओं को जागरूक कर रहे हैं, बिहार के सारन छपरा जिला के मुफस्सिल थाना के तेंनुआ गांव के हैं घनई साव

खबर मन्त्र संवाददाता



**खास बातें :** जाति धर्म पर लड़ना बेकार है। भारत देश प्रेमियों का देश है। हम जीने के लिए खाते हैं खाने के लिए नहीं जीते। दशरथ मांझी अपनी बीबी के खो जाने के बाद दूसरों के लिए पहाड़ काटकर रास्ता बनाया था। उनके आदर्श पर वे युवाओं को जागृत करने निकले हैं। आज के युवा मोबाइल में यूट्यूब से पैसा कमाने के लिए स्कूल कॉलेज से भागकर यूट्यूब बनाते हैं।

**गुमला।** युवाओं को जाति धर्म के भेद भाव से दूर रखने, माता पिता की सेवा करने एवं शिक्षा का अलख जगाने रिक्शा से ऑल इंडिया टूर पर निकले बिहार के सारन छपरा जिला के मुफस्सिल थाना के तेंनुआ गांव निवासी 55 वर्षीय घनई साव रिक्शा चलाकर गुमला पहुंचे। घनई साव से जब यात्रा के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मैं दशरथ मांझी का दूसरा भाग बनने के लिए ऑल इंडिया टूर में निकला हूँ। हमारा मकसद हैं कि हर युवा ईमानदारी से पढ़ाई करे और मां-बाप की सेवा करें। किसी को कमजोर और गरीब ना समझें। हम सब भारतीय हैं।

### पति ने पत्नी को चाकू-ब्लेड से मारकर किया जख्मी

**गुमला।** थाना क्षेत्र के सरना टोली निवासी शिव कुमार उर्फ मुन्ना राम ने पत्नी सविता देवी (45) को चाकू व ब्लेड से मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी हालत में उसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल सविता ने बताया कि उसके पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति आक्रोश में आकर पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पत्नी को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट लगी है।

### गुमला : साइकिल से गिरकर युवक हुआ जख्मी

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के कतराटोली निवासी मीनजु उरांव का पुत्र रंथु उरांव (19) नशे की हालत में करंज मोड़ के समीप साइकिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के बाद परिजन उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां से डॉक्टरों ने गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है। उसके सर व चेहरे पर गंभीर चोट लगी है।

### सड़क दुर्घटना में एक बच्चे की मौत, एक घायल



**भंडरा।** भंडरा से सिसई जाने वाली सड़क पर लोहरदगा राइस मिल के पास मालवाहक (जेएच 19सी 5607) से दबकर एक 11 साल के बच्चे सोएब सेख पिता जियाउल सेख रंकुली सेरेंगदाग निवासी की मौत हो गयी। मृतक का भाई शाहिद शेख गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रिम्स भेज दिया गया है। दोनों भाई अपनी मौसी की शादी में शामिल होने बाइक से भरनो थाना क्षेत्र के पहरकेसा गांव जा रहे थे।

### 11 हजार बिजली के तार से घायल युवक का इलाज के उपरांत मौत, गांव में छाया मातम



**सेन्हा-लोहरदगा।** रामनवमी पर सेन्हा स्कूल मैदान में मेला को लेकर विद्युत सज्जा के दौरान 11 हजार बिजली तार के संपर्क में आने से जख्मी मनोज लंबे समय तक इलाज के उपरांत जिंदगी का जंग हार गया। मौत से गांव में शोक की लहर है। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल विद्यालय मैदान में रामनवमी के दौरान मेला लगा था। जिसमें विद्युत सज्जा सेन्हा के प्रकाश महतो का पुत्र मनोज कर रहा था। उसी दौरान मनोज 11 हजार बिजली तार के संपर्क में आने से बुरी तरह झुलस गया था। माथे में गंभीर चोटें आयी थी। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद देवकमल रांची में भर्ती कराया गया था। जहां लंबे समय तक इलाज के बाद स्थिति में सुधार होने पर 15 दिन पहले चिकित्सकों के परामर्श से घर लाया गया था। मनोज गरीब परिवर का होनहार और कमाऊ युवक था। जिसके इलाज में काफी पैसों की जरूरत थी।

## उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिये कई निर्देश

- जिले के 86 स्कूलों में है स्मार्ट क्लास रूम की सुविधा
- 60 से अधिक विद्यालयों में आईसीटी लैब की सुविधा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा शनिवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें उपायुक्त ने जिले में फाउंडेशन लर्निंग के तहत चल रहे अभियान के तहत गुमला, डुमरी एवं कमाडारा के आउटकम आधारित रिपोर्ट मांगा। जिसके तहत गुमला में 70% बच्चों की शैक्षणिक स्थिति में सुधार को देख कामडारा एवं डुमरी में भी उक्त अभियान चला रहा है।

उन्होंने सभी बीआरसी-सीआरसी को विद्यालयों में उक्त संबंधित रिपोर्ट तैयार कर 31 मई को प्रेजेंटेशन से रिपोर्ट दिखाने को कहा। वहीं सभी विद्यालयों में वजन एवं हाइट मापक की उपलब्धता को भी अनिवार्य बताया।

### जिले के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में ग्रीष्मवकाश 16 मई से 3 जून तक

**गुमला।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड रांची के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु कैलेंडर तैयार किया जा रहा है। जिसके अनुसार 5 जून 2023 से नया शैक्षणिक सत्र आरंभ किया जाना है। पूर्व में जिला द्वारा घोषित अवकाश तालिका में 9 जून 2023 तक ग्रीष्मवकाश है। उपर्युक्त परिस्थिति में ससमय शैक्षणिक सत्र 2023-24 प्रारंभ करने हेतु उपायुक्त के आदेश पर अवकाश तालिका में आंशिक संशोधन करते हुए 22 मई से 9 जून को परिवर्तित कर 16 मई से 3 जून तक जिले के सभी कोटि के प्रारंभिक विद्यालयों में ग्रीष्मवकाश घोषित किया गया है।

## भाषण प्रतियोगिता में सैंक्चुअरी फॉर एजुकेशनल नर्चर बना जिला चैंपियन



**लोहरदगा (खबर मन्त्र)।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय के भगवान बिरसा मुंडा सभाकक्ष में शनिवार को द्वितीय मनमोहन लाल अग्रवाल स्मृति जिला स्तरीय अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वन रहेंगे, हम रहेंगे विषयक भाषण प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के कक्षा नवम एवं दशम के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सैंक्चुअरी फॉर एजुकेशनल नर्चर (सेन) जिला चैंपियन बना। सेन की नेहा सिंह प्रथम, एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल की रिद्धिमा सिंह द्वितीय और सरस्वती विद्या मंदिर बड़कीचापी की मनीषा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक संपन्न

# चौक-चौराहों पर लगेगा गाड़ी संख्या डिटेक्ट करने वाला ऑटोमैटिक कैमरा : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त, उपस्थित अधिकारी।

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने शनिवार को जिले के वरीय अधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों के साथ जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक की। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा दिये गये प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक निर्णय लिया। उन्होंने डीएमएफटी क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य , शिक्षा, पेयजल, सुरक्षा जैसे मूलभूत सुविधा के उपलब्धता पर विशेष रूप से समीक्षा की।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी महत्वपूर्ण चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं ऑटोमैटिक गाड़ी संख्या डिटेक्ट करने वाले कैमरे का अधिष्ठापन करने हेतु प्रस्ताव की मांग की। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी नजर रखी जा सके उसके लिए भी प्रस्ताव देने की बात कही। उपायुक्त ने अकांक्षी प्रखंड डुमरी में भी डीएमएफटी के फंड के माध्यम से आगे का प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने 15 जून से पूर्व डीएमएफटी क्षेत्र अंतर्गत सभी पुस्तकलायों का उद्घाटन करने का निर्देश दिया।

**खास बातें :** जिला परिषद किरण बाड़ा ने सिसई थाना परिसर में ओपन जिम, खेल मैदान का बाउंड्री करने, थाना परिसर अंतर्गत शेड निर्माण आदि प्रस्ताव दिये। जिसपर उपायुक्त ने गंभीरता दिखाते हुए कहा कि जल्द ही क्षेत्र निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्माण कार्य हेतु योजना बनायी जायेगी। इस दौरान उपायुक्त ने दिव्यांग (मूक बधिर) विद्यालय में बच्चों की शिक्षा के गुणवत्ता के साथ साथ उनके मनोरंजन एवं क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त ने अन्य कई विषयों पर चर्चा कर निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाड़ा, परियोजना निदेशक आईटीडीए इंदु गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी , जिला योजना पदाधिकारी, डीसीएलआर, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता आदि थे।

# स्कॉउट एंड गाइड के विद्यार्थियों को लोहरदगा उपायुक्त ने किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लोहरदगा साइडिंग बस स्टैंड से जिले के स्काउट और गाइड के छात्र व छात्राओं को नेतरहाट के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्काउट गाइड के विद्यार्थी 6 मई से 10 मई तक नेतरहाट में आयोजित आवासीय प्रशिक्षण सह नेचर अध्ययन शिविर में भाग लेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 170 छात्र छात्राओं को रवाना किया गया। मौके पर डीसी श्री कृष्ण ने कहा कि स्काउट गाइड हर एक अच्छे कार्य को ईमानदारी से करते हैं। स्काउट गाइड साहसी और विनम्र होते हैं।



**कार्यक्रम की खास बातें :** डीसी बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आप सभी ट्रैकिंग एंड नेचर स्टडी कार्यक्रम में नेतरहाट जा रहे हैं। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्य क्रम में अच्छे अनुभव को जीवन में सहेजने की जरूरत है। अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा ईमानदार बने रहिए। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वरी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम ने कहा कि प्रकृति को जानना समझना चाहिए। ट्रैकिंग प्रोग्राम जीवन लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी अभिनीत कुमार सूरज, निजी सहायक दुबराज यादव, भारत स्काउट और गाइड के जिला सचिव शैलेन्द्र कुमार सुमन, जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन, सहायक सचिव मुमताज अहमद, स्काउटर पारस साहू के अलावा संत स्तानिसिलास उच्च विद्यालय के फादर फिल्मोन एक्का, संत अन्ना हाई स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर उषा मंजुस्ता कुजूर, इंटर कॉलेज किस्को के प्रिंसिपल ओबेदुल्ला परवेज आदि मौजूद थे।

# प्लांट के डस्ट से ग्रामीणों की बढ़ रही परेशानी

## ग्रामीणों ने डीवीसी प्रबंधन से तालाब की सफाई करने की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** डीवीसी द्वारा संचालित केटीपीएस से सटे दो गांव घंघरी व कोसमाडीह के तालाबों में प्लांट का गिला डस्ट भर जाने से लोगों की परेशानी बढ गयी है। उल्लेखनीय है कि अब दोनों गांव का तालाब रेगिस्तान सा नजर आता है, जहां डस्ट सुखने के बाद सिर्फ बालू ही बालू नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है कि घंघरी तालाब में लोग नहाने-धोने, बर्तन मांजने आदि का काम करते थे, फिलहाल स्थित ऐसी है कि गांव के पशुओं के लिए भी यहां चुल्लू भर पानी नहीं है। पशुओं के समक्ष डस्ट भर जाने से पेयजल संकट गहरा गया है, जानकार बताते हैं कि प्लांट से जल निकासी के लिए लगे पाइप लाइन में गडबडी आने के कारण सारा डस्ट बहकर तालाब में भर गया है, दूर-दूर तक डस्ट ही दिखाई दे रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने डीवीसी प्रबंधन से तालाब की सफाई की मांग की है, ताकि लोगों के साथ साथ पशुओं को भी राहत मिल सके। मांग करने वालों में महेश सिंह, अजीत सिंह, मनोज सिंह, छोटेलाल सिंह, अवित सिंह, विजय कुमार पांडेय, देवेंद्र राणा, महेश पांडेय, अमर परमार, शशि कुमार पांडेय, मनोहर सिंह आदि के नाम शामिल है।

## हंसडीहा थाना प्रभारी ने प्रबुद्धजनों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** हंसडीहा थाना परिसर में शनिवार को थाना प्रभारी ने परिचय के साथ प्रबुद्धजनों के साथ बैठक की। बैठक में प्रमुख सरैयाहाट ललिता मरांडी के साथ अवर निरीक्षक सचिन कुमार मिश्रा एवं हंसडीहा थाना क्षेत्र के समानित नागरिक व युवा मौजूद थे। इस बैठक में थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिंह ने लोगों की बीच अपनी बातों को रखने के साथ उपस्थित लोगों से भी राय ली। जिसमें घटनाओं की जिक्र के साथ अपराध को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही कानून व्यवस्था को बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। पदस्थापित नये थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह 2018 बैच के दरोगा है।इससे पहले वे दुमका जिले के जरमुंडी, जामा और शिकारीपाड़ा थाना में अपनी सेवा दे चुके हैं। वहीं बैठक दौरान प्रमुख ललिता मरांडी ने भी नये थाना प्रभारी से अपने कार्य को सही तरीके से करने के साथ उपस्थित लोगों को भी पुलिस को सहयोग करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से रामदिवश जायसवाल अशोक चौधरी, बिन्दु प्रसाद यादव,अरुण जायसवाल, चंदन सिंह,जलील शेख, शांति मंडल, अरुण कुमार, ग्राम प्रधान हंसडीहा सतवन सिंह, ग्राम प्रधान बारीडीह हरिनंदन जायसवाल, ललिकान्त यादव, सुरज साह, बबली यादव, रमेश सिंह, राजकिशोर राउत, कमरुजामा, सराफत अंसारी, सतीश यादव, पीताम्बर यादव के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से एक गंभीर

### बाइक में लगी आग, जलकर हुआ राख, बाल-बाल बचे चालक

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग सुभाष चौक के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल कि पहचान उपेंद्र यादव, पिता वासुदेव यादव गैड़ा निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाईकिल सवार झुमरीतिलैया से अपने घर गैड़ा जा रहा था, इसी क्रम में बाईपास में एक ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक को लगभग आधे किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया, जिससे बाइक में आग लग गई और बाइक पूरी तरह से जलकर राख हो गया। आग इतना भयंकर था कि मानो फिल्मी स्टाइल में स्टंट हो रहा हो। वहीं जिसके स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

एक नजर में

## आर्थिक दोहन के विरुद्ध संघ दर्ज कराएगी प्राथमिकी : आशुतोष मिश्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित वाहन मालिक संघ की आयोजित बैठक के पश्चात प्रेसवार्ता किया गया। इस दौरान आम्रपाली कोल परियोजना में कोल वाहनों की परिचालन एवं भाड़ा से संबंधित वाहन मालिकों की पीड़ा को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वही संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि कई ट्रांसपोर्टरों के द्वारा कोयला ढुलाई करने से पूर्व भाड़ा भुगतान के संदर्भ में दिए गए शपथ-पत्र के अनुरूप भाड़ा का भुगतान नहीं कर रहे हैं। जिससे वाहन मालिकों के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। वहीं वर्षों पूर्व कई ट्रांसपोर्टरों द्वारा वाहन मालिकों का करोड़ों रुपए भाड़ा डकारने के बावजूद किसी ने अबतक सुध नहीं लिया है। कई वाहन मालिकों ने बताया कि पेपर व अनलोडिंग के नाम पर प्रति ट्रक तीन हजार रुपए काट लिया जाता है। जिससे सफेदपोशों को नजराना भेंट करने व बड़े पैमाने पर अवांछित रुप से धनोपार्जन की जाती है। जिसको लेकर श्री मिश्रा ने कहा कि दो दिनों के अंदर समुचित साक्ष्यों के आधार पर स्थानीय थाना में धोखाधड़ी व फजीवाड़े को लेकर ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। मौके पर बद्री साहू, मुकेश यादव, इंद्रदेव साव, रितेश चौधरी, बिनोद मंडल, कामेश्वर सिंह, अमलेश कुमार, आशीष चौधरी, अभिषेक कुमार, अरविंद कुमार चौधरी, आदित्य वर्मा, शंकर चौधरी, विशुन साव समेत अन्य मौजूद थे।

## एसपी ने की क्राइम मीटिंग, थाना प्रभारियों को दिए कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग (मासिक अपराध गोष्ठी) का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एसपी ने थानावार विभिन्न प्रकार के दर्ज कांडों की समीक्षा करते हुए, लम्बित कांडों को निर्धारित अवधि के अंदर निष्पादित करने, फरार वारंटियों और कांडों के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया, साथ ही सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से गश्ती करने, सूचना तंत्र को मजबूत रखते हुए हाल ही रिहा हुए कांडों के आरोपियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने आदि का निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि अपनी समस्याओं को लेकर थाना आने वाले लोगों की समस्याएं गौर से सुने और उनकी समस्याओं का समाधन करने का प्रयास करें। मौके पर एसपी श्री गौरव के अलावे एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम समेत विभिन्न थाना के थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

## किशोरी पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** दुष्कर्म का विरोध करने पर किशोरी को चाकू से हमला कर घायल करने वाला गरड़ी गांव के राजू टुडू को मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल दी है। उसके खिलाफ पोस्को एक्ट, दुष्कर्म व हत्या का प्रयास और शादी की नीयत से अपहरण करने का आरोप लगा है। 15 साल की आदिवासी किशोरी की राजू के साथ दोस्ती थी। दोनों मिलना जुलना भी करते थे। शुक्रवार की रात किशोरी घर में सोई हुई थी। तभी दीवार फांदकर किशोरी के कमरे में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। किशोरी ने विरोध किया तो गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। बचाव में किशोरी के दोनों हाथ में चाकू लग गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू की।

## शॉट सर्किट से लगी सूखे पेड़ में आग, आवागमन घंटों बाधित



खबर मन्त्र संवाददाता


**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर पुरनाडीह नदी स्थित प्राथमिक स्वास्थ केंद्र के समीप शनिवार की दोपहर सड़क किनारे सूखे पड़े एक विशाल शीशम के पेड़ में शट सर्किट होने से आग लग गयी। आग लगने से कुछ नुकसान तो नहीं हुआ, मगर मुख्यमार्ग पर आवागमन वाहनों को डर जरूर हो गया। घटना की सूचना पाते हीं नवलशाही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और फायर ब्रिगेड वाहन को फोन कर बुलाया। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। बता दें कि कोडरमा-गिरिडीह मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग पर सैकड़ों सूखे पेड़ है और पेड़ के ऊपर से हीं 11 हजार वोल्ट की बिजली तार गुजरी है, जिससे आग लगने व पेड़ गिरने का डर व भय हर समय बना रहता है।

## 18 वर्षीय किशोरी ने एक युवक पर दुष्कर्म का लगाया आरोप

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नवलशाही मसमोहना की रहने वाली 18 वर्षीय किशोरी ने बगरीडीह निवासी पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए नवलशाही थाना में शुक्रवार को प्रथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा गया है कि 4 मई 2023 को मेरे माता पिता शादी समारोह में शामिल होने बगरीडीह गये हुए थे, मैं घर में अकेली थी। देर रात 12 बजे तीन अनजान लड़का बाईक से आया और घर से उठा कर खेत तरफ ले गये और दुष्कर्म किया। वहीं घटना को लेकर पीड़िता ने बताई कि दुष्कर्म का अंजाम एक लड़का दिया है, जिसकी पहचान शंकर दास पिता चुबलाल दास ग्राम बगरीडीह थाना डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। उक्त मामले को लेकर थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया की आवेदन के अलोक में कांड संख्या 32/23 धारा 376 भद्रवी. एवं 4/6 पोक्सो अधिनियम के तहत प्रथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही नबालिग युवती को मेडिकल जांच उपरांत कोडरमा न्यायालय में प्रस्तुत कर 164 बयान दिलाने के पश्चात युवती को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

## छह महीने से बंद पड़ी है स्ट्रीट लाइट

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौल पंचायत में डेढ़ वर्ष पूर्व एनटीपीसी के द्वारा लगाया गया स्ट्रीट लाइट विगत छह महीनों से बंद पड़ी है। मालूम हो कि टंडवा क्षेत्र में एनटीपीसी के सीएसआर के द्वारा जगह जगह पर स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। वही लाइट लगाने का कार्य जिस कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था उसे 5 वर्षों तक लाइट को मेंटेनेंस देना था। लेकिन एनटीपीसी द्वारा कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त कंपनी कभी भी सुध लेने के लिए साइट पर नहीं पहुंचता है। जिसके कारण जगह जगह पर लगाए गए लाइट अब अपने बदहाली पर केवल नाम मात्र के लिए खड़ा है। अगर आने वाले समय में लाइट का मरम्मत नहीं किया जाता है तो चोर उचक्के भी सोलर और बैटरी पर अपने हाथ को साफ कर सकते हैं। फिलहाल एनटीपीसी के सीएसआर से संबंधित अधिकारी से बात करने के बाद बताया गया कि एक सप्ताह के अंदर लाइट का मरम्मत कर दिया जाएगा अब देखना है की स्ट्रीट लाइट से उजाला कब तक हो पाता है।

## अनियंत्रित टोटो के पेड़ से टकराने से पांच घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहासीकर नदी के समीप शनिवार की सुबह टोटो अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। जिससे सवार पांच लोग घायल हो गए। वहीं घायलों की पहचान 27 वर्षीय सरिता देवी पति नारायण पासवान केंदुआ बरकट्ठा, 55 वर्षीय द्रौपदी देवी पति शीतल पासवान, 25 वर्षीय मंजू देवी पति नकुल पासवान, 35 वर्षीय नकुल पासवान पिता गुलाब पासवान एवं 57 वर्षीय फुलवा देवी पति चंद्रिका पासवान सभी बडकनगांगो हजारीबाग के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सभी कोडरमा बरसोतियाबर शादी समारोह में शामील होने आए थे और वापस लौट रहे थे। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से व 108 एंबुलेंस के सहयोग से सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज चल रहा है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय हनुमत महायज्ञ प्रारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। प्रखण्ड के हर्षनाथपुर गांव में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में विधायक किशुन कुमार दास, जिप सदस्य देवनन्दन साहू, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम, मुखिया सुधीर कुमार सिंह शामिल हुए। अतिथियों ने श्रद्धालुओ को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में 201 श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर से कलश उठाकर श्रद्धालु मानत नदी पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य बिनोद मिश्रा के वैदिक मंत्रोउच्चारण से साथ श्रद्धालुओ ने कलश में जल भरा। इसके बाद पूरे गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचकर कलश स्थापित किया। इस दौरान हर हर महादेव, जय भोलेनाथ, जय भोले भंडारी, जय श्री राम जय हनुमान के जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा। मौके पर यज्ञाचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि यज्ञ से गांव का वातावरण आध्यात्मिक होता है। साथ ही सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। वही यज्ञ समिति के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा कि महायज्ञ तीन दिनों तक चलेगा जो आठ मई को विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। महायज्ञ के सांध्यकालीन भजन कीर्तन और प्रवचन कार्यक्रम होगा। कलश यात्रा में उपमुखिया जीवन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह, मनोरंजन महाजन, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, यज्ञ समिति कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह, संरक्षक शत्रुघ्न प्रसाद चौधरी, बिनोद पांडेय, संदीप पासवान, प्रमोद यादव, जीतू वर्मा, बजरंगी भारती, रौशन कुमार, चक्रेश कुमार, बिनोद साव,विक्कू वर्मा, केदार राम, दिलीप कुमार, लक्ष्मण यादव, प्रकाश ठाकुर सहित यज्ञ समिति सदस्य व श्रद्धालु शामिल थे।

## हाथी प्रभावित क्षेत्रों में चला जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में हाथियों के बढ़ते उत्पात से अब स्थानीय प्रशासन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। दो दिन पूर्व शुक्रवार की सुबह हाथियों के हमले में एक ग्रामीण की मौत की घटना के बाद वन विभाग ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को जागरूक करने को लेकर रेंजर रवींद्र कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम के द्वारा शुक्रवार व शनिवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पम्पलेट वितरण व ध्वनि विस्तारक यंत्र से हाथी प्रभावित क्षेत्र में लोगों को सर्तक रहने के लिए कहा गया है और हाथी से बचने के लिए सुरक्षा उपाय अपनाने के लिए भी कहा गया है। हाथी प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को माइकिंग के द्वारा अगाह किया गया कि जिस घर में अनाज का भंडारण हो उस घर में न सोएं। हाथियों पर टायर जलाकर, तीर से या पटाखे से प्रहार न करें। हांथी जख्मी होने पर उग्र हो जाता है। अगर होने पर जान माल की हानि होने की संभावना बढ़ जाती है। जंगलों की ओर जाने से बचें। जागरूकता अभियान में वनरक्षि अभिमन्यु कुमार, पीयूष प्रभाकर, मनोज मरांडी, रविकांत यादव, केटलगार्ड आफताब आलम, दामोदर पंडित, शारदा सिंह समेत कई वनकर्मी मौजूद थे।

## आज तीन घंटे बाधित रहेगी बिजली

**इटखोरी।** पितीज के विद्युत फीडर में रविवार को दोपहर में तीन घंटे तक विद्युत की आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि रविवार को दिन के 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक ट्रांसमिशन लाइन में विद्युत तार लगाया जाएगा। इस वजह से पितीज विद्युत फीडर में विद्युत की आपूर्ति बंद रहेगी।

## जलसा का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मध्य पंचायत दरगाह मुहल्ला में सोमवार की रात्रि खातुने जन्नत कांफ्रेस के बैनर तले जलसा का आयोजन किया जायगा। उक्त बातों की जानकारी आयोजनकर्ता शेख जावेद ने दी। उन्होंने बताया कि जलसा में मुख्य वक्ता के रूप में जनाब अब्दुल वाहिद अंसारी, महाराष्ट्र जनाब दिलकश रांची, मौलाना मुजफ्फर हुसैन बिहार, मौलाना फरीदुल कादरी कोडरमा, बिबुल्लाह मुजाहिंदी गिरिडीह, सफाअत बरकाती गिरिडीह मौजूद रहेंगे। वहीं जलसा में मुख्य अतिथि के रूप में वसीम आर खान चेयरमैन वक्फ डवलपमेंट कमीटी मेंबर सेन्ट्रल वक्फ कोंसिल मेंबर हजरत ख्वाजा साहब अजमेर मांइनॉरिटी अफेयर्स भारत सरकार मौजूद रहेंगे।

## 24 कुंडीय गायत्री चेतना विस्तार महायज्ञ का हुआ समापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रखंड के करनी गांव में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री चेतना विस्तार महायज्ञ शनिवार को पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ के समापन के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त हवन के अनुष्ठान में शामिल हुए। इस पावन अवसर पर गुरु दीक्षा संस्कार के साथ विद्यारंभ संस्कार का भी आयोजन हुआ। गायत्री प्रज्ञा पीठ धूना के संचालक श्यामानंद शर्मा ने बताया कि गायत्री महायज्ञ के समापन के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त हवन के अनुष्ठान में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि गायत्री यज्ञ में तीन दिन तक आयोजित हुए हवन के अनुष्ठान में ढाई हजार श्रद्धालु भक्तों ने यज्ञ कुंड में हवन की आहुति दी। यज्ञ की पूणार्हुति के पश्चात 24 कुंडीय यज्ञ को संपन्न कराने आए अतिथियों को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। मालूम हो कि 24 कुंडीय गायत्री चेतना विस्तार महायज्ञ का आयोजन तीन मई से शुरू हुआ है। यज्ञ प्रारंभ के दिन यज्ञशाला परिसर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। जिसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं के साथ गणमान्य लोग भी शामिल हुए थे।

## पंचायत समिति सदस्य की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में शनिवार को पंचायत समिति सदस्य की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख मंजु देवी, बीडीओ संजय कुमार यादव, बीससुत्री अध्यक्ष अज्जु सिंह समेत कई जनप्रतिनीधि मौजूद थे। मौके पर मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त योजना सभी पंचायत का समीक्षा किया गया। बैठक में प्रस्ताव लिया गया कि प्रखंड कार्यालय में 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाए, चंदवारा पश्चिमी पंचायत के हरिजन टोला में आधार कैंप खोला जाए, कई पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि पंचायत के किसी भी विद्यालय में किसी भी कार्यक्रम की सूचना पंचायत समिति को नहीं दी जाती है। वहीं बीससुत्री सदस्य अज्जु सिंह ने कहा कि चंदवारा मध्य विद्यालय व रामेश्वर मोदी महादेव मोदी प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवारा में छात्र-छात्राओं की संख्या अत्यधिक है, स्कूल की जमीन का रकबा मापी कराया जाए, अतिक्रमण जमीन को खाली कराया जाए। उन्होंने कहा कि जमीन खाली कर नए स्कूल भवन बनाया जाए। मौके पर बीडीओ संजय कुमार यादव ने कहा कि प्रखंड में कई जगह बिजली बिल जमा करने का कैंप लगाया गया है, दिसंबर 2022 तक बिजली बिल का फाइन माफ किया गया है। आप सभी जनप्रतिनीधि ग्रामीणो को जागरूक कर बिजली बिल जमा कराए। मौके पर बीपीओ मुकुल श्रीवास्तव, मनोज साव, चंद्रभूषण साव, कुमार, पिंटू कुमार, अजय कुमार, ब्रह्मदेव यादव, राजाराम निराला, गोकुल यादव, अजय, राहुल कुमार, मंजूर आलम, पंसस, रमेश यादव, रामविलास पासवन, राजकुमार पाण्डेय, उमाशंकर दास, महेन्द्र पंडित, समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

## फ्लाई एश ब्रिक्स प्लांट में हुए हादसे में एक कर्मी की मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरघौती नदी के समीप संचालित एक फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट में शुक्रवार की देर शाम हादसे में एक कर्मी की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान बिहार के नवादा जिले के पिपरा पोखर निवासी 27 वर्षीय विक्रम चौहान के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार प्लांट में कार्य के दौरान मिक्सर मशीन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था, सदर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताते चलें कि जय माता दी इंटरप्राइजेज के नाम से संचालित उक्त मिक्सर प्लांट में फ्लाई ऐश ब्रिक्स बनाया जाता है। मिली जानकारी के अनुसारघ मृतक विक्रम चौहान 3 दिन पहलेघ अपने गांव के कुछ अन्य लोगों केघ साथ फैक्ट्री में कार्य करने के लिएघ पहुंचा था। मृतक की दो छोटीघ छोटी बेटी है।

## स्पीड न्यूज

### अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा, बाल बाल बचे चालक-उपचलाक


कोयला लदा ट्रक पलटा।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची चतरा मुख्य मार्ग के बरछिया स्थित झिकिया पुल के डिवाइडर में अनियंत्रित होकर कोयला लदा 14 चक्का ट्रक जेएच 02 ए डब्ल्यू 1962 पलटकर क्षतिग्रस्त हो गया। इससे चालक व उप चालक बाल बाल बचे। घटना के बाद चालक फरार हो गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सिमरिया के आम्रपाली से कोयला लोड कर बालूमाथ के कुसमाही साइडिंग जा रहा था। इसी बीच रास्ता में झिकिया नदी के डिवाइडर में अनियंत्रित होकर लगभग 50 फिट डिवाइडर को कबाड़ते हुए खेत में जा कर पलट गई। चालक व उपचालक तड़प कर अपना जान बचाया। ट्रक लावागाड़ा निवासी शंभु कुमार चौधरी की बताई जा रही है। उधर ट्रक ऑनर चौधरी ने गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त होने की सुचना आवेदन के माध्यम से थाना को दे दिया है।

### अधिक मूल्य मे शराब बेचने वाले धराये

**बारियातू।** स्थित सरकारी शराब दुकान में मुल्य से अधिक किमत पर शराब बिक्री करने के आरोप में थाना कांड संख्या 31/23 दिनांक 4-05-2023 धारा 420/34 भादवि एवं 47 ए एक्साईज एक्ट 1951 के दो प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उक्त संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि मुल्य से अधिक किमत पर शराब बिक्री करते राजु रंजन कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पिता विश्व नाथ प्रसाद साकीन बालुगंज थाना ठिबरा जिला औरंगाबाद बिहार व सुमित कुमार गुप्ता उम्र करीब 21 वर्ष पिता संजय कुमार गुप्ता साकीन पुलिस लाइन रोड सुदना, जोखन गली थाना डालटेनगंज जिला पलामू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के जमीरा पंचायत अंतर्गत एक गांव की युवती ने श्याम यादव उर्फ छोटू पिता सुरेश यादव (रक्सी जमीरा) पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर चंदवा पुलिस मामले की जांच में जुट गई। पीड़िता ने बताया कि श्याम यादव उर्फ छोटू विगत एक वर्ष से शादी का झांसा देकर शोषण कर रहा था। बीते 4 मई को भी बहला फुसला कर बाइक से जंगल मे ले गया व शारिरिक सम्बंध बनाया व कहा कि मेरे परिवार वाले मेरी शादी कहीं और तय कर दिया है। मैं तुमसे शादी नही कर सकता, यह कहकर वह जंगल मे ही छोड़कर भाग गया। जिसके बाद किसी प्रकार घर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजनों के साथ थाना पहुंचकर तहरीर दी व मामला दर्ज कराया। मामले को लेकर पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर चंदवा थाना में कांड संख्या 105/23 में मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के बारी पंचायत अंतर्गत टोटा बरवाडीह गांव निवासी भुनेश्वर यादव की 20 वर्षीय पुत्री सुनीता कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार की देर रात्रि फांसी लगाने के बाद गंभीर रूप से घायल होने के बाद परिजन युवती को लेकर चंदवा सीएचसी पहुंचे थे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए से रिम्स रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद चंदवा पुलिस शव को कब्जे में लेकर अन्तः परिक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना को लेकर मृतका के परिजनों ने बताया कि मृतका की चाची ने सुनीता कुमारी पर 10000 रुपये चोरी करने का आरोप लगाया था, जिससे वह काफी आहत थी व मानसिक तनाव में चल रही थी। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 104/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मनाया गया आनंदमूर्ति का जन्मोत्सव

**चंदवा।** अमझरिया स्थित कीर्तन धाम में श्री श्री आनंदमूर्ति का जन्मोत्सव मनाया गया। आनंदमूर्ति की तस्वीर पर माल्यापर्ण के साथ पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। बताया गया कि इन्होंने मानव के साथ पशु-पक्षी, कीट-पतंग, चर अचर आदि के विकास के हितार्थ कार्य किए थे। इस दौरान बाबा नाम केवलम का अखंड कीर्तन किया गया। कीर्तन पश्चात नारायण सेवा का आयोजन किया गया। मौके पर लातेहार जिला मुक्ति प्रधान सुरेश दादा, शिव प्रसाद मेहता, प्रभात मेहता, विमला दीदी, विपिन तिवारी, बसंती देवी, बालेश्वर दादी, मंजिला दीदी, वर्षा मेहता, भारती मेहता, अरविंद कुमार, विशाल कुमार, पल्लवी, लक्ष्मी, विपिन समेत अन्य मौजूद थे।

### विभाग की मिलीभगत से इमारती वृक्षों की हो रही है कटाई: अजय

- सांसद को पत्र लिख पीटीआर के अधिकारियों पर कारवाई की रखी मांग

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व में अंधाधुध इमारती सागवान वृक्षों की कटाई के मामले में वन विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय प्र.सोनी ने सांसद सुनील सिंह को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय जांच कराते हुए दोषी पदाधिकारियों पर कारवाई की मांग की है। दिए गए पत्र में उन्होंने सांसद महोदय को बताया है कि खबर मंत्र में पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के कानों तक क्यों नहीं पहुंच रही है कुल्हाड़ियों की गूंज, नामक शीर्षक से प्रकाशित खबर के आलोक में माननीय के निर्देश पर शुक्रवार को स्थल की जांच की गई थी। जिसमें दर्जनों से अधिक सागवान के हरे भरे वृक्षों को धराशाई देखा गया। जिसे देखकर साफ प्रतीत हो रहा है कि या तो विभाग द्वारा पीटीआर को लकड़ी तस्करों के हवाले कर दिया गया है, या फिर विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ही सागवान की कटाई का कार्य हो रहा है।

# डायन-बिसाही मामला : हत्या के आरोप में जेल में बंद कैदी की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता


मृतक सेंधु मुंडा।


जानकारी देते परिजन।

**लातेहार।** डायन-बिसाही के मामले में वृद्ध दंपती की हत्या के आरोप में लातेहार जेल में बंद विचाराधीन कैदी की मौत हो गई। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार विचाराधीन कैदी सेन्धु मुंडा की तबीयत शनिवार को अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। आनन-फानन में उसे जेल के अस्पताल में भर्ती कर ईलाज शुरू किया गया। लेकिन उसकी तबीयत लगातार खराब होने लगी। इसके बाद उसे तत्काल उसे लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टर श्रवण महतो ने बताया कि प्रथम दृष्टया से ऐसा लग रहा है कि मरीज को मिर्गी का दौरा आया था। विचाराधीन कैदी का ईलाज कर रहे डॉक्टर श्रवण महतो ने बताया कि प्रथम दृष्टया से ऐसा लग रहा है कि मरीज को मिर्गी का दौरा आया था। मिर्गी के कारण उसकी स्थिति काफी बिगड़ गई थी। जिससे उसकी मौत की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि जेल के अस्पताल में इसका ईलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल लाया गया था। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## परिजनों ने पीटकर हत्या का लगाया आरोप

खबर मन्त्र से बातचीत के दौरान मृतक के परिजनों ने बताया कि जब हम लोग मिलकर गए थे तो शरीर में किसी प्रकार का कोई चोट का निशान नहीं था और पूरी तरह स्वस्थ थे। लेकिन शनिवार को हम लोगों को सूचना मिला की सेंधु मुंडा को इलाज के दौरान मौत हो गई परिजनों ने बताया कि सेंधु को पीठ, घुटना, जांघ व हाथ में चोंट लगी है। प्रशासन के द्वारा लापरवाही एवं अन्याय किया गया है। खबर लिखे जाने तक परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं करने की बात पर अड़े हुए थे और शव को लेने से मना कर रहे थे। लातेहार एसपी अंजनी अंजन से पूछे जाने पर बताया कि इस मामले में जेल सुपरिंटेंडेंट से जो पता चला है उन्हे बीमारी था और मिर्गी का भी दौरा आया था। जिसके बाद इसे इलाज के लिए डॉक्टर द्वारा वार्ड में शिफ्ट किया गया था 2 दिन पहले। वही पहले से भी और बीमारी भी बताया जा रहा है।

### सेंधु को तीन मई को गिरफ्तार कर भेजा गया था मंडल कारा भेजा

आरोपी सेंधु मुंडा पर चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला गांव में दो मई की रात में डायन-बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपती की हत्या में शामिल होने का आरोप था। पुलिस ने उसे तीन मई को गिरफ्तार कर मंडल कारा भेजा था। तब से वह मंडल कारा में ही कैद था। शनिवार की सुबह अचानक यह बेहोश होकर गिर पड़ा। जिसके बाद जेल कर्मियों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बीडीओ ने अस्पताल पहुंच कर ली मामले की जानकारी

इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन के पदाधिकारी सक्रिय हो गए। घटना के बाद लातेहार प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दी है। साथ ही बीडीओ मेघनाथ उरांव ने मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी है।

### शव का पोस्टमार्टम करने के लिए मेडिकल टीम का गठन

वहीं खबर लिखे जाने तक मृत विचाराधीन कैदी के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए मेडिकल टीम का गठन भी किया जा रहा था। मृतक कैदी का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कैदी की मौत का कारण पता चल पाएगा।

# 12 घंटे के अंदर महिला को लौटाये पैसे

खबर मन्त्र असर

- 51 हजार में से 48 हजार भुक्तभोगी को दिए गए, बचे 3 हजार 2 दिन के अंदर देने की बात कही
- बैंक कर्मियों की गलती को नहीं छुपाया जा सकता इनके ऊपर जांच कर हो कार्रवाई


जानकारी देती भुक्तभोगी महिला।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक से कलावती कुंवर नामक महिला के 14229024043 खाता नंबर से अवैध तरीके से पीएम आवास की 51 हजार रुपए उड़ाए गए राशि की मामले के विषय में खबर मंत्र में खबर प्रकाशित होने के 5 घंटे के अंदर भुक्तभोगी महिला को 48 हजार वापस दिया गया और 3 हजार 2 दिन के अंदर देने को बोला गया। इस विषय में जानकारी देते हुए भुक्तभोगी महिला कलावती कुंवर ने बताया कि खबर मंत्र में खबर प्रकाशित होने के 5 घंटे के अंदर लातेहार से मेरे घर पर राजू लोहरा नामक व्यक्ति के साथ 2 लोग आए और मुझे बोले की आपके खाते से मेरे रिश्तेदार के खाते में पैसा चला गया था जिसमें से मैं आपको आज 48 हजार रुपए दे रहा हूं और 3 हजार 2 दिन के बाद दे दूंगा। भुक्तभोगी महिला ने खबर मंत्र परिवार को दिल से धन्यवाद दिया है।

**बैंक कर्मियों की गलती को नहीं किया जा सकता है नजरअंदाज**

महिला मालती कुंवर के गबन किए गए पैसे वापस होने से बैंक कर्मियों की गलती को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। क्योंकि मनिका के झारखंड ग्रामीण बैंक में महिला का खाता है आखिर इस ब्रांच से दूसरे खाते में पैसे कैसे ट्रांसफर किए गए इससे साफ प्रतीत हो रहा है कि बैंक कर्मियों के मिलीभगत से काफी दिनों पूर्व से यह खेल खेला जा रहा है लेकिन मामले के विषय में खबर प्रकाशित होने के बाद बैंक कर्मी खुद को बचाने के लिए मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे बैंक कर्मियों को चिन्हित कर जांच उपरांत कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि गरीबों का पैसा गबन करने पर बैंक के अधिकारियों को कानून का डर बना रहे। जब एक गरीब व्यक्ति मेहनत कर अपने पैसों को जोड़कर मुसीबत के समय में काम आने के लिए बैंक में जमा करके रखता है वही पैसे को अगर बैंक कर्मियों के द्वारा अवैध तरीके से गबन करने का काम किया जाएगा तो गरीब व्यक्ति किस पर विश्वास करेंगे।

### उमरा के लिए अरब को रवाना हुए अकीदतमंद लोगों ने खुशी-खुशी किया रवाना


रवाना होते अकीदतमंद।

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआंडाड़।** महुआंडाड़ के डिपाटोली से फरीद अंसारी व अम्वाटोली से बाबर अंसारी व उनकी पत्नी शैरुन बीबी समेत कुल तीन लोग महुआंडाड़ से अरब देश उमरा के लिए शनिवार को रवाना हुए। जहां महुआंडाड़ लोगों के द्वारा सभी को खुशी के साथ उमरा के लिए विदा किया गया। इस दौरान लोगों ने उमरा के जायरीन से देश दुनिया राज्य व अपने शहर में अमन व शांति के लिए दुआएं करने की बात कही। साथ ही उमरा के लिए जा रहे लोगों ने सभी से अपनी जाने अंजाने में किए गलती के लिए माफी मांगी। इस्लाम धर्म में उमरा करने को बहुत ही अच्छा कार्य माना जाता है। जिसे लेकर हमेशा भारत समेत दुनिया के सभी देशों से जायरीन हमेशा उमरा के लिए अरब देश जाते हैं और अपनी जानें अंजाने में किए गए गलती के लिए माफी तलब करते हैं। और अपने, अपने लोगों के लिए व देश दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआएं भी करते हैं। मौके पर मदरसा अशरफिया गरीब नवाज के मोहतमिम मौलाना गुलाम सरवर, फैजी जुबैर अहमद, नुरूल अंसारी, फिरोज अंसारी समेत काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

### डायन-बिसाही : पीड़िता को आर्थिक तथा कानूनी सहायता देने का कोर्ट ने दिया निर्देश



आर्थिक तथा कानूनी सहायता देते सचिव।

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला ग्राम में डायन-बिसाही के आरोप में बुजूर्ग दंपति और उनकी बहु को कुछ स्थानीय लोगों द्वारा निर्मम तरीके से मारपीट की गई। जिससे बुजूर्ग दंपति की मौत हो गयी और उनकी बहु बुरी तरह घायल हो गई थी। पीड़िता द्वारा चंदवा थाने में घटना की सूचना दी गई। जिसके उपरांत चंदवा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। जिसका प्राथमिकी संख्या चंदवा थाना कांड संख्या 102/2023 है। रांची ने घटना का स्वत संज्ञान लेते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार को इस वाद के पीड़िता को आर्थिक तथा कानुनी सहायता देने का निर्देश दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के निदेर्शानुसार छह मई को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार स्वाती विजय उपाध्याय द्वारा घटना के पीड़िता को आर्थिक एवं कानूनी सहायता प्रदान की गई तथा प्राधिकार की सचिव नें पीड़िता को हरसंभव कानुनी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### लाइफलाइन एक्सप्रेस हॉस्पिटल ट्रेन में रोगियों का होगा मुफ्त इलाज


बैठक में उपस्थित बीडीओ व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफलाइन एक्सप्रेस हॉस्पिटल ट्रेन में जिले के विभिन्न बीमारियों से ग्रसित रोगियों का मुफ्त इलाज होगा। इस ट्रेन में सभी प्रकार की तकनीकी सुविधाएं मौजूद हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों के लोगों को अच्छे इलाज की सुविधाएं निःशुल्क मुहैया कराना है। उक्त बातें बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में आहूत बैठक में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं से कही। वही उन्होंने बताया कि लाइफलाइन एक्सप्रेस ट्रेन टोरी रेलवे स्टेशन में 21 दिन तक रहेगी जो 15 मई से 4 जून तक जरूरतमंद लोगों को जांच, ईलाज और ऑपरेशन तक की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इस ट्रेन में देश के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों का ईलाज किया जायेगा। रोगियों को इसके लिए अपना कोई एक पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड या आयुष्मान कार्ड साथ में रखना पड़ेगा। वहीं उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को अपने-अपने पोषक क्षेत्र में घर-घर जाकर रोगियों को चिन्हित करने के साथ उनके रजिस्ट्रेशन की प्रकिया जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस लाइफलाइन हॉस्पिटल ट्रेन का लाभ उठा सकें। इसके लिए बैठक में उपस्थित सभी सेविकाओं को फ्रॉम भी उपलब्ध कराया गया।

**इन रोगों का होगा ईलाज**

लाइफलाइन हॉस्पिटल ट्रेन में आंख की जांच व मोतियाबिंद की सर्जरी, कान की जांच व कान की सर्जरी, मुड़े हुए पैर का परीक्षण व सर्जरी, कटे-फटे ओठ की जांच व सर्जरी, दाँत की जाँच व उपचार, स्तन और ग्रीवा कैंसर आदि का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जायेगा। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि प्रेम सिंह, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आशीष रंजन और सीडीपीओ अनिता कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पंचायत सेवक की मनमानी से परेशान मुखिया ने हटाने के लिए दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत परहाटोली पंचायत सेवक भिकू प्रसाद कई सालो से एक जगह जमे हुए है। परहाटोली पंचायत सचिव भीकू प्रसाद मुखिया को दबाव बना कर मनमानी तरीके से कार्य करवाते हैं। इस संबंध में मुखिया रीता खलखो ने बताया कि 15 वे वित्त आयोग से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण स्टीमेट बनवाने जाते है तो भीकू प्रसाद एवं जेई आशीष कुमार घुमाते नजर आते है। वहीं भीकू प्रसाद हमेशा मुखिया के विरोध में रहते है और अपने ठेकेदार से कार्य करवाते हैं। वहीं आवेदन में रीता खलखो ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि भिकू प्रसाद का कहना है कि मैं मुखिया को किसी भी योजना का कार्य नहीं करने दूंगा। आवेदन में उदाहरण स्वरूप बताया गया है कि परा टोली पंचायत में भीकू प्रसाद पंचायत सेवक के द्वारा 1,20,000 का नाली में 17,000 पीसी के रूप में काट लिया गया। जब की यही काम महुआडांड़ के राजडंडा में हुआ जो कि यही पंचायत सेवक है। वहां पैसा नहीं काटा गया। वहीं दूसरी ओर पंचायत सेवक भीकू प्रसाद ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग बना जिसका भुगतान 8 माह से नहीं किया गया। तीसरा यही काम कुरो कला में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम किया गया जो कि वहां पर पंचायत सेवक का अपना व्यक्ति था। इसलिए वहां राशि की भुगतान कर दिया गया। इस संबंध में मुखिया रिता खलखो ने स्पष्ट लिखा है कि ऐसे नेतागिरी, दादागिरी करने वाले पंचायत सेवक हम लोग को नहीं चाहिए। परहाटोली मुखिया रिता खलखो ने यह भी बताया कि इससे पूर्व भी पंचायत सेवक भिकू प्रसाद को हटाने को लेकर आवेदन दिया गया था। परन्तु आज तक उस पर किसी तरह की कोई कारवाई नहीं हुई। वहीं आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंन डांग एवं एसडीओ नित निखिल सुरीन को दिया गया है। पंचायत सेवक को हटाने को लेकर मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया रीता खलखो, आम जनता प्रधान सुलेस्वरी नगेसिया, सुनीता देवी, सुमनी नागेसिया, सुषमा टोप्पो, पंचायत समिति सदस्य सारदा देवी एवं अन्य लोग शामिल थे।

## सेंधु मुंडा की मौत का न्यायिक जांच हो: प्रतुल शाहदेव

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सेन्धु मुंडा की मौत को रहस्यमई मौत बताते हुए मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जेल में बंद विचाराधीन आदिवासी कैदी सेंधु मुंडा की मौत ने कई सवाल खड़ा किये है। प्रतुल ने कहा कि सेंधु के शरीर पर गहरे चोट के निशान है। जो इस बात को बल दे रहा है कि सेंधु की प्राकृतिक मौत नहीं है। प्रतुल ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाया है कि वो इस मामले की लीपापोती करने का प्रयास कर रही है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि आदिवासी हितों की बात कहने वाली हेमंत सरकार में एक आदिवासी की कस्टडी में मौत हो गई है। इसमें उच्च स्तरीय निष्पक्ष न्यायिक जांच की आवश्यकता है। प्रतुल ने कहा की सेंधू मुंडा की पत्नी पर दबाव डालने की बातें सामने आ रही है। प्रतुल ने सेंधू मुंडा के शरीर पर गहरे जख्मों की तस्वीरें को ट्वीट कर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को टैग करते हुए कार्रवाई की मांग की।

# बलराम स्टोन माइंस के गहराई से युवक का शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता


मामले की जानकारी देते मृतक के भाई।


मृतक युवक।


बलराम स्टोन माइंस।

**बारियातू।** बारियातू थाना क्षेत्र के पिपराडीह ग्राम में संचालित बलराम स्टोन माइंस के लगभग डेढ़ सौ फिट गड्ढे से शनिवार सुबह स्थानीय पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान रेंची ग्राम निवासी बालदेव पाहन के 25 वर्षीय पुत्र अजय गंझु के रूप मे किया गया है। अजय गंझु के भाई सुरेश गंझु ने हत्या की आशंका जताया है। उन्होंने बताया कि 20 दिन पूर्व मेरे भाई अजय हैदराबाद से काम कर घर लौटा था। 10 मई को शादी होनी थी। आठ को मड़वा नौ को घृढारी एवं दस को बारात चतरा जिले के बरैनी स्थित कोरचा गांव जाना था। शादी का माहौल होने के कारण शुक्रवार की रात्रि सभी लोग खाना खाकर सो गए। रात लगभग 1:00 बजे देखा गया तो अजय गायब था। तबसे हमलोग अजय का काफी खोजबीन करते रहे। सुबह बारियातू पुलिस द्वारा मुझे खबर मिला कि अजय का बलराम स्टोन माइंस के लगभग 130 फीट गहरे गड्ढे से शव बरामद किया गया है। तत्पश्चात थाना पहुँच कर भाई का पहचान किया। मृतक के भाई सुरेश गंझू ने कहा की 130 फीट गड्ढा में शव बरामद हुआ है लेकिन चोट का कोई गंभीर निशान नही था। बलकि उसके पैर के दोनों जांघ के पास जला हुआ का निशान है। वहीं बताया बलराम माइंस गार्ड द्वारा हत्या की गई है और हमलोग के बिना जानकारी दिए शव को निजी गाड़ी से थाना भेजवा दिया गया। मेरा भाई इतना अधिक गहरा से निचे गिरता तो शरीर कई टुकड़ा हो जाता, मृत को घसीट कर माइंस के गड्ढे मे लाया गया था। जिससे शरीर मे डस्ट की गंदगी लगा हुआ था। हालांकि लगाए जा रहे आरोप को पूर्ण ईमानदारी के साथ निष्पक्षता से जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। पुलिस आशंका जता रही है कि अजय की मौत माइंस के 130 फिट गड्ढे में गिरने से हुई है। भाई सुरेश गंझु ने कहा कि पुलिस माइंस में शव बरामद किया तो माइंस से मेरा घर की दूरी लगभग एक किलोमीटर है। उस परिस्थिति में मुझे माइंस में ही बुलाकर भाई के शव को देखने के लिए क्यों नहीं बुलाया गया। माइंस संचालक अपना गाड़ी में मेरे भाई के शव को बारियातू थाना क्यों ले गया। आगे बताया कि माइंस में जब सुरक्षा प्रहरी मौजूद है तो कोई भी व्यक्ति माइंस में जाकर गिर जाता है और सुरक्षा प्रहरी को पता भी नहीं चलता है। मामला लीपापोती करने का प्रयास किया जा रहा है। अजय गंझु की मौत की जांच परिजनों ने बड़े पदाधिकारियों से कराने की मांग की है। बालदेव पाहन के तीन पुत्र और एक पुत्री जिसमें पुत्री व एक पुत्र विक्लांग है। अचानक हुए घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने कहा कि प्रथम दृष्टया से लगभग 130 फीट गड्ढे में गिरने से मौत प्रतीत होता है। फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस पर कुछ कहा जा सकता है।

स्पीड न्यूज

## कोलकाता पुलिस ने आरोपी पति के घर मारा छापा

**झरिया।** दहेज उत्पीड़न मामले में कोलकाता पुलिस पहुची जोडापोखर एक नबंर । आरोपी पति बाबर अली के घर किया छापामारी ।आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। बताते है कि जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जोड़ापोखर एक नंबर निवासी बाबर अली की पहली पत्नी बीएनआर साउथ कोलकाता के रहने वाली सूफिया बेगम ने कराया स्थानीय थाना दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराने के बाद कोलकाता पुलिस पहुंच कर पकड़ने के लिए छापामारी की ।सूफिया बेगम ने बताया है की बाबर से उनकी शादी बर्ष 2017 में मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुआ था। उनके पिता शमीम अहमद ने दहेज में 4 लाख रुपए नगद 10 लाख का जेवरात दिया । मुझे मारपीट कर बाबर व परिवार के लोगो ने घर से निकाल दिया है।

## अवैध कब्जा वाले आवास हुए मुक्त

**बोकारो।** बोकारो सम्पदा न्यायालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सेक्टर 3 ए का आवास संख्या 276ए 572ए 710ए 115ए 215ए 216ए 217ए 66ए 3 डी का 717ए 6 बी का 4090ए 4095ए 4096 ए6 सी का 2165ए 8 सी का 1068ए 2359ए 3022ए 8 डी का 2155ए 11 ए का 1092ए 11 सी का 3131ए 3149ए 3162 खाली कराया गया। साथ ही मजिस्ट्रेट प्रवीण रोहित कुजूर के नेतृत्व में अवैध कब्जाधारियों का सामान भी सम्पदा न्यायालय द्वारा जब्त कर लिया गया है।

## पिछरी में अनियंत्रित टैंकर पलटा

**बेरमो।** फुसरो जैनामोड मुख्य मार्ग पिछरी के समीप अनियंत्रित होकर टैकर पलटा। बताते चलें कि टैकर संख्या श्रभ 01 ब्द3760 बीटीपीएस से सिन्दरी फालाईसवेस लेकर जा रहा था। इसी क्रम में जैनामोड कि ओर से आ रहे एक बाइक को बचाने के कारण टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। बताते चलें कि इस घटना में किसी तरह की कोई हताहत होने की सूचना नहीं है।

## हाइवा ने कार में मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**बेरमो।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के कुरपनिया मोड़ में बोकारो थर्मल से गोविंदपुर ए पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह झामुमो के युवा प्रखंड अध्यक्ष अख्तर अंसारी अपनी मारुति सियाज कार लेकर बेरमो प्रखंड की तरफ जा रहे थे। जिसमें गोविंदपुर ए के मुखिया प्रतिनिधि महबूब अंसारी भी बैठे थे। कुरपनिया मोड़ के पास सामने कार को खड़ा किया गया था। पीछे से छाई लदी हाईवा ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## बाल संसद के चुनाव के लिए मतदान

**सिंदरी ।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में बाल संसद के लिए स्कूल के 1081 छात्र छात्राओं ने बैलेट पेपर के माध्यम से शनिवार को स्कूल परिसर स्थित चार मतदान केंद्रों पर गुप्त मतदान किया। मतदान की समाप्ति के साथ ही मैदान में मंत्री, सह मंत्री और सेनापति पद के लिए खड़े 61 प्रत्याशियों का भाग्य बैलेट बॉक्स में बंद हो गया। इस मतदान से शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती व कन्या भारती का गठन किया जाएगा। स्कूल प्राचार्य ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इसके परिणाम की घोषणा 8 मई 2023 को की जाएगी। मतदान के दौरान प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड संजय कुमार, सचिव शशि भूषण कुमार गुप्ता ने मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया।

## नाली निर्माण के लिए विधायक को ज्ञापन

**बेरमो ।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के शास्त्रीनगर कालोनी के लोगों ने आरसीसी नाली निर्माण को लेकर शनिवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय निवासी सह समाजसेवी महारुद्र नारायण सिंह ने बताया कि कालोनी में स्व कैलाश सिंह के धर के पीछे से मेन रोड फुसरो बाजार तक आरसीसी नाली का निर्माण अति आवश्यक है।

# हर्ल प्रबंधक के अधिकारियों के रिश्तेदार कर रहे काम: विधायक

**हर्ल खाद कारखाने में काम दिलाने के लिए एटक ने दिया सांकेतिक धरना**




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** स्थानीय युवाओं व संवेदकों को हर्ल खाद कारखाने में कार्य दिलाने की माँग को लेकर टाइगर फोर्स व एटक के बैनर तले शनिवार को हर्ल मुख्य द्वार पर एकदिवसीय सांकेतिक धरना दिया गया। इस धरना में गरजते हुए बाघमारा विधायक सह टाइगर फोर्स सुप्रीमो ढुल्लू महतो ने हर्ल प्रबंधन के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों को काम से निकालकर प्रबंधन के उच्च अधिकारी बाहर से लाकर अपने रिश्तेदारों को काम पर रख रहे हैं। कांड्रा से बाइक रैली से बाघमारा विधायक का स्वागत कर व साथ लेकर संजू महतो हर्ल गेट सिंदरी पर सभा में पहुँचे। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री निर्माण में रैयतों की जमीन ली गई है। उसे फैक्ट्री में नौकरी देना होगा। प्रबंधन के उच्च अधिकारी अपने राज्य व रिश्तेदार को काम पर लगाकर गलत कर रहे हैं। हर्ल प्रबंधन स्थानीय युवाओं व संवेदकों को काम देने में आनाकानी कर रही है। उन्होंने प्रबंधन को आगाह किया कि इस सांकेतिक धरना पर अविलंब वार्ता कर समाधान निकालें अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार की निंदा करते हुए कहा कि झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता देख रही है कि हेमंत सरकार के प्रतिनिधि धनबाद सहित अन्य जिलों में कोयला व बालू की चोरी करवा रहे हैं। झामुमो अपनी नीतियों पर कायम नहीं है। दलाल नेताओं के साथ मिलकर प्रबंधन ग्रामीणों पर लाठीचार्ज करवा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन भी गुंडा के लठैत बनकर काम कर रहे हैं। सरकार को जवाब देना होगा। जल, जंगल जमीन के भुलावे में लाकर झारखंड के लोगों के साथ छलावा कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के हर गलत काम का विरोध करने पर जेल जाने के लिए भी तैयार हैं। बेंगू ठाकुर ने कहा कि सिंदरी के कंपनियों के निर्माण में रैयतों ने जमीन दी है और उनके वंशज बेरोजगार बैठे हैं। एटक महासचिव सह टाइगर फोर्स नेता संजू महतो ने कहा कि हर्ल कंपनी में दस प्रतिशत स्थानीय कार्यरत नहीं है। दलाल के बदौलत कंपनी नहीं चलेगी। बंगाल सहित अन्य राज्यों का आधार कार्ड देखकर हर्ल में काम दिया जा रहा है। टाइगर फोर्स दलालों को बाहर कर स्थानीय लोगों को काम दिलाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभी ट्रेलर है, पिक्चर बाद में दिखाऊँगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश पासवान ने की व संचालन सपन बनर्जी ने किया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

मौके पर टाइगर फोर्स महामंत्री अवधेश पासवान, संजू महतो, सुनील चौधरी, प्रेम महतो, बेंगू ठाकुर, सपन बनर्जी, सूरज पासवान, उज्जवल मंडल, मिथुन महतो, प्रदीप गोराईं, संजीत महतो, अभिषेक तिवारी, सोनू मल्लिक, सूरज भूईंया, सुशील निषाद, सत्यवान महतो सहित सैंकड़ों टाइगर फोर्स कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीएसएल में विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल में एएसके इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चलाये जा रहे सुरक्षा कार्यक्रम श्कवचश के तहत बीएसएल में कार्यरत अधिकारियोंए कर्मियोंए ठेका कर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के लिए आयोजित किये गए पोस्टरए वाल आर्टए विडिओए तथा स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से एचआरडी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में ईडी;संकार्यद्ध बी के तिवारीए ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसादए विभिन्न विभागों के सीजीएम ए वरीय अधिकारी सहित पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। जीएम प्रभारी ;सुरक्षा एवं फायर सर्विसेजद्ध आनंद रौतेला ने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। श्री तिवारी एवं राजन प्रसाद ने सुरक्षा को अहम् बताते हुए प्रतियोगिता की अहमियत पर चर्चा की। पोस्टरए वॉल आर्टए विडिओए तथा स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को गिफ्ट कूपन देकर सम्मानित किया। संचालन जन संपर्क के एस भटनागर तथा धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबंधकएवं प्रशासनद्ध अभिषेक आदित्य ने किया।

## नागरिक संघर्ष मोर्चा ने 8 लेन में जंक्शन को लेकर दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शनिवार को नागरिक संघर्ष मोर्चा, भूली के द्वारा झारखंड मोड़ के पास 8 लेन सड़क में जंक्शन (कट) को लेकर धरना दिया गया। धरना में बैठे मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने बताया धरना का मुख्य उद्देश्य भूली झारखंड मोड में बन रहे 8 लेन सड़क में संशोधित करके जंक्शन की मांग है। भूली देश की सबसे बड़ी श्रमिक नगरी के घनी आबादी वाला क्षेत्र है यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनों का आना जाना लगा रहता है। इसी सड़क से धनबाद वासी तथा अन्य जिलों के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार का लाभ लेते हैं। व्यापारियों विद्यार्थियों एवं मरीजों को झारखंड मोड में जंक्शन नहीं होने की वजह से वहां पर स्थित अस्पतालों स्कूलों में शक्ति चौक के पास से जंक्शन से वापस घूम कर झारखंड मोड पहुंचने में चार दुनी दूरी का सामना करना पड़ता है।प्रवक्ता ने बताया इससे पूर्व विश्व बैंक के सर्वेक्षण टीम एवं धनबाद उपायुक्त के साथ औपचारिक मुलाकात में मोर्चा को आश्वासन दिया गया था।

## नगरी कला में धूमधाम से मना भोगता पर्व



खबर मन्त्र संवाददाता

**तेतुलमारी।** शनिवार को नगरी कला शिव मंदिर प्रांगण में भोक्ता पर्व का आयोजन धूमधाम से किया गया। पांच दिवसीय चडक पूजा को लेकर महिला तथा पुरुष भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। सैकड़ों भक्तों ने अपने पेट में और खाने में कील चुभोकर जमीन से लगभग 30 फीट ऊपर चकरी पर भोक्ता चक्कर लगाया। वही पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुखिया राजेंद्र प्रसाद महतो ने बताया कि या पर्व हम लोगों पूर्वजों द्वारा हजारों वर्ष पहले शुरू किया गया था। गांव में सुख शांति समृद्धि के लिए यह त्यौहार मनाया जाता है। इसमें शिव भगवान की आराधना की जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिशिर कुमार कुमार दुबे मुख्य पुजारी राजेंद्र प्रसाद महतो मुखिया शिबू रजक दिनेश रवानी काशीनाथ महतो देवान सोहन महतो निवास कुमार हरि महतो बबलू कुमार भोला प्रसाद महतो गणेश किशन तुरी जुगल महतो कालीचरण बाउरी प्रेम महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पांच दिवसीय चडक पूजा परना के साथ समापन हुआ।

### एक नजर में

## टपक सिंचाई और जैविक खेती का मिला प्रशिक्षण

**बोकारो/कसमार।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लाभान्वित किसानों का सिंहपुर एफपीओ कार्यालय में संस्था प्रदान द्वारा एक दिवसीय तकनीकी एवं जैविक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कसमार प्रखंड के हिसीमए मुरहुलसुदीए बगदाए खैराचातरए सिंहपुर एवं दुगार्पुर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत लाभान्वित टपक सूक्ष्म सिंचाई एवं जैविक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यत: कम पानी मे भी बेहतर फसल लगाकर अच्छे आमदनी करने का प्रशिक्षण दिया गया। टपक सिचाई के माध्यम से सके। कार्यक्रम में प्रशिक्षक वेद प्रकाशए चंद्रशेखर कुमार देव पॉलिमर कंपनी रांचीए उर्मिला देवीए विभा कुमारीए पुष्पा देवी, तारा देवी, झलकी देवी वार्ड सदस्य, रामबालक, लालू महतो, कुमार शुभम एवं दर्जनों लाभुक शामिल थे।

## लायंस क्लब ने रघुनाथपुर प्राथमिक विद्यालय में लगाया शुद्ध पेयजल परियोजना

**सिंदरी।** भीषण गर्मी से बच्चों को राहत देने के लिए बलियापुर बड़ादाहा के रघुनाथपुर प्राथमिक विद्यालय में लायंस क्लब सिंदरी व लायंस जिला 322 ए सर्विस फाउंडेशन द्वारा वित्त प्रदत्त शुद्ध पेयजल परियोजना का उद्घाटन शनिवार को किया गया। इसका उद्घाटन लायंस क्लब जिला 322 ए के सर्विस फाउंडेशन चेयरमैन पूर्व जिलापाल लायन राजेश गुप्ता पवन के निदेर्शानुसार पूर्व जिलापाल लायन आर पी सरिया व सर्विस फाउंडेशन के रिजनल कोर्डिनेटर लायन प्रशान्त पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रिजनल कोर्डिनेटर ने बताया कि इसका देखभाल व सुचारू संचालन की जिम्मेवारी भी संयुक्त रूप से लायंस क्लब सिंदरी व विद्यालय परिवार द्वारा आगामी वर्षों में किया जायेगा।

## डीपीएस चास में शिक्षक-अभिभावक पीटीएम



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस चास में कक्षा.नर्सरी से 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिए पीटीएम का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक और अभिभावक ने बच्चों के शैक्षणिक विकास से संबंधित रायशुमारी की। मौके पर चीफ मेंटर डॉण हेमलता एसण मोहन ने कहा कि माता.पिता और शिक्षकों के प्रोत्साहन बच्चों में निहित संभावनाओं को न केवल निखारते हैंए बल्कि जीवन में ऊंचाइयों को छूने के लिए पंख देते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक और शिक्षकों के बीच निरंतर बातचीत करने की आवश्यकता होती है। वर्तमान परिस्थिति में बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए माता.पिता और शिक्षकों की जिम्मेदारियां बढ़ गई हैंए इसलिए पीटीएम के माध्यम से तालमेल विकसित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि शिक्षक और माता.पिता मिलकर बच्चों में आत्मविश्वास को पैदाकर उनकी विशिष्टता को निखारते हैं। उन्होंने कहा कि कोई बच्चा उच्च शैक्षणिक उत्कृष्टता स्तर को तभी प्राप्त कर सकता है जब उसे परिवार और स्कूल का पूरा समर्थन मिले।

## प्राथमिक उपचार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

धनबाद। वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार के नेतृत्व में शनिवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के सहयोग से श्प्राथमिक उपचारश विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य किसी भी प्रकार की दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल पुलिस के स्तर से सीमित संसाधनों एवं कम समय में उपचार कर अस्पताल पहुंचाना है। जिससे घायलों की जान बचाई जा सके।

## समाजिक उत्थान में समिति निभा रही भागीदारी: पूर्णिमा नीरज सिंह



**झरिया।** झारखण्ड समाज कल्याण समिति के 20 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर झरिया अग्रवाल धर्मशाला के समीप सामाजिक दायित्व जन चेतना समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर झरिया सह सचेतक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह को उत्कृष्ट महिला विधायक सम्मान स्वरूप समिति का समृति चिन्ह समिति के अध्यक्ष उमाचरण रजवार के द्वारा प्रदान किया गया। तथा कोयलांचल के प्रख्यात लेखक एवं पत्रकार श्री जनक देव जनक को कोयलांचल उत्कृष्ट लेखक सम्मान समिति का समृती चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 6 महीने का महिला सिलाई, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण देने के बाद 24 महिलाओं को प्रमाण पत्र झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह के हाथों प्रदान किया गया।

## चिरकुंडा: डुमरकुंडा पुराना बस्ती में धर्मराज पूजा और मेला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत डुमरकुंडा पुराना बस्ती में तीन दिवसीय धर्मराज पूजा व मेला का धुमधाम से समापन हुआ। शनिवार को भक्तों ने मुक्तानाथ बाबा को गाजे बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में कंधा पर बैठाकर बराकर नदी स्नान करने के लिए ले गए व वापस धर्मराज मंदिर लाए।

लोहा के नाग पर भक्त एके राय बाबा मुक्तिनाथ को छाती में लिए हुए थे व मुख्य पुजारी डॉ नित्यान्द चक्रवर्ती लोगों पर कमल फुल से आशिर्वाद के रूप में जल छिड़क रहे थे।मन्नतें पूरी होने पर लोगों ने पाठा की बली दी,भक्तों ने मेला का भी काफी लुफ्त उठाया।धर्मराज मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। धर्मराज बाबा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।पूजा व मेला में लोग निरसा व चिरकुंडा क्षेत्र के अलावे प बंगाल के आसनसोल, पुर्लिया,रघुनाथपुर आदि क्षेतों से आकर पूजा में भाग लिए। सफल बनाने में डॉ नित्यानंद चक्रवर्ती, अजय पासवान, रंजीत पासवान, पतीत पावन देवघरिया, नव गोपाल देवघरिया, बिट्टू चक्रवर्ती, दयामय देवघरिया, मधुसुदन देवघरिया, विजय देवघरिया, धनंजय देवघरिया, रामप्रसाद देवघरिया, दामोदर चक्रवर्ती, गौरांग सुंदर चक्रवर्ती आदि थे।

## बेरमो: सिंह नगर में निकली कलश यात्रा

**हनुमान मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सिंहनगर स्थित श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को हुआ। पहले दिन जल कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा मंदिर प्रांगण से शिव मंदिर होते हुए देवनद दामोदर पहुंची। दामोदर तट पर मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने कलश भरा। इसके बाद शोभा यात्रा फुसरो बाजार व गोरांग कॉलोनी होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस दौरान सूर्य की तपिश भी श्रद्धालुओं के कदम को रोक नहीं पायी। भक्ति गीत.संगीत से सराबोर श्रद्धालु पुरे राह उल्लास रंग में दिखे। यजमान ओमप्रकाश चौधरी व धर्मपत्नी सालू देवी की अगुवाई में यात्रा संपन्न हुई। रविवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन होगा। बलिया के दया व्यास व टीम को इसके लिए मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया है। सोमवार को भंडारा व पूणार्हूति के साथ कार्यक्रम संपन्न होगी। मौके पर वरीय कांग्रेसी नेता गिरिजाशंकर पांडेय व प्रदीप सिंहए भाजपा नेत्री अर्चना सिंहए समाजसेवी सह भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंहए आभाष कुमारए देवतानंद दूबेए भरत वर्माए माणिक दिगारए प्रशांत सिंहए महेश सिंहए प्रमोद सिंहए गुड्डू सिंहए दयाशंकर चौधरीए राघवेंद्र प्रताप उर्फ तुफानीए रामकुमार सिंहए विजयए डब्लू सिंहए अशोक सिंहए तपन घोषए संजीत सिंहए राजकुमार आदि नगरवासी मौजूद थे।

### पेज तीन का शेष

### रजोरी जा कर रक्षा मंत्री ने ...

आतंकी के पास से एक एके 56, चार मैगजीन, एके 56 के राउंड, एक पिस्टल, तीन ग्रेनेड बरामद हुए हैं। मौके पर उत्तरी कमान प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी पहुंचे हुए है। वह पूरे ऑपरेशन की कमान संभाले हुए हैं। मुठभेड़ वाली जगह के आस पास से लोगों को खाली करा लिया गया है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। उधर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू में राजोरी मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी के पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव भेजे गये।

### हमारे साथ लुका-छिपी...

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मयूरभंज जिले के बारीपोडा में स्थिति महाराजा श्रीराम चंद्र भंजदेव विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित कर रही थीं। लाइट जाने की घटना उस वक्त हुई, जब राष्ट्रपति यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में मौजूद थीं। राष्ट्रपति से पहले राज्यपाल गणेशी लाल अपना भाषण खत्म कर चुके थे। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू के भाषण के दौरान करीब 9 मिनट तक बिजली गुल रही। लाइट जाने के बाद भी राष्ट्रपति मुर्मू ने अपना भाषण नहीं रोका। वह पोडियम में लगी लाइट की मदद से स्पीच पढ़ती रहीं। इस दौरान अंधेरे में अपनी कुर्सियों पर बैठे छात्र और अन्य लोग उनका संबोधन सुनते रहे। बताया जा रहा है कि शनिवार दोपहर 11:56 से 12:05 बजे के बीच बिजली गुल रही। **वीसी ने घटना को लेकर मांगी माफी :** बिजली गुल होने की घटना को लेकर विवि के वाइस चांसलर संतोष कुमार त्रिपाठी ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा, 'मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए खुद को दोषी मानता हूं। हम इसके लिए हम शर्मिंदा हैं। हम निश्चित रूप से घटना की जांच करेंगे।

### किंग चार्ल्स-3 बने...

महाराजा चार्ल्स तृतीय को सेंट एडवर्ड का ताज पहनाया गया। कहा गया है कि राज्याभिषेक समारोह में महाराजा के सेंट एडवर्ड का ताज पहनने की परंपरा रही है। इसे महाराजा चार्ल्स तृतीय की दिवंगत मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने जून 1953 में अपनी ताजपोशी के दौरान पहना था। महाराजा के दिवंगत दादा, महाराजा जॉर्ज षष्ठम ने मई 1937 में अपनी ताजपोशी के दौरान इसे पहना था। यह ताज सैकड़ों वर्ष पुराना और 1661 का है, जब इसे महाराजा चार्ल्स द्वितीय के लिए बनाया गया था। राज्याभिषेक के दौरान महाराजा शाही राजकीय मुकुट भी पहनेंगे। महारानी कैमिला को महारानी मेरी का ताज पहनाया गया, हालांकि इसमें कुछ बदलाव किये गये हैं। राज्याभिषेक की रस्म कैंटरबरी के आर्चबिशप जस्टिन वेल्बी द्वारा हिंदू, सिख, मुस्लिम, बौद्ध और यहूदी समुदायों के धर्मगुरुओं और प्रतिनिधियों द्वारा की गयी। राज्याभिषेक के बाद चार्ल्स और कैमिला 'गोल्ड स्टेट कोच' में बैठकर राजमहल लौट गये। **नये युग की शुरुआत :** ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने विशेष संदेश इसे 'एक नये युग की शुरुआत' बताया। सुनक ने वेस्टमिंस्टर एबे में आयोजित समारोह में सक्रिय भूमिका निभाते हुए राजकीय रस्मों में ब्रिटेन के पीएम द्वारा निभायी जाने वाली हालिया परंपरा का पालन किया। उन्होंने 'कुलस्सियों की बाइबिल' पुस्तक से संदेश पढ़ा। ब्रिटेन के ध्वज को 'रॉयल एयर फोर्स' के एक कैडेट द्वारा एबे ले जाने के दौरान सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने भी ध्वजवाहकों के एक दल का नेतृत्व किया। पीएम की पत्नी अक्षता मूर्ति, इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी हैं।

### राज्याभिषेक में...

वेस्टमिंस्टर स्कूल लगभग 500 साल पुराना है। यह ब्रिटेन की परंपरा का अभिन्न अंग है। यहां के बच्चे इस समारोह में राजा एवं रानी का अभिनंदन करने के लिए सन 1540 से आमंत्रित होते रहे हैं। इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि छात्राएं इस समारोह में भाग ले रही हैं। इरा के अनुसार यह बदलते समय और बदलती परंपरा का प्रतीक है। इरा ने समारोह में भाग लेते हुए कहा कि किंग्स स्कॉलर का इस राज्याभिषेक में हिस्सा लेना परंपरा का प्रतीक है, लेकिन लड़कियों का इस परंपरा में सम्मिलित होना बदलते समय और परंपरा के आधुनिकीकरण का सूचक है। इरा की इस उपलब्धि पर उसके दादा जी शशिधर दुबे, पिता समीर दुबे, माता ऋतु दुबे, बड़े पापा एसपी दुबे और सारा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# महारुद्र यज्ञ को लेकर निकली कलश शोभायात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शनिवार को फुलवार, कतरास में आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री महारुद्र यज्ञ जल यात्रा का आयोजन यज्ञाचार्य श्री धनंजय पांडेय के नेतृत्व में किया गया। जल यात्रा फुलवार यज्ञ मंडप से प्रारंभ हुआ जो गोपालपुर, श्यामडीह मोड़, टंडा, मिश्रा टोला, कतरास उपर मोड़, भगत सिंह चौक, दुर्गा टॉकीज मोड़ होते हुए लिलोरी स्थान कतरी नदी के तट पर पहुंचा । तत्पश्चात कतरी नदी में विधि - विधान के साथ पूजा - अर्चना करने के बाद कलश में जल भरकर सभी भक्तगण पुनः यज्ञ स्थल फुलवार के लिए रवाना हुए। जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। जल यात्रा में बंगाल एवं झारखंड के भव्य झांकी के साथ हजारों की संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे - बच्चियां शामिल हुए। जल यात्रा में साथ चल रहे विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान जगह-जगह ठंडा पानी और शरबत की व्यवस्था ग्रामीणों ने की। गोपालपुर मंदिर सेवा समिति द्वारा भरत राउत के नेतृत्व में ठंडा पानी, शरबत और चॉकलेट की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान दीप नारायण सिंह ने कहा कि गांव में यज्ञ का आयोजन होने से वातावरण शुद्ध होता है और लोगों के अंदर धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। यज्ञ के आयोजन से लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

### कार्यक्रम में थे शामिल

मौके पर मुख्य यजमान तुलसी कुमार पाण्डेय ,यज्ञ समिति के अध्यक्ष संजय सिंह, यज्ञ समिति के सचिव संतोष सिंह, यज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष गणेश महतो, नंद गोपाल सिंह, मंटू सिंह, भवानी सिंह, रमेश रजक, रोहित गोप, रतन दास, उप मुखिया टिंकू सिंह, प्रदीप सिंह, रोहित सिंह, नंदलाल मुर्मू, तुलसी चौधरी, बैजनाथ सिंह, बसंत पांडे, विनोद गोप,दिलीप सिंह, विद्याधर राय, भागवत पांडे, अजय पांडे,चंद्रिका सिंह, विकास रवानी, वकील सिंह, जीतू रजवार, डंपी मंडल,जनार्दन सिंह, सरजू मंडल, संतोष साव, तारकेश्वर सिंह, रमेश रजवार,घनश्याम ठाकुर, गौतम पांडे, करण पांडे,उमेश ठाकुर, भागीरथ ठाकुर, विद्याधर राय,प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह, त्रिवेणी ठाकुर, कृष्णा केसरी, प्रदीप मोदी, नवीन कुमार नवीन आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### जोशी और बघेल कांग्रेस में शामिल

**भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हो गए। दतिया जिले के पूर्व विधायक राधेलाल बघेल ने भी इस अवसर पर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। राज्य के पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक दीपक जोशी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रवेश के समय अपने पिता कैलाश जोशी का चित्र हाथ में लिया हुआ था।

### सेना ने 'एएलएच' के उड़ान पर लगायी रोक

**नयी दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में गुरुवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद सेना ने उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के पूरे बेड़े का परिचालन रोक दिया है। सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में चार मई को हार्ड लैंडिंग के बाद एक एएलएच ध्रुव दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में एक तकनीशियन की मौत हो गई और दो पायलट घायल हो गए। सूत्रों ने कहा कि एहतियात के तौर पर एएलएच ध्रुव को परिचालन से अस्थायी रूप से रोक दिया है।

### जाली नोट की तस्करी के आरोप में दो अरेस्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने मुरादाबाद जिले से भारतीय जाली मुद्रा की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। एसटीएफ के अनुसार, एसटीएफ को मिली सूचना के आधार पर पीपलसाना चौराहा स्थित कस्बा भोजपुर में एक गोदाम में छापा मारकर 20 रुपये मूल्य की 6,000 (एक लाख बीस हजार रुपये) जाली मुद्रा बरामद की गई।

### सुकमा में दो आइइडी बरामद

**सुकमा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत शनिवार को थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प तोंडामरका से नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को क्षति पहुंचाने की नीयत से दो आईईडी लगाया गया था। जिसे सुरक्षाबलों द्वारा स्नक्सलियों के नापाक मनसुबे पर पानी फेर दिया।

### मणिपुर में नीट-यूजी की परीक्षा स्थगित

**नयी दिल्ली।** मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए सात मई को होने वाली मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी को स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह घोषणा की। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जिन उम्मीदवारों का परीक्षा केंद्र मणिपुर में है, उनके लिए नयी तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।

### कर्नाटक में 15.3 करोड़ कैश बरामद

**बेंगलुरु।** आयकर विभाग ने बेंगलुरु और मैसूर में कई जगहों पर छापेमारी कर 15 करोड़ रुपये नकदी और पांच करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण जब्त किये हैं। आयकर विभाग के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के लिए धन जुटाने वाले लोगों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई।

### जैसलमेर में पैंतीस करोड़ की हेरोइन जब्त

**जैसलमेर।** श्रीगंगानगर पुलिस और सीबी सीआईडी ने शनिवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए जैसलमेर जिले के झिनझिनयाली थाना क्षेत्र के मिडढाऊ गांव से ग्यारह पैकेट हेरोइन के बरामद किए हैं। जब्त की गई हेरोइन का बाजार मूल्य करीब पैंतीस करोड़ रुपये बताया जा रहा है। गश्रीगंगानगर पुलिस ने भूटा सिंह को गिरफ्तार किया था। जैसलमेर सीमा क्षेत्र में पहले भी भारी मात्रा में हेरोइन पकड़ी जा चुकी है।

# इंफाल घाटी में जनजीवन सामान्य, खुले दुकान

## जातीय हिंसा में अब तक 54 की मौत और 150 घायल

- 10000 सेना, अर्ध-सैन्य और केंद्रीय पुलिस बलों को किया गया है तैनात
- 13,000 लोगों को हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से निकाला



एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में हुई जातीय हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं गैर आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हिंसा में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं और 150 से अधिक घायल हुए हैं। इंफाल घाटी में शनिवार को जनजीवन सामान्य होता नजर आया क्योंकि दुकानें एवं बाजार फिर से खुले और सड़कों पर कार भी चलती दिखीं। अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रमुख क्षेत्रों और सड़कों पर सेना की अतिरिक्त टुकड़ियों और केंद्रीय पुलिस बल के जवानों की तैनाती के साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। शुक्रवार को जिन इलाकों में उग्रवादी समूहों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई थी, वहां सड़कों पर बेरीकेड लगाकर घेराबंदी कर दी गई है। राज्य से बाहर निकलने के प्रयास में इंफाल हवाई अड्डे पर छात्रों समेत बड़ी संख्या में लोग एकत्रित देखे गए।

इस बीच, असम राइफल्स की एक टुकड़ी को इंफाल में सभी नगा छात्रों को रविवार को वापस कोहिमा ले जाने के लिए चुनिंदा जगहों से एकत्रित करने का निर्देश दिया गया है। बुधवार रात भड़के दंगों के पीड़ितों के लिए स्थापित विभिन्न शरणार्थी शिविरों में रह रहे लोगों ने कहा कि कई गांवों में आग लगा दी गई है। राज्य में लगभग 10,000 सेना, अर्ध-सैन्य और केंद्रीय पुलिस बलों को तैनात किया गया है, जहां बहुसंख्यक मेइती समुदाय, अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के कदम के खिलाफ बुधवार को कुकी और नागा सहित आदिवासियों द्वारा प्रदर्शन किए जाने के बाद दंगा भड़क गया था। कुल आबादी में मेइती समुदाय करीब 53 प्रतिशत हैं और ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। आदिवासियों में नगा और कुकी शामिल हैं और आबादी में इनकी संख्या करीब 40 प्रतिशत है और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि आधिकारिक मृतक संख्या 54 हैं जिनमें से 16 शव चुराचांदपुर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखे गए हैं, जबकि 15 शव इंफाल पूर्वी जिले के जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान में रखे गए हैं।

अधिकारी ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल में क्षेत्रीय चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान ने 23 लोगों के मरने की सूचना दी है। इस बीच, चुराचांदपुर जिले में शुक्रवार रात दो अलग-अलग मुठभेड़ों में पांच उग्रवादी मारे गए और इंडिया रिजर्व बटालियन के दो जवान घायल हो गए। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि कुल 13,000 लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला गया और सुरक्षित आश्रयों में स्थानांतरित किया गया, कुछ को सेना के शिविरों में भेज दिया गया क्योंकि सेना ने चुराचांदपुर, मोरेह, काकचिंग और कांगपोकपी जिलों को अपने नियंत्रणमें ले लिया है। रक्षा अधिकारी ने शुक्रवार रात कहा कि पिछले 12 घंटे में, इंफाल पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आगजनी की छिटपुट घटनाएं और असामाजिक तत्वों द्वारा नाकेबंदी करने का प्रयास देखा गया। हालांकि, स्थिति को एक दृढ़ और समन्वित प्रतिक्रिया द्वारा नियंत्रित किया गया है। शव इंफाल पूर्व और पश्चिम, चुराचांदपुर और बिशेनपुर जैसे जिलों से लाए गए हैं। गोली लगने से घायल कई लोगों का इलाज रिम्स और जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान में भी चल रहा है। पीआरओ ने कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया के कारण हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न अल्पसंख्यक इलाकों से सभी समुदायों के नागरिकों को निकाला गया। नतीजतन, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, मोरेह और काकचिंग अब पूरी तरह से नियंत्रण में हैं और कल रात से किसी बड़ी हिंसा की सूचना नहीं है।

## चुराचांदपुर में मुठभेड़, चार उग्रवादी ढेर

चुराचांदपुर जिले के सैटन में सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें चार उग्रवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि टोरबंग में उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं, जिसके चलते सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया और आईआरबी के दो जवान घायल हो गए।

### बजरंग दल पर टिप्पणी मामले में खड़गे को विहिप ने भेजा नोटिस

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर अपनी पार्टी के कर्नाटक चुनाव घोषणापत्र में बजरंग दल के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें कानूनी नोटिस जारी किया है। साथ ही 100 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा है। विहिप की चंडीगढ़ इकाई और उसकी युवा शाखा बजरंग दल ने चार मई को नोटिस जारी कर 14 दिनों के भीतर हर्जाने की मांग की है। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी घोषणापत्र में कांग्रेस ने कहा कि वह जाति और धर्म के नाम पर समुदायों में नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों और संगठनों जैसे बजरंग दल और पीएफआइ के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। विहिप के वकील साहिल बंसल ने खरगे को भेजे नोटिस में आरोप लगाया, आपने घोषणापत्र के पृष्ठ-10 में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

# खालिस्तानी आतंकवादी पंजवार की लाहौर में हत्या

## मादक पदार्थ व हथियारों की तस्करी शामिल था परमजीत सिंह

एजेंसी

**लाहौर/चंडीगढ़।** वांछित आतंकवादी और खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ-पंजवार समूह) के प्रमुख परमजीत सिंह पंजवार की शनिवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी पुलिस ने दी। पंजवार (63) प्रतिबंधित खालिस्तान कमांडो फोर्स-पंजवार समूह का नेतृत्व कर रहा था और मादक पदार्थ एवं हथियारों की तस्करी और अन्य आतंकी गतिविधियों में शामिल था, जब उसे जुलाई 2020 में भारत द्वारा गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत एक आतंकवादी घोषित किया गया था।

पाकिस्तान की पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह लाहौर में तोखर नियाज बेग के पास सनफ्लावर हाउसिंग सोसाइटी, नवाब टाउन के पार्क में अपने गार्ड के साथ टहल रहा था, जहां वह रहता था। उन्होंने बताया कि उसी दौरान दो हमलावरों ने उस पर गोलियां चलाईं और एक मोटरसाइकिल से फरार हो गए।

- जुलाई 2020 में भारत ने घोषित किया था आतंकी



पंजवार और उसके सुरक्षा गार्ड को अस्पताल ले जाया गया जहां पंजवार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके गार्ड की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा कि बंदूकधारियों ने पंजवार के सिर में गोली मारी। आईएसआई, मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) और काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट सहित पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने इलाके की घेराबंदी करके जांच शुरू कर दी है। मीडिया को अपराध स्थल पर जाने की अनुमति नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है। भारत के पंजाब में तरनतारन जिले का रहने वाला पंजवार मादक पदार्थ और हथियारों की तस्करी में शामिल था और जुलाई 2020 में उसे गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक आतंकवादी घोषित किया गया था। वह 1986 में केसीएफ में शामिल हुआ था। बाद में वह संगठन का प्रमुख बन गया और पाकिस्तान चला गया।

### पाकिस्तान के युवाओं को दे रहा था प्रशिक्षण

केसीएफ को यूएपीए के तहत एक आतंकवादी संगठन के तौर पर सूचीबद्ध किया गया था। हालांकि पंजवार पिछले कुछ वर्षों से निष्क्रिय था लेकिन वह लाहौर से संचालन कर रहा था और पाकिस्तान में युवाओं के लिए हथियार प्रशिक्षण की व्यवस्था करने में शामिल था। वह भारत में वीआईपी और आर्थिक प्रतिष्ठानों को लक्षित करने के लिए हथियार एवं गोला-बारूद की आपूर्ति और बाद में घुसपैठ में लिप्त हुआ था।

### मुख्तार के अंसारी सबसे करीबी जुगनू पंजाब से गिरफ्तार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की एसटीएफ ने माफिया मुख्तार अंसारी के सबसे करीबी जुगनू वालिया उर्फ हरविंदर को पंजाब से गिरफ्तार किया है। उस पर लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र स्थित चंदनगर इलाके में एक रेस्टोरेंट मालिक रोमी की हत्या का आरोप है। जुगनू वालिया उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय से जारी माफियाओं की सूची में सूचीबद्ध और उस पर इनाम भी रखा गया है। उसके खिलाफ आलमबाग, मानकनगर, हजरतगंज सहित कई थानों में 20 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने साल 2020 और 2022 में उसकी ढाई करोड़ से अधिक की सम्पत्ति कुर्क की थी। होटल मालिक रोमी की हत्या भी उसका हाथ है, इसका खुलासा पुलिस ने उसके साथी नीशू, लवीश जोगिंदर, दिलाशाद गोल्डी और नीतेश को गिरफ्तारी के बाद किया था। पुलिस के अधिकारी ने नाम न छपने की शर्त पर बताया कि यूपी पुलिस जब मुख्तार के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी। तब वालिया ने इसका विरोध करते हुए मुख्तार को अपना गुरु और लोगों का भगवान बताया था। उन्होंने यह भी बताया कि दस जनवरी 2019 को मानकनगर के कपड़ा व्यापारी अनम प्रीत की हत्या का भी आरोप जुगनू पर लगा था।

# कांग्रेस का 85 प्रतिशत कमीशन का ट्रैक रिकॉर्ड

एजेंसी

**बादामी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस का 85 प्रतिशत कमीशन का ट्रैक रिकॉर्ड है और वह कभी भी जनता के हित में काम नहीं कर सकती। श्री मोदी ने कहा कि जिस पार्टी का 85 प्रतिशत कमीशन का ट्रैक रिकॉर्ड हो , वह कभी भी जनता के हित में काम नहीं कर सकती है। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था कि अगर दिल्ली से 100 पैसे भेजे जाते हैं, तो लोगों तक केवल 15 पैसे पहुंचते हैं।

आप कल्पना कर सकते हैं कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री के कार्यालय यह बात कही कि 85 प्रतिशत राशि को कोई बीच में लूट लेता है। उन्होंने कहा भाइयों और बहनों, यह कांग्रेस कैसा क्या पंजा है जो एक रुपये में से 85 पैसे खा जाता है?

कांग्रेस के इन कुकृत्यों के कारण हमारा देश इतने दशकों तक पिछड़ा रहा। जिन बीमारियों को कांग्रेस ने अपने वर्षों के शासन में मजबूत किया था अब भाजपा उन्हीं बीमारियों का स्थायी इलाज दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरा कर्नाटक कांग्रेस की इस राजनीति से नाराज है, जिसने तुष्टीकरण, तालाबंदी और चुनावी मुद्दों को गालियां देने की अपनी पुरानी आदत को नहीं छोड़ने का फैसला किया है।



उन्होंने कहा कि वोट बैंक का तुष्टीकरण, भाजपा की कल्याणकारी नीतियों पर तालाबंदी, ओबीसी और लिंगायत समुदाय को गाली देना.. पूरा कर्नाटक कांग्रेस की इस राजनीति से नाराज है।

बेंगलुरु शहर के लोगों से आज उनके रोड शो को मिले जबरदस्त समर्थन से उत्साहित श्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक के पूरे लोग भाजपा के लिए यह चुनाव लड़ रहे हैं और देख रहे हैं कि डबल इंजन सरकार सत्ता में वापस आ रही है।

- राजीव गांधी ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था, दिल्ली से 100 पैसे भेजे जाते हैं, तो लोगों तक केवल 15 पैसे पहुंचते हैं : प्रधानमंत्री
- 50 साल पहले किया गया गरीबी हटाओ का वादा इतिहास का सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा, जो अभी जारी

उन्होंने कहा कि मैंने आज बेंगलुरु में जो देखा..मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि न तो हमारे नेता और ना ही उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, बल्कि कर्नाटक के लोग भाजपा के लिए यह चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस की गारंटी के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस पार्टी द्वारा 50 साल पहले किया गया गरीबी हटाओ का वादा इतिहास का सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा है, जो अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में सभी समुदायों के लोग चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस की गालियों और झूठ से आक्रोशित हैं और वे इसका जवाब 10 मई को मतदान के दौरान देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से झूठे वादे करने की अभ्यस्त रही है।

# शराब घोटाले में रायपुर के महापौर के भाई गिरफ्तार

एजेंसी

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में शनिवार को रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एजाज ढेबर (47) कांग्रेस शासित राज्य में सत्ताधारी पार्टी के महापौर हैं। सूत्रों ने कहा कि एजाज के बड़े भाई अनवर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत रायपुर के एक होटल से सुबह हिरासत में लिया गया। अनवर शराब का कारोबार करते हैं। सूत्रों ने कहा कि धन शोधन का मामला आयकर विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ और कुछ अन्य राज्यों में कथित कर चोरी और शराब के कारोबार में अनियमितताओं के संबंध में पूर्व में दाखिल आरोप पत्र के आधार पर दर्ज किया गया।

- ढेबर को पीएमएलए के तहत इडी ने होटल से पकड़ा



### एयर इंडिया फ्लाइट में महिला यात्री को बिच्छू ने मारा डंक

**नयी दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयलाइंस कंपनी एयर इंडिया (एआई) की पिछले महीने नागपुर से मुंबई जा रही फ्लाइट में एक महिला यात्री को बिच्छू ने डंक मार दिया। हालांकि, एक पखवाड़ा पूर्व हुई यह घटना जिस महिला यात्री के साथ हुई, वो अब बिल्कुल स्वस्थ हैं। यह जानकारी एयर इंडिया ने शनिवार को जारी एक बयान में दी है। एयरलाइन ने बताया कि उड़ान संख्या एआई-630 पर 23 अप्रैल को एक महिला यात्री को बिच्छू के डंक मारने की अत्यंत दुर्लभ और दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हुई थी। हवाईअड्डे पर उतरने के बाद डॉक्टर ने यात्री का चेकअप किया और बाद में अस्पताल में इलाज के बाद पीड़ित महिला यात्री को छुट्टी दी गई।

# बाइडेन ने भारतवंशी टंडन को घरेलू नीति सलाहकार बनाया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक नीरा टंडन को अपनी घरेलू नीति सलाहकार के रूप में नामित किया जो घरेलू नीति एजेंडा के निर्माण एवं क्रियान्वयन में उनकी सहायता करेंगी। बाइडन ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि नीरा टंडन आर्थिक गतिशीलता और नस्लीय समानता से लेकर स्वास्थ्य देखभाल, अप्रवासन और शिक्षा जैसी मेरी घरेलू नीति के निर्माण और कार्यान्वयन को जारी रखेंगी। टंडन बाइडन की अभी तक घेरलू नीति सलाहकार रहीं सूसन राइस की जगह लेंगी। बाइडन ने कहा कि टंडन एशियाई मूल की पहली अमेरिकी होंगी जो व्हाइट हाउस के इतिहास में उसके तीन अहम नीति परिषदों में से एक का नेतृत्व करेंगी। टंडन ने बराक ओबामा और बिल क्लिंटन दोनों के प्रशासन में काम किया है। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रपति अभियान में हाथ बंटाने के अलावा कई थिंक टैंक के लिए सेवा दी है। वह ह्यसेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस एवं सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस एक्शन फंड की अध्यक्ष एवं सीईओ (कार्यकारी अध्यक्ष) भी रही थीं।

- नीरा टंडन ने ओबामा व क्लिंटन के प्रशासन में भी किया था काम






# वेलकम 3 में काम करेंगी नंदिनी गुप्ता

**मुंबई।** मिस इंडिया 2023 नंदिनी गुप्ता वेलकम 3' में काम करती नजर आ सकती हैं। अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ स्टार सुपरहिट फिल्म वेलकम का तीसरे पार्ट बनाया जा रहा है। चर्चा है कि वेलकम के तीसरे पार्ट वेलकम 3 में मिस इंडिया 2023 नंदिनी गुप्ता की एंट्री हो गई है। वह फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। 'वेलकम सीरीज एक बड़ी फ्रेंचाइजी है और इसके तीसरे पार्ट में मेकर्स के पास नंदिनी गुप्ता के लिए एक खास किरदार है। नंदिनी 'वेलकम 3' की लीड हीरोइनों में से एक होंगी। नंदिनी की टीम के साथ शुरूआती बातचीत शुरू हो चुकी है। 'वेलकम 3' पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा क्योंकि फिल्म का कास्टिंग प्रोसेस और प्री-प्रोडक्शन पहले ही शुरू हो चुका है।



### आदिपुरुष का ट्रेलर नौ को होगा रिलीज

दक्षिण भारतीय स्टार प्रभास की आने वाली फिल्म आदिपुरुष का ट्रेलर 09 मई को रिलीज होगा। ओम राउत के निर्देशन में बन रही फिल्म आदिपुरूष में प्रभास ने प्रभु श्री राम, कृति सैनन ने माता सीता और सैफ अली खान ने रावण का किरदार निभाया है।प्रभास ने बताया कि आदिपुरूष का ट्रेलर न केवल भारत में बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, मध्य पूर्व, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया, हांगकांग, कोंग, फिलीपींस, म्यांमार, श्रीलंका, जापान, अफ्रीका, ब्रिटेन, रूस और मिस्र ने लॉन्च किया जाएगा।

### मध्य प्रदेश में फिल्म द केरला स्टोरी टैक्स फ्री

भोपाल। सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित हिंदी फीचर फिल्म द केरला स्टोरी को मध्य प्रदेश में इसकी प्रदर्शन अवधि 6 मई से 5 जून 2023 तक के लिए टैक्स फ्री कर दिया गया है। इस संबंध में शनिवार को वाणिज्यिक कर विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। फिल्म के कथानक एवं अन्य विशेष समाजोपयोगी गुणों के दृष्टिगत इसे कर मुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, फिल्म के प्रदर्शन के लिए संबंधित सिनेमाघरों/मल्टीप्लेक्स द्वारा फिल्म के टिकट, एसजीएसटी की धनराशि को घटाकर दर्शकों को विक्रय किए जाएंगे।



# वैशाली में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में वैशाली जिले के वैशाली-पातेपुर थाना क्षेत्र स्थित चिकनौटा गांव में ट्रक-कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर मुख्य मार्ग पर यह हादसा हुआ। ट्रक और कार की टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई है। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस फिलहाल आगे की कार्रवाई में जुटे हैं।

बली गांव थाने की पुलिस और महुआ एसडीपीओ आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराने में लगे हैं। सभी की डेड बॉडी को पातेपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी)



में रखा गया है। मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी गई है। पांच मृतकों में अभी तक दो की ही पहचान हो पाई है।

उनमें से एक रोहित कुमार (25) है, जो समस्तीपुर के चकनूर गांव का रहने वाला है। दूसरा कमलेश कुमार मुजफ्फरपुर के कांटी थाना इलाके का रहने वाला है। हादसे के वक्त रोहित गाड़ी चला रहा था। बाकियों की पहचान की जा रही है। पुलिस के मुताबिक ट्रक पातेपुर की तरफ से मुजफ्फरपुर जा रहा था।

फिलहाल घटनास्थल से गाड़ियों को हटा दिया गया है। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बिहार की बूढ़ी गंडक में डूबे सभी पांच युवकों के शव मिले, गांव में कोहराम



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान शुक्रवार को डूबे सभी पांच युवकों के शव शनिवार को निकाल लिए गए। विष्णुपुर आहोक के जिस घर में बेटी की डोली उठने की तैयारी हो रही थी, वहां से एक साथ पांच बेटों के अर्थी उठाने की तैयारी की जा रही है। शुक्रवार को दो युवकों स्थानीय निवासी अभिषेक कुमार एवं कुलदीप कुमार के शव मिले जबकि शनिवार को मुंगेर निवासी उत्कर्ष कुमार, मधेपुरा निवासी आकाश कुमार उर्फ ऋषभ कुमार एवं मुंगेर शास्त्रीनगर निवासी प्रिंस कुमार के शव एसडीआरएफ की टीम ने काफी कोशिश के बाद घटनास्थल से थोड़ी दूर पर निकाल लिया। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार की रात विष्णुपुर आहोक निवासी दिनेश सिंह की पुत्री की शादी खगड़िया में होनी थी। शादी को लेकर परिवार और रिश्तेदार शादी की तैयारी में व्यस्त थे। इसी बीच दिनेश सिंह का भतीजा चचेरे भाई, एक फुफेरा भाई एवं दो मौसेरे भाईयों सहित नौ लड़कों के साथ एक वाहन से आहोक पुल के समीप बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने चला गया। स्नान करने वाले युवाओं को नदी की गहराई का पता नहीं था और जोश में सभी नदी के बीच में चले गए। गहरी खाई में आने से एक युवक डूबने लगा तो उसको बचाने के चक्कर में छह युवक डूब गए। इस दौरान एक युवक किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा। उसके शोर करने पर नदी किनारे पशु चरा रहे कीर्तिटोल आहोक घाट निवासी अनिरुद्ध यादव ने लाठी का सहारा देकर एक युवक को डूबने से बचा लिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों एवं ग्रामीणों की भीड़ लग गई। प्रशासन और जनप्रतिनिधि भी पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों ने शुक्रवार से ही उनकी तलाश शुरू कर दी थी। फिलहाल, परिवार से जुड़े पांच युवकों की एक साथ हुई मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। शव की बरामदगी खगड़िया जिले की सीमा से होने के कारण सभी युवकों का शव पोस्टमार्टम के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# दुमका में प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला

## अधिकारी ने कहा पुलिस की जरा चूक से कुख्यात गैंगेस्टर प्रिंस खान विदेश भागने में हुआ सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** धनबाद का कुख्यात गैंगेस्टर प्रिंस खान पुलिस की जरा सी चूक की वजह से फर्जी पासपोर्ट के जरिए विदेश भाग गया। अगर पुलिस ने सही तरीके से पासपोर्ट का सत्यापन कर लिया होता तो शायद वह विदेश नहीं जा पाता। उक्त बातें कन्वेंशन सेंटर में पासपोर्ट पुलिस सत्यापन प्रक्रिया पर आधारित प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, रांची की अधिकारी मनिता कुमारी ने शनिवार को कही। कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए मनिता ने कहा कि कोई भी पैन, आधार कार्ड हो या कोई अन्य पहचान पत्र बनाने के लिए पुलिस से पूछने की आवश्यकता नहीं होती है। पासपोर्ट ही एक ऐसा पहचान पत्र है। जिसमें पुलिस की भूमिका काफी अहम होती है। पुलिस के सत्यापन के आधार पर पासपोर्ट बनता है।

थोड़ी सी लापरवाही से अगर कोई व्यक्ति देश छोड़कर बाहर चला जाए, तो इसके दो कारण हो सकते हैं। उस व्यक्ति पर कोई वारंट हो या उसकी छवि आपराधिक हो या बाहर जाकर देश के खिलाफ काम करने की संभावना हो। ऐसे लोगों को देश से बाहर जाने का कोई अधिकार ही नहीं बनता है। इसलिए पुलिस का सत्यापन काफी महत्वपूर्ण है। धनबाद के गैंगस्टर प्रिंस खान का हवाला देते हुए अधिकरी मनिता ने कहा कि आज




अधिकारी को सम्मानित करते डीआईजी



उपस्थित पुलिस पदाधिकारी व अन्य

प्रिंस आसानी से देश छोड़कर चला गया। वर्ष 2021 में उसका पासपोर्ट जारी हुआ था।

मार्च 2023 में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को एक पत्र मिला। जिसमें पूछा गया कि पुलिस की विपरीत रिपोर्ट के बावजूद प्रिंस खान का पासपोर्ट कैसे निर्गत हो गया। पत्र मिलने के बाद सारी प्रक्रिया की जब जांच की गई तो पुलिस की लापरवाही सामने आई। पासपोर्ट के फार्म के एक कालम में पुलिस ने लिख दिया कि आवेदक अपने पते पर नहीं पाया गया। इस आधार पर आवेदक का पासपोर्ट के लिए दिया आवेदन खारिज नहीं किया जा सकता। निरस्त करने के दो ही आधार हैं या तो उसकी नागरिकता भारतीय नहीं हो और दूसरी कि उसका आपराधिक इतिहास हो। अधिकारी ने कहा कि प्रिंस खान गैंगस्टर है इससे सभी वाकिफ हैं। उसके वास्तविक नाम को पुलिस भले ही ना जाने लेकिन उसकी तस्वीर को जरूर पहचानती होगी। प्रक्रिया के तहत पासपोर्ट के लिए आवेदक को कार्यालय आना होता है और वहां उसकी तस्वीर खींची जाती है। कम से कम तस्वीर देखकर भी पुलिस को यह लिखना चाहिए कि इसका आपराधिक इतिहास है। पुलिस की थोड़ी सी लापरवाही से प्रिंस खान जैसा कुख्यात गैंगस्टर का पासपोर्ट जारी हो गया। दुमका ही नहीं संथाल परगना प्रमंडल इस मामले में काफी संवेदनशील है।

इस क्षेत्र में बांग्लादेशी नागरिक के रहने की बातें समय-समय सुनने को आती रही है। इसलिए नागरिकता के कालम की पुलिस गहनता से जांच करें। विदेश मंत्रालय का प्रयास है कि कम से कम समय में पासपोर्ट आवेदक को पहुंचाया जाए। इसलिए पुलिस अपना कार्य ईमानदारी से करें तो बेहतर होगा। डीआईजी सुदर्शन मंडल ने सभी पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि पासपोर्ट का सत्यापन पूरी गहनता से करना है। हर कालम को देखकर नहीं, बल्कि जांच करने के बाद भरना है। कार्यशाला में पासपोर्ट कार्यालय के सुधीर कुमार, जगनारायण प्रसाद, दीपेंद्र कुमार, उमाशंकर दुबे सभी छह जिला के एसपी, पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### महत्वपूर्ण योजनाओं में जन भागीदारी सुनिश्चित करें: सांसद

**किशनगंज।** जिला विकास समन्वय समिति के अध्यक्ष सह सांसद डॉ मो. जावेद आजाद ने शनिवार को बैठक की। बैठक में सभी महत्वपूर्ण योजनाओं में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सांसद ने कहा कि दिशा विकास योजनाओं के कार्यान्वयन की एक महत्वपूर्ण माध्यम है। तंत्र को जनोपयोगी एवं प्रभावी बनाने में इस बैठक की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे प्रशासन व जन प्रतिनिधियों में समन्वय स्थापित करने में सहायता प्राप्त होती है एवं विकास की प्रक्रिया को अपेक्षित गति मिलती है। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय विकास में उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है। हम सबको मिल जुलकर समस्याओं का निदान करना चाहिए। दिशा के मार्गदर्शन से हमसब में एक नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार होता है। इससे जिले के विकास को नया आयाम मिलता है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि दिशा की बैठक नियमित रूप से तीन माह में होती है, जो केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा का बेहतर मंच है। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। हम सभी समाज के हर व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। समेकित प्रयास से सुगमता से लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बैठक में उठाए जाने वाले मुद्दों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, जनप्रतिनिधियों के लोक कल्याणकारी सुझाव को आत्मसात करते हुए उसे क्रियान्वित किया जाएगा।

### एसकेएमयू के एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रभातफेरी निकाल चलाया जागरूकता अभियान

**दुमका।** सिदो कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना पीजी इकाई 1 का सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन शनिवार को स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण को प्रभात फेरी निकाली गई। स्वयंसेवकों का नेतृत्व कार्यक्रम पदाधिकारी हिन्दी शिक्षक डॉ अजय शुक्ल ने किया। पांच वर्गो में बंटे स्वयंसेवकों ने सदर प्रखंड के कड़हरबील के हरिजन टोला में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी रैली निकाल कर स्वयंसेवकों लोगों को सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाएं को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण का नारा बुलंद कर लगाकर पेड़- पौधे लगाने के लिए संदेश लोगों में घर घर जाकर दिया। इस अवसर पर डा आमिर हसन ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया। स्वयंसेवकों में दीपक राय, बिनोद किस्कू, रवि हांसदा, लाल बिहारी हेम्ब्रम, अशोक पंडित, सुजीत कुमार, स्नेहा कुमारी, चांदनी कुमारी, रूमी साहा, दीपू हांसदा, सुमनलता टुडू, मेरीवीणा हांसदा, मोनिका टुडू, सुनीता मुर्मू, बेली प्रवीना सोरेन, रेणुका मरांडी, रवीना मरांडी, प्रियंका टुडू, शिवशंकर मुर्मू, अनिल हांसदा, उत्तम हांसदा, ललिता कुमारी, साइमन सोरेन, रीना सबरीना मरांडी, प्रमिता कुमारी मुर्मू, बालिका किस्कू, निभा हांसदा, रीना बबलीना मरांडी, संजय कुमार पाल, नेहा कुमारी, करमेला सोरेन आदि मौजूद थे।

### एसकेएमयू संताली स्पोकेन कोर्स का उद्घाटन डीसी करेंगे 8 मई को

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के संताल अकादमी में प्रारंभ होने वाली संताली स्पोकेन कोर्स का उद्घाटन डीसी रविशंकर शुक्ला करेंगे। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 8 मई को मिनी कांफ्रेंस हॉल में डीसी द्वारा कोर्स का उद्घाटन किया जायेगा। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज करेंगी। उद्घाटन के बाद संताली स्पोकेन कोर्स का वर्ग संचालन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत होगी। वर्ग संचालन दिग्घी कैंपस मुख्यालय के संताली विभाग में सप्ताह में तीन दिन होगी। वर्ग संचालन साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार को होगी।

### हरी झंडी दिखा प्रधान जज ने चलंत लोक अदालत वाहन को किया रवाना

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को जस्टिस ऑन व्हील के तहत चलंत लोक अदालत वाहन का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर न्याय सदन से रवाना किया। चलंत लोक अदालत वाहन पूरे माह जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं सुदूर गांवो में पहुंच कर लोगों को सीधा लाभान्वित करने का प्रयास करेगी। लोगों को विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से मुफ्त कानूनी सेवा की जानकारी देगी। इसके अलावे सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उसका लाभ उठाने लोगों को लेकर जागरूक करेंगी। चलंत वाहन में न्यायधीश के अलावा संबंधित क्षेत्र के पीलवी मौजूद रहेंगे। जिससे आम लोगों को समस्या को दूर करने का प्रयास किया जायेगा। उदघाटन कार्यक्रम में प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत, न्यायाधीश सहित डालसा कर्मी और पीलवी उपस्थित थे।

### चलंत लोक अदालत पहुंचा शिकारीपाड़ा के बरमसिया गांव



लाभार्थी को योजना का लाभ दिलाते कर्मी

**दुमका।** न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चलन्त लोक अदालत वाहन लोगों को जागरूक करने के लिए पहले दिन शिकारिपाड़ा प्रखंड के बरमसिया पंचायत पहुंची। जहां मुखिया सोनल मानसिंह बास्की की अध्यता में लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंकित कुमार सिंह के द्वारा कार्यक्रम की शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी श्री सिंह ने डालसा द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता कानून से संबंधित हक और अधिकार सहित लोक अदालत के विशेषताओं एवं नालसा के विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। इसके अलावे मानव तस्करी, यौन शोषण और वाणिज्यिक, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण समेत उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार के सरकारी योजनाओं से वंचित हो तो वैसे व्यक्ति आवेदन दें सकते है। जिसका लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारीयों को आवेदन भेजा जायेगा। पीड़ित को कानून के प्रति जागरूक कर कानूनी प्रावधानों के द्वारा उनके हक और अधिकार दिलाने के दिशा में त्वरित न्याय के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आवेदन करेंगे। ऐसे कई बिंदुओं पर विभिन्न पंचायतों एवं गांव से आए हुए लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को अधिक जानकारी के लिए लोगों के बीच पंपलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आगनबाड़ी सेविका, सहायिका ने बच्चों को दीं जाने वाली पोषाहार का स्टॉल लगायी। इसके अलावे पशु एवं गव्य विकास, मेडिकल विभाग शिकारिपाड़ा, आपूर्ति विभाग आदि विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाकर लोगों को मिलने वाली लाभो की जानकारी दीं गई। इस मौके पर न्यायलय कर्मियों ने दो महिलाओ को गोद भराई, दो बच्चों का अन्नप्राशन और पांच किशोरियों के बीच किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलाया। मौके पर एलईओ तेरेसा मुर्मू, पंचायत सचिव छाया नमिता हेम्ब्रम, बीपीओ नजीर हेम्ब्रम, रोजगार सेवक मशकुर खान, सेविका अर्चना देवी, न्यायालयकर्मी नीरज कुमार, पीएलवी सुशीला हेम्ब्रम, बबलू मुर्मू मौजूद थे।

## विधायक सुखराम उरांव, पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्र के दंदासाई वार्ड संख्या- 5 में स्थित हरि मंदिर में आयोजित हरि संकीर्तन में शनिवार को विधायक सुखराम उरांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भगवान राधाकृष्ण की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। साथ ही कुछ समय तक बैठकर हरि संकीर्तन का आनंद लिया। इस मौके पर कमेटी के सदस्य कमल कृष्ण दास, दुखु रवानी, राजेश शुक्ला, गोल्डी सिंह, अरुण साव, कबीर पांडेय, नकुल रवानी, गोनू जयसवाल, मधु रवानी, सुधीर पाल, मनोज रवानी, रवि पांडेय, भरत सिंह, प्रमेन्द्र चौहान, गौतम पाल के साथ कमेटी के सदस्य एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

# सुभाष यादव पर जबरन जमीन रजिस्ट्री कराने का आरोप

## पत्नी-बेटे समेत सात पर एफआइआर दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** पूर्व राज्यसभा सांसद व लालू प्रसाद यादव के साले सुभाष यादव की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बिहटा थाने में उनके खिलाफ दबंगई से जमीन रजिस्ट्री कराने का मामला दर्ज किया गया है। सुभाष यादव, उनकी पत्नी, बेटा सहित सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित ने मुख्यमंत्री से जनता दरबार में न्याय की गुहार लगाई थी।

इसके अलावा पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह से मिलकर पीड़ित ने आवेदन दिया था। डीएम ने एसएसपी से बात की। एसएसपी के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बिहटा थाने में दर्ज



प्राथमिकी में सुभाष यादव, उनकी पत्नी सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ जमीन और 60 लाख रुपये लेने का आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार मामला 27 फरवरी 2021 का है। पीड़ित नेउरा थाना भीम वर्मा, पिता सुरेश वर्मा ने प्राथमिकी में बताया कि मैंने गांव के ही अरूण कुमार से तीन महीने के लिए जमीन का एग्रीमेंट किया था पर अरूण सिंह ने जमीन के पैसे नहीं दिए और एग्रीमेन्ट पेपर भी नहीं दिया। इसके बाद पूर्व राज्य सभा सांसद सुभाष प्रसाद यादव की पत्नी रेणु दवी को 96 लाख में जमीन रजिस्ट्री कर दिया। भीम वर्मा ने आरोप लगाया कि जमीन रजिस्ट्री कराने से पहले सुभाष यादव को बताया गया था कि जमीन को लेकर पहले से अरूण कुमार से एग्रीमेन्ट है, तो सुभाष प्रसाद यादव बोलें कि फिर भी जमीन हम ले लेंगे। अगले दिन सुभाष कुमार ने मुझे मेरी मां और भाई के साथ अपने घर बुलाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सुभाष यादव ने मां और भाई को बंधक बनाकर मुझसे साठ लाख पचास हजार मंगवाए। जब मैंने लिखित में मांगा तो उन्होंने गोली मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं उन्होंने धमकाया कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो तुम्हारी हत्या करवा देंगे।

## जगदानंद सिंह और पप्पू यादव के खिलाफ मुजफ्फरपुर में परिवाद दर्ज

**पटना।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह और जाप सुप्रीमो पप्पू यादव के खिलाफ मुजफ्फरपुर में परिवाद दर्ज किया गया है। यह परिवाद दोनों पर बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने को लेकर किया गया है। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सह अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने यह परिवाद मुजफ्फरपुर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में इन दोनों नेताओं के खिलाफ दर्ज किया है। परिवाद में कहा है कि सनातन धर्म के प्रचारक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा के देश में करोड़ों अनुयायी हैं। उनके खिलाफ दोनों नेताओं ने अपमानजनक टिप्पणी एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है।

# मणिपुर में बिहारियों की सुरक्षा को लेकर नीतीश सरकार अलर्ट

## लोगों को सुरक्षित वापस लाने के निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मणिपुर हिंसा को लेकर चिंता जताई है। सीएम वहां रहने वाले बिहारियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। इसको लेकर उन्होंने मुख्य सचिव आमिर सुबहानी को निर्देश दिया कि वे मणिपुर में रह रहे बिहारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव आमिर सुबहानी को यह निर्देश दिया कि मणिपुर में रह रहे बिहार के लोगों की समुचित सुरक्षा के लिए वह मणिपुर के मुख्य सचिव से बात करें। उनकी समुचित सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर में रह रहे बिहार के ऐसे लोग जो वापस बिहार आना चाहते हैं। उन्हें वापस लौटने में मुख्य सचिव सुविधा उपलब्ध कराएं। जिससे वे सुरक्षित बिहार वापस आ सकें। बता दें कि मणिपुर के कई जिलों में हिंसा हुई। जनजातीय समूहों द्वारा रैली निकालने के बाद हिंसा की आग भड़क गई। राज्य के आठ जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सेना के जवान तैनात किए गए हैं। वहां के हालात अब कंट्रोल में हैं। पांच दिन के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। वहीं, राज्य में लगातार बढ़ रही हिंसा को देखते हुए, मोबाइल डेटा के बाद मणिपुर में ब्रॉडबैंड सेवाएं भी निलंबित कर दी गई हैं। रिलायंस जियो फाइबर, एयरटेल एक्सट्रीम, बीएसएनएल सभी ब्रॉडबैंड और डेटा सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। मणिपुर में आदिवासियों के आंदोलन के दौरान भड़की हिंसा के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मणिपुर की सरकार ने सख्त कदम उठाया है। राज्य सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाको में उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया है। इधर, मणिपुर में बिगड़े हालात को देखकर लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया। सेना के प्रवक्ता के अनुसार अब तक हिंसाग्रस्त चूड़चंदपुर में करीब 5,000 लोगों को सुरक्षित गृहों में पहुंचाया गया। वहीं 2,000 लोगों को इंफाल घाटी और 2,000 अन्य लोगों को तेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में निकाला गया है।

## मुख्यमंत्री से मिलकर महापौर ने दी योजना में गड़बड़ी की जानकारी

**बेगूसराय।** महापौर पिंकी देवी में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर नगर निगम के विकास पर चर्चा किया है। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जल्द राशि उपलब्ध कराने का आग्रह तथा बुडको एवं नल जल के द्वारा किए गए कार्य की शिकायत किया है। महापौर पिंकी देवी ने बताया कि पिछले तीन दिनों के पटना प्रवास के दौरान विकास के लिए ही संकल्पित रही। पूरे बिहार के नगर निगम के महापौर एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण पटना के होटल लेमन ट्री में आहूत था। प्रशिक्षण के दौरान प्रधान सचिव से मिलकर बेगूसराय की समस्या के संबंध में बताया। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद न्याय के साथ विकास की यात्रा के जनक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। उन्हें बुडको के मनमानी एवं नल जल में व्याप्त



गड़बड़ी से अवगत कराया। उन्होंने आश्वस्त कराया कि बेगूसराय के विकास के लिए मुख्यमंत्री स्तर से जो भी कदम उठाने पड़ेंगे वह उठाऊंगा। पूर्व महापौर संजय कुमार ने बताया कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री संजय झा, विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ तथा विधान परिषद सदस्य एवं मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार से भी मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई है।

## पति की हत्या कर थाने में की सरेंडर

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर टोकलो थाना अंतर्गत हतनाबेड़ा गांव में एक महिला ने पति की धारदार हथियार से हत्या कर दी। यही नहीं हत्या के आरोपित महिला ने थाने पहुंचकर सरेंडर भी कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हतनाबेड़ा गांव के 42 वर्षीय बुधराम सामड का सीमा होनहागा के साथ विवाह हुआ था। विवाह के बाद से दोनों में अक्सर विवाद होने लगा। शुक्रवार की रात भी किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। जिसके जिसके बाद पत्नी सीमा होनहागा ने धारदार हथियार से पति की हत्या कर दी। यह घटना शुक्रवार देर रात 12 बजे की है। दोनों में विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने धारदार हथियार से पति बुधराम सामाड के सिर व गर्दन में हमला कर हत्या कर दी। फिर शनिवार की सुबह पत्नी ने टोकलो थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। टोकलो थाना प्रभारी विल्सन गुड़िया ने बताया कि मामले में आरोपित महिला को हिरासत में ले लिया गया है। इसके साथ ही पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।